# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com जबलपुर, मंगलवार 23 जनवरी 2024




मंदिर के ऊपर पुष्प वर्षा करता हेलीकॉप्टर








## श्री रामचंद्रम शरणंप्रद्यये

### आए मोरे रामलला : श्री रामलला की दिव्य प्रतिमा की अभिजीत मुहूर्त में मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा, इस दौरान मंदिर पर हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा की गई

# पायो जी हमने... 'राम' रतन धन पायो...



### प्रधानमंत्री ने कहा

राम भारत की प्रतिष्ठा और शान
यह राम के रूप में राष्ट्रीय चेतना का मंदिर
राम भारत की आस्था हैं
राम भारत की नींव हैं
राम भारत का विचार हैं
राम भारत का कानून हैं
राम भारत की प्रतिष्ठा हैं
राम भारत की शान हैं
राम नेती हैं
राम ही नीति हैं
राम शाश्वत हैं

1 करीब 8 हजार विशिष्ट लोगों, जिनमें 150 ऋषि परंपरा के साधु-संत भी शामिल थे, की साक्षी में समारोह

2 पीएम मोदी ने 'साष्टांग दंडवत' होकर रामलला का लिया आशीर्वाद, महंत नृत्य गोपाल दास के छुए पैर



### उमा भारती और साध्वी ऋतंभरा हुईं भावुक, आंखों से निकले आंसू

प्राण प्रतिष्ठा समारोह में सिर्फ पांच विशिष्ट जन ही उपस्थित थे। इनमें पीएम मोदी, संघ प्रमुख डॉ. मोहन भागवत, यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और रामजन्मभूमि ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्यगोपाल दास शामिल थे।

### रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के उपरांत स्वामी गोविंद देव गिरी महाराज के हाथों से चरणामृत ग्रहण कर पीएम नरेंद्र मोदी ने 11 दिन का कठोर उपवास पूरा किया

### आज से आम जनता के लिए खुल जाएगा मंदिर

**सुबह 7 बजे से साढ़े 11:30 बजे तक**

**दोपहर 2 बजे से शाम 7 बजे तक**

श्रृंगार आरती का समय सुबह 6:30 बजे का होगा। इस आरती में शामिल होने के लिए एक दिन पहले बुकिंग करवानी होगी। इसी तरह संध्या आरती का समय शाम 7 बजे का रखा गया है। इसकी बुकिंग दर्शन के दिन ही की जा सकती है।

### गोविंद देव गिरी ने कहा- पीएम 'राजर्षि'

गोविंददेव गिरी महाराज ने कहा कि पीएम मोदी ने रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के लिए अपने को सिद्ध करने के लिए पूरी नियमावली का पालन किया। इसके साथ ही उन्होंने पीएम मोदी को राजर्षि की उपाधि दी। हमने 3 दिन के लिए भू-शयन और अन्न त्याग को कहा था। पर उन्होंने 11 दिन का पालन किया।

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

500 साल बाद शुभ घड़ी आ गई। पूरे विधि-विधान से भगवान श्री रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा हो गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को रामलला के मंदिर में गर्भगृह में पूजा कर रामलला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा की। शुभ मुहूर्त में प्रतिष्ठा संपन्न होने के करीब आधे घंटे तक पीएम मोदी रामलला के गर्भगृह में रहे और पूजन अर्चन किया।

उन्होंने रामलला के नए विग्रह को कमल के फूल चढ़ाए और आरती उतारी। इसी के साथ उन्होंने चरणामृत पीकर अपने 11 दिन का कठोर व्रत तोड़ा। इस दौरान पीएम पारंपरिक पोशाक पहने हुए थे। वे रामलला के वस्त्र व उनका छत्र हाथ में लेकर पांच मंडपों को पैदल पार कर गर्भगृह में पहुंचे। वहां शुभ मुहूर्त में श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की गई।

### भगवान राम से क्षमा मांगते हुए पीएम ने कहा


## पुरुषार्थ, त्याग और तपस्या में कुछ तो कमी रही होगी

## क्योंकि 500 साल प्रभु राम लौटे

मोदी ने कहा कि वह आज भगवान श्रीराम से क्षमा मांगते हैं। हमारे पुरुषार्थ, त्याग और तपस्या में कुछ तो कमी रही होगी जो हम इतनी सदियों तक मंदिर बनाने का ये काम नहीं कर पाए। आज वो कमी पूरी हो गई है। मुझे विश्वास है कि प्रभु श्रीराम आज हमें अवश्य क्षमा करेंगे। पहले 14 वर्ष बाद ही प्रभुराम लौट आए थे। इस कालखंड में वे 500 साल बाद लौटे। पीएम मोदी ने कहा कि आज जो 500 सालों बाद रामभक्तों को राम मंदिर मिला है। ये काल के चक्र पर अमिट रेखाएं हैं। माता जानकी, भरत, लक्ष्मण सबको प्रणाम करते हैं। उन्होंने कहा कि वह गर्भगृह में साक्षी बनकर आपके सामने खड़े हैं। अब हमारे रामलला टेंट में नहीं रहेंगे। रामलला अब दिव्य मंदिर में रहेंगे। ये क्षण उनके लिए आलौकिक है। ये क्षण पवित्र है। प्रभु राम का हम सबपर आशीर्वाद है।

अपने संबोधन में पीएम मोदी तीन बार भावुक हुए, उनका गला रुंध गया। पहली बार जब उन्होंने कहा कि अब हमारे रामलला टेंट में नहीं रहेंगे। दूसरी बार जब उन्होंने भगवान राम से क्षमा याचना की। तीसरी बार जब उन्होंने माता शबरी का जिक्र किया।



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने प्रतिभावान 19 बच्चों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार-2024 पुरस्कार से नवाजा। ये वे बच्चे हैं जिन्होंने बिलकुल हटकर काम किया है। अपनी प्रतिभा की दम पर किसी ने बेहद उपयोगी गैजेट तैयार किए हैं तो किसी ने बहुत कम उम्र में किताबे लिख डालीं।

### किसी ने कम उम्र में किताबें लिखीं तो किसी ने बना डाले गैजेट

# विलक्षण प्रतिभा के धनी 19 बच्चों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार-2024

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2024 इस बार 19 बच्चों को दिया गया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू विज्ञान भवन में इन बच्चों को सम्मानित किया। 18 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से 9 लड़के और 10 लड़कियों को इस पुरस्कार के लिए चयनित किया गया था।

वहीं, मंगलवार यानी 23 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पुरस्कार पाने वाले इन सभी से बातचीत करेंगे। बता दें कि प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार सरकार की एक पहल है। इसका उद्देश्य 5 से 18 साल की उम्र के बच्चों की असाधारण उपलब्धियों को पहचानना तथा उन्हें पुरस्कृत करना है।

1. पुरस्कृत बच्चों से आज संवाद करेंगे पीएम मोदी
2. 18 राज्यों के बच्चे हुए हैं पुरस्कृत
3. पुरस्कार पाने वालों में 9 लड़के 10 लड़कियां हैं



**पुरस्कृत बच्चे**

इन पुरस्कार विजेताओं में आदित्य विजय ब्रम्हणे (मरणोपरांत), अनुष्का पाठक, अरिजीत बनर्जी, अरमान उबरानी, हेतवी कांतिभाई खिमसुरिया, इश्फाक हामिद, मोहम्मद हुसैन, पेंड्याला लक्ष्मी प्रिया, सुहानी चौहान, आर्यन सिंह, अवनीश तिवारी, गरिमा, ज्योत्सना अख्तर, संयम मजूमदार, आदित्य यादव, चार्वी ए, जेसिका नेई सरिंग, लिन्थोई चनंबम और आर सूर्य प्रसाद शामिल हैं।

**6 कैटेगरी में हुआ चयन**

- 7 आर्ट एंड कल्चर
- 1 वीरता
- 1 साइंस एंड टेक्नोलॉजी
- 4 सोशल सर्विस
- 5 स्पोर्ट्स
- 1 इनोवेशन

### छोटी उम्र में लिखीं तीन किताबें



मैथ्स के गूगल बॉय 6 वर्षीय छत्तीसगढ़ बिलासपुर के रहने वाले अरमान उबरानी राष्ट्रपति के हाथों सम्मानित हुए हैं। नन्हा अरमान गणित के सवालों को मिनटों में हल करता है। इसी वजह से अरमान का नाम हार्वर्ड वर्ल्ड व इंडिया बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में दर्ज है। अरमान ने छोटी सी उम्र में तीन किताबें लिखने का भी रिकॉर्ड बनाया है। उन्हें बच्चों के लिए भारत का सर्वोच्च नागरिक सम्मान प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

### कोटा के आर्यन ने बनाया रोबोट



राजस्थान कोटा के आर्यन सिंह ने बताया कि रोबोट बनाने के लिए फिलहाल 50000 रुपए का खर्च आया है। नीति आयोग के निर्देशन में इसकी टेस्टिंग की जा रही है। यह पूर्णतया सुरक्षित एवं किसानों के लिए मददगार साबित होगा। इसमें अन्य सुरक्षा उपकरण टेक्नोलॉजी आदि के विस्तार के लिए साइंटिस्ट जो भी सुझाव देंगे, उनको अपना कर किसानों को जल्द उपलब्ध करवाने की सरकार की योजना है।

---

## खबर संक्षेप

### अयोध्या के लिए सस्ती हो जाएगी फ्लाइट टिकट



**नई दिल्ली।** अयोध्या में रामलला के दर्शन के लिए जाने वालों के लिए दस दिन बाद एयर टिकट सस्ती हो जाएगी।10 दिन बुकिंग कराते हैं तो मौजूदा कीमत से महज एक तिहाई यानी 70 फीसदी कम कीमत में एयर टिकट मिल जाएगी। साथ ही, अयोध्या पहुंचने के बाद आपको न ही एयरपोर्ट पर जद्दोजहद करनी पड़ेगी और ना ही भगवान राम के दर्शन में कोई विलंब होगा। मतलब 3 फरवरी से अयोध्या जाने के लिए 3522 से 4408 रुपए के बीच एयर टिकट उपलब्ध रहेगी।

### बकार्डी रमः दुनिया की सबसे लोकप्रिय शराब



**मुंबई।** बकार्डी को 'रम का राजा' कहा जाता है क्योंकि यह दुनिया में सबसे अधिक बिकने वाली रम है। आज यह दुनिया के सबसे बड़े और सबसे प्रतिष्ठित रम ब्रांडों में से एक है। बकार्डी के संस्थापक डॉन फैनको बकार्डी एक स्पेनिश यहूदी थे, जिन्होंने रम उत्पादन की एक तकनीक विकसित की थी। इस तकनीक के बाद बकार्डी रम ने जल्द ही विश्व स्तर पर लोकप्रियता हासिल कर ली। अब इसकी बिक्री 200 से अधिक देशों में की जाती है।

---

### बंगाल की सीएम ने कालीघाट मंदिर में पहले पूजा-अर्चना की

# ताकि वोट बैंक बना रहे...ममता बेनर्जी ने कोलकाता में सर्वधर्म सद्भाव रैली की

*पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी ने सोमवार को दोपहर में, कोलकाता में अपनी सर्वधर्म रैली शुरू करने से पहले कालीघाट मंदिर में पूजा-अर्चना की। इस दौरान सीएम ममता बेनर्जी ने मस्जिदों, गिरिजाघरों, गुरुद्वारे सहित विभिन्न धर्मों का प्रतिनिधित्व करने वाले विभिन्न पूजा स्थलों का दौरा किया।*

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के दिन सोमवार को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी ने कोलकाता में सर्वधर्म सद्भाव रैली की शुरुआत की। विभिन्न धर्मगुरुओं और पार्टी नेताओं के साथ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की प्रमुख बेनर्जी ने यहां हाजरा मोड़ से 'संगति मार्च' शुरू किया। सफेद और नीली बॉर्डर वाली सूती साड़ी पहने और गले में शॉल लपेटे बेनर्जी को सड़क के दोनों ओर खड़े लोगों का हाथ जोड़कर अभिवादन करते देखा गया।

मुख्यमंत्री ने शहर के कालीघाट मंदिर में पूजा अर्चना के बाद रैली शुरू की। इससे पहले बेनर्जी ने राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा का चुनावी तरीका बताकर आलोचना की थी। मुख्यमंत्री हाजरा मोड़ से रैली का नेतृत्व कर रही हैं। इस दौरान वह मस्जिदों, गिरिजाघरों, गुरुद्वारे सहित विभिन्न धर्मों का प्रतिनिधित्व करने वाले विभिन्न पूजा स्थलों का दौरा किया। रैली का समापन पार्क सर्कस मैदान में एक विशाल सभा के साथ किया।

» **अलग-अलग धर्मगुरुओं को रैली में किया शामिल**

» **भाजपा ने टीएमसी पर लगाया गुमराह करने का आरोप**



**नीले बॉर्डर वाली सफेद साड़ी में दिखीं ममता**

*पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी ने सोमवार को दोपहर में, कोलकाता में अपनी सर्वधर्म रैली शुरू करने से पहले कालीघाट मंदिर में पूजा-अर्चना की। नीले बॉर्डर वाली सफेद साड़ी पहने ममता बेनर्जी को कालीघाट मंदिर में पूजा अर्चना करते देखा गया। पूजा के बाद, बेनर्जी हाजरा मोड़ से पार्क सर्कस मैदान तक एक सर्वधर्म सद्भाव रैली का नेतृत्व कर रही हैं।*

### भाजपा ने टीएमसी पर लगाए गंभीरआरोप

भारतीय जनता पार्टी की पश्चिम बंगाल इकाई ने सोमवार को आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस सरकार लोगों को अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन के अवसर पर राज्य के विभिन्न हिस्सों में जश्न समारोहों में भाग लेने से रोकने की कोशिश कर रही है। भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और सांसद दिलीप घोष ने कहा कि टीएमसी की संप्रीति (सौहार्द) रैली' लोगों को गुमराह करने की कोशिश है। घोष ने खड़गपुर में एक मंदिर में पूजा-अर्चना कर दिन की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि देश में राम मंदिर के उद्घाटन का जश्न मनाए जाने पर पश्चिम बंगाल में टीएमसी सरकार सर्व-धर्म रैली आयोजित कर लोगों को ऐसे जश्न समारोहों में भाग लेने से रोकने की कोशिश कर रही है। उनकी इन टिप्पणियों का टीएमसी ने जोरदार खंडन करते हुए कहा कि उसकी 'सर्व-धर्म' रैली का राम मंदिर उद्घाटन से कुछ लेना-देना नहीं है।

---

### सीजेआई चंद्रचूड़ कोर्ट में रहे मौजूद

# राम मंदिर का न्योता मिला पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई करते दिखे सीजेआई

◆ सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में नहीं था अवकाश



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ को भी अयोध्या में राम मंदिर में बाल राम की प्राण प्रतिष्ठा के लिए निमंत्रण भेजा गया था।

चीफ जस्टिस अयोध्या पर शीर्ष अदालत की फैसला सुनाने वाली बेंच का हिस्सा रहे थे। अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा का भव्य कार्यक्रम चल रहा था। इधर, चीफ जस्टिस चंद्रचूड़ अपने काम में लगे हुए थे। दरअसल, सोमवार को अदालत में छुट्टी नहीं थी और चीफ जस्टिस मामले की सुनवाई कर रहे थे।

**सुनवाई के लिए बैठे दिखे**

सुबह 10 बजे जब कोर्ट खुला तो चीफ जस्टिस चंद्रचूड़ एक मामले की सुनवाई के लिए बैठे दिखे। केंद्र सरकार ने सोमवार को आधे दिन की छुट्टी की घोषणा कर रखी थी। इसके अलावा कई राज्यों में भी राम मंदिर के उद्घाटन के अवसर पर छुट्टी थी। लेकिन सुप्रीम कोर्ट में अवकाश नहीं था। चीफ जस्टिस चंद्रचूड़ समेत अन्य जज मामलों की सुनवाई में व्यस्त दिखे।

**राम मंदिर के पक्ष में फैसला सुनाया था**

सुप्रीम कोर्ट ने 2019 में राम मंदिर के पक्ष में फैसला सुनाया था। फैसला देने वाली पांच जजों की संविधान पीठ में उस समय के चीफ जस्टिस रंजन गोगोई, जस्टिस एस.ए बोबड़े, जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस अशोक भूषण और जस्टिस अब्दुल नजीर शामिल थे। राम मंदिर ट्रस्ट की तरफ से इन सभी जजों को प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होने का निमंत्रण मिला था।

---

# मुंबई में रैली के दौरान दो समूहों के बीच हुई झड़प, 6 लोगों को हिरासत में लिया

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अयोध्या में भगवान रामलला के नवनिर्मित मंदिर में, उनके बाल स्वरूप के विग्रह के प्राण प्रतिष्ठा समोराह से पहले, मुंबई के बाहरी इलाके में एक वाहन रैली के दौरान रविवार रात को दो समुदायों के सदस्यों के बीच झड़प हो गई। इस मामले में छह लोगों को हिरासत में लिया गया।

पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। मीरा भायंदर पुलिस थाना क्षेत्र के तहत आने वाले इलाके में रविवार रात करीब साढ़े 10 बजे तनाव व्याप्त हो गया जब तीन कारों और कई मोटरसाइकिल पर 10 से 12 लोगों का एक समूह नया नगर से रैली निकाल रहा था। रैली के दौरान यह समूह सोमवार को अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के मद्देनजर भगवान राम की प्रशंसा में नारे लगा रहा था।



**इसलिए हुई झड़प?**

एक अधिकारी ने बताया कि नारे लगाते हुए कुछ लोगों ने कथित तौर पर पटाखे जलाए जिसके बाद स्थानीय लोगों का एक समूह लाठी-डंडे लेकर बाहर निकल आया। उनकी रैली में शामिल लोगों से बहस हुई और उन्होंने उनके वाहनों पर हमला कर दिया। उन्होंने बताया कि वाहनों में सवार लोगों से मारपीट भी की गई। पुलिस ने फौरन बीच बचाव किया और हमलावरों को खदेड़ दिया। अधिकारी ने बताया कि इलाके में भारी पुलिस बल तैनात किया गया है।

---

### अयोध्या में मस्जिद बनने में लगेगा समय

# मस्जिद की डिजाइन को लेकर नहीं बन पा रही है सहमति

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

रामलला अपने भव्य मंदिर में विराजमान हो गए हैं। वहीं दूसरा पक्ष जो मस्जिद की डिमांड करता था, उसकी मस्जिद भी अयोध्या में आने वाले दिनों में देखने को मिलेगी। यह मस्जिद अयोध्या में श्री राम मंदिर से 25 किलोमीटर दूर धन्नीपुर गांव में बनाई जा रही है। साल 2019 में सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के बाद मस्जिद का 2020 में शिलान्यास भी हुआ था लेकिन किन कारणों से अभी निर्माण शुरू नहीं हो पाया है।



**बदलाव के आए सुझाव**

मस्जिद के नक्शा पास होने के बाद मस्जिद का प्रमुख मुंबई के अरफात शेख को बनाया। अराफात निर्माण के लिए फंड रेजिंग पर काम करने लगे तो कई जगह से मस्जिद के स्ट्रक्चर के रिडिजाईनिंग का सुझाव आया। कुछ लोगों ने मौजूदा स्ट्रक्चर को बदलने का सुझाव दिया और कई तरह के तर्क दिए।

---

### भारत जोड़ो न्याय यात्रा असम पहुंची

# राहुल का आरोपः मंदिर जाने से रोका, फिर धरने पर बैठे

एजेंसी ▶▶ गुवाहाटी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा असम तक पहुंच गई है। ऐसे में राहुल गांधी बोर्दोवा थान पर गए तो उन्हें बाहर ही रोका गया। क्योंकि वहां कि प्रबंधन समिति का कहना है कि राहुल गांधी अपराह्न तीन बजे के बाद ही वहां जाए न कि अयोध्या राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दौरान जाए.इस बीच राहुल धरना पर बैठ गए हैं। जानकारी के अनुसार कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि अधिकारियों द्वारा उन्हें असम के नगांव में श्री श्री शंकर देव सत्र मंदिर में जाने की अनुमति नहीं दी जा रही है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने एक सुरक्षा अधिकारी से कहा 'क्या मामला है भाई? क्या मैं जाकर बैरिकेड्स देख सकता हूं? मैंने ऐसी क्या गलती की है कि मुझे मंदिर के अंदर जाने की अनुमति नहीं दी गई?राहुल ने मंदिर में जाने से रोके जाने पर नाराजगी जाहिर करते हुए प्राधिकारियों से पूछा कि 'कौन तय करेंगे कि मंदिर में कौन जाएगा।



**स्मृति ने राहुल पर कसा तंज**

केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने राहुल गांधी पर तंज कसते हुए कहा है कि जब बरसात आती है तो छोटे-छोटे मेंढक निकल आते हैं। उसी तरह अब चुनाव आ रहा है तो लोग आयेंगे और जायेंगे। स्मृति ने कहा कि बरसात जाते ही यह मेंढक गायब हो जाते हैं। उन्होंने राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव आ रहा है तो यह लोग आए हैं और उसके बाद चले जाएंगे।

---

### 26 जनवरी पर खास होगी यूपी की झांकी

# अब कर्तव्य पथ पर दिखेगी अयोध्या के मंदिर की झलक

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

हर साल की तरह देश के सभी राज्य गणतंत्र दिवस पर अपनी झांकी पेश करेंगे। इस बार उत्तर प्रदेश की झांकी 'विकसित भारत समृद्ध विरासत' की थीम पर आधारित है। इसमें प्रदेश के विभिन्न विरासत की झलक दिखाई जाएगी।

झांकी की ट्रेलर पर इस बार प्रारंभ में अयोध्या में बने प्रभु श्रीराम मंदिर और उसके ऊपर विराजे बालक भगवान राम की प्रतिमा होगी। इसमें राज्य के विरासत के साथ-साथ विकास की झलक दिखेगी।



**माघ मेले की दिखेगी झलक**

प्रदेश की झांकी में सबसे आगे होगी राम मंदिर में भगवान रामलला की मूर्ति होगी। उसके ठीक पीछे ट्रेलर पर कलश के प्रतीक के साथ दो साधुओं को दिखाया गया है। झांकी की ट्रेलर पर दिखाये गए साधुओं की झलक प्रयागराज में होने वाले माघ मेले एवं 2025 में होने वाले महाकुंभ के प्रतीक हैं।

---

### अब अर्बन नक्सल पर कसेगी नकेल, केंद्रीय गृहमंत्री ने समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

# अमित शाह ने एजेंसियों को दे दिया तीन साल का 'टारगेट'

*देश को विकसित होना है तो तेज प्रगति करनी होगी। इसके लिए देश के दुश्मनों को नेस्तनाबूद करना ही होगा। केंद्र सरकार ने इसकी जरूरत समझते हुए लॉ एन्फोर्समेंट एजेंसियों को निर्देश दिया है कि वो अर्बन नक्सल्स पर नकेल कसें। गृहमंत्री अमित शाह ने नक्सलवाद के सफाए के लिए तीन वर्ष का टारगेट दिया है।*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश के दुश्मन सिर्फ आतंकी, जिहादी और बंदूकधारी नक्सली ही नहीं हैं बल्कि इसे अंदर से खोखला करने का सपना देखने वाले अर्बन नक्सल सबसे बड़ा खतरा हैं। सरकार, पुलिस और सेना आतंकियों, नक्सलियों से तो निपट लेती है, लेकिन 'बुद्धिजीवी' की खाल में छिपे अर्बन नक्सल देश विरोधियों की नई फौज तैयार कर लेते हैं।

इसलिए देश में शांति और प्रगति की नींव मजबूत करनी है तो अर्बन नक्सलों की जमात का समूल विनाश करना ही होगा। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इसी मकसद से कानून लागू करने वाली एजेंसियों से कहा है कि वो 'शहरी नक्सलियों' के नाभि नाल पर चोट करें जो उनको देश के दुश्मनों से होने वाली फंडिंग है।

- बंदूकधारी नक्सलियों समर्थन करने वालों पर नकेल
- शाह ने अर्बन नक्सल की फंडिंग रोकने के दिए निर्देश
- तीन वर्ष में नक्सवलाद का नामों निशान नहीं रहना चाहिए



**सरकार बदलने से बदला माहौल**

छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार के गठन के बाद पहली बार वामपंथी उग्रवाद की स्थिति की उच्च-स्तरीय समीक्षा बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता करते हुए शाह ने देश से नक्सलवाद को तीन साल के भीतर खत्म करने की व्यापक योजना का प्रस्ताव रखा। बैठक में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साई और दोनों उपमुख्यमंत्री, राज्य के डीजीपी, सीआरपीएफ के डीजी, खुफिया ब्यूरो के निदेशक के साथ-साथ केंद्र और राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

**समयबद्ध कार्य योजना तैयार**

समयबद्ध कार्य योजना में वामपंथी उग्रवाद के प्रभाव वाले इलाको को और कम करना शामिल है, जिसके लिए जवाबी कार्रवाई करने वाले बलों को 'मुक्त' माओवादी क्षेत्रों में और गहराई तक भेजा जाएगा। एक बार इन क्षेत्रों को माओवादियों के कब्जे से मुक्त करने के बाद सिक्यॉरिटी फोर्स वहां शिविर स्थापित करेंगे।

**वामपंथी उग्रवाद के खात्मे का अभियान**

शाह ने रविवार को छत्तीसगढ़ पुलिस और अन्य कानून प्रवर्तन एजेंसियों को निर्देश दिया कि वो वामपंथी उग्रवाद के समर्थकों 'अर्बन नक्सल' की पहचान करके उनकी फंडिंग की गहन छानबीन करें। वामपंथी उग्रवाद के इकोसिस्टम पर अंतिम प्रहार करने और माओवादी फंडिंग को रोकने की रणनीति के तौर पर शाह ने यह कड़ा संदेश दिया है। जानकारी के मुताबिक बैठक में इस बात पर सहमति थी कि छत्तीसगढ़ में अब भाजपा सरकार होने से विभिन्न नक्सल विरोधी एजेंसियों के बीच समन्वय बेहतर होगा और समयबद्ध योजना को इस खतरे को जड़ से उखाड़ फेंकने के लिए तेजी से और बिना किसी बाधा के जमीन पर उतारा जा सकता है।

जबलपुर
मंगलवार, 23 जनवरी 2024
- पौस मास शुक्ल पक्ष- 13
- वर्ष : 18, अंक : 261
- पृष्ठ : 2+12=14, मूल्य : 3.00 रुपये

मौसम
अधि. 25
न्यून.09

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com




सुभाषचंद्र बोस जयंती
आज








## पीएम ने दी नसीहतें : विपक्ष से कहा कि वे आज उन लोगों से आह्वान करेंगे कि महसूस कीजिए और अपनी सोच पर पुनर्विचार कीजिए

पीएम ने कहा कि राम विवाद नहीं, राम समाधान हैं। राम सिर्फ हमारे नहीं, सबके हैं। राम वर्तमान नहीं, अनंत काल हैं। ये मंदिर महज देव मंदिर नहीं, भारत की दृष्टि-दर्शन का मंदिर है।

# विपक्ष के यह कहने पर कि राम मंदिर बना तो 'आग' लग जाएगी... मोदी ने कहा-राम आग नहीं, ऊर्जा हैं

- *इस मंदिर का निर्माण भारतीय समाज के शांति, धैर्य, आपसी सद्भाव और समन्वय का भी प्रतीक*
- *हमें संकल्प लेना है कि हम राष्ट्र निर्माण के लिए अपने जीवन का पल-पल लगा देंगे।*

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

पीएम नरेंद्र मोदी ने अयोध्या से देश को संबोधित करते हुए कहा कि कहा कि कुछ लोग कहते थे कि राम मंदिर बनेगा तो आग लग जाएगी। मोदी ने कहा कि राम आग नहीं, ऊर्जा हैं। राम विवाद नहीं, राम समाधान हैं। राम सिर्फ हमारे नहीं, सबके हैं। राम वर्तमान नहीं, अनंत काल हैं। ये मंदिर महज देव मंदिर नहीं, भारत की दृष्टि-दर्शन का मंदिर है।राम भारत का विचार-विधान है। ऐसे लोग भारत के सामाजिक भाव की पवित्रता नहीं जान पाए। उनका पक्का विश्वास और अपार श्रद्धा है कि जो घटित हुआ है, इसकी अनुभूति देश के, विश्व के कोने-कोने में रामभक्तों को हो रही होगी। ये क्षण आलौकिक है, ये पल पवित्रतम है। मोदी ने कहा कि वे आज उन लोगों से आह्वान करेंगे कि महसूस कीजिए और अपनी सोच पर पुनर्विचार कीजिए।

संघ प्रमुख डॉ. भागवत की अपील

### अब हमें आपसी कलह को मिटाकर आगे बढ़ना होगा



संघ प्रमुख डॉ. मोहन भागवत ने कहा कि अब दोबारा राम जी अपने घर वापस आए हैं। अब हमें आपसी कलह को मिटाकर आगे बढ़ना होगा। अयोध्या में कोई कलह नहीं है। छोटे-छोटे विवादों को पीछे छोड़ना पड़ेगा। हमें अपने को संयम में रखना होगा।

### कुछ लोगों के यह कहने पर कि मैं तो छोटा हूं, मैं क्या कर सकता हूं?

### पीएम ने कहा- ऐसे लोग रामकथा में गिलहरी के योगदान को देखें

पीएम ने कहा कि हमें अपने अंतःकरण को विस्तार देना होगा। हर भारतीय में भक्ति, सेवा और समर्पण के भाव भारत का आधार बनेगा। यही तो है राम से राष्ट्रीय चेतना का विस्तार। आज देश में निराशा की कोई जगह नहीं है। मैं छोटा हूं, अगर ये कोई सोचता है तो उसे गिलहरी को याद कर लेना चाहिए। छोटे प्रयासों में बड़ी सफलता छिपी होती है। रावण ज्ञानी था, बलवान था, लेकिन जटायु उससे भिड़ गए थे। जटायु को पता था कि वो जीत नहीं पाएंगे, लेकिन फिर भी वह रावण से भिड़ गए थे।



संघ प्रमुख डॉ. भगवत ने कहा

### *पीएम पहले से ही तपस्वी, अब हम सब चार शपथ लें*

*संघ प्रमुख डॉ. मोहन भागवत ने कहा कि पीएम मोदी पहले से ही तपस्वी हैं। वे पहले भी कठोर व्रत करते रहे हैं। उन्होंने तो कठोर व्रत किया तो हमें अब क्या करना चाहिए। हमें सत्य, करुणा, शुचिता व तप की शपथ लेनी चाहिए। अब दोबारा राम जी अपने घर वापस आए हैं। अब हमें आपसी कलह को मिटाकर आगे बढ़ना होगा। अयोध्या में कोई कलह नहीं है। छोटे-छोटे विवादों को पीछे छोड़ना पड़ेगा। हमें अपने को संयम में रखना होगा। उस धर्म स्थापना को अपने आचरण से अपने देश मे उत्पन्न करना ये अपना कर्तव्य बनता है। राम राज्य के नागरिक कैसे थे ? वे निरदंभ, प्रामाणिकता से व्यवहार करने वाले, धर्मरथ थे।*

मूर्तिकार अरुण योगीराज ने कहा..

### धरती पर सबसे भाग्यशाली व्यक्ति

मूर्तिकार अरुण योगीराज ने खुद को दुनिया का सबसे भाग्यशाली व्यक्ति बताया है। मेरे पूर्वजों, परिवार के सदस्यों और भगवान राम का आशीर्वाद हमेशा मेरे साथ रहा है। कभी-कभी मुझे ऐसा लगता है, जैसे मैं सपनों की दुनिया में हूं।

राम मंदिर का निर्माण करने वाले श्रमिकों पर पीएम मोदी ने बरसाए फूल

# प्रभु राम की कृपा से आज हम यहां तक पहुंचे, आपने राम मंदिर को बेहद ही 'भव्य' बनाया

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने श्रमिकों पर फूल बरसाए। उन्होंने सभी श्रमिकों से मुलाकात करते हुए कहा कि आपने एक ऐसा काम किया है, जिसका कई सदियों से इंतजार किया जा रहा था। आपने राम मंदिर को बेहद ही भव्य बनाया है। आप सभी की प्रशंसा पूरा सनातन समाज कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आप सभी श्रमजीवियों के साथ पूरे देश और समाज की शुभकामनाएं हैं और आशीर्वाद है।

इसके साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आपने इतने कम समय में इतना भव्य मंदिर बनाया है, यह बेहद ही अद्भुत कार्य है। उन्होंने श्रमिकों से कहा कि अब हमें इस काम की गति को और भी बढ़ाना है लेकिन बेध ही सावधानी के साथ। यह मंदिर अपने आप में ही एक इतिहास है और इसे संवारने का काम श्रमिकों ने किया है

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने श्रमिकों से बात करते हुए कहा कि प्रभु राम की कृपा से आज हम यहां तक पहुंचे हैं और अब हमें इस कार्य की गति और भी बढ़ाना है और राम मंदिर के निर्माण को पूरा करना है।



राम मंदिर से लौटते ही पीएम मोदी का बड़ा ऐलान

पीएम मोदी ने कहा है कि देशभर में एक करोड़ घरों पर रूफटॉप सोलर लगवाने का फैसला लिया गया है।

# एक करोड़ घरों पर लगेगा सोलर पैनल कई तस्वीरें भी शेयर की

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री सूर्योदय योजना के तहत देशभर में 'एक करोड़ घरों पर रूफटॉप सोलर लगवाए जाएंगे। अयोध्या के राम मंदिर में अभूतपूर्व आयोजन के बाद दिल्ली लौटते ही पीएम मोदी ने पहले बड़े फैसले की जानकारी सोशल मीडिया पर दी। उन्होंने कहा कि सरकार ने गरीबों के घरों को रोशन करने के लिए प्रधानमंत्री सूर्योदय योजना के तहत एक करोड़ घरों पर रूफटॉप सोलर पैनल लगवाने का निर्णय लिया है। प्रधानमंत्री ने कहा, उन्होंने भारतवासियों के घरों की छतों पर निजी सोलर रूफ टॉप सिस्टम हो, ऐसा संकल्प लिया है। अपने संकल्प का जिक्र करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि राम मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा के साथ ही उनका संकल्प और मजबूत हुआ है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्योदय योजना से गरीब और मध्यम वर्ग के घरों में बिजली बिल का भार घटेगा।



### सूर्यवंशी राम की प्रेरणा से फैसला

पीएम मोदी ने अयोध्या से लौटने का जिक्र करते हुए सोमवार शाम करीब 6.24 बजे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म- एक्स पर लिखा कि सूर्यवंशी भगवान श्री राम के आलोक से दुनियाभर के भक्तों को ऊर्जा मिलती है। उन्होंने कहा कि घरों की छतों पर निजी सोलर रूफ टॉप सिस्टम से ऊर्जा के मामले में देश की दूसरे बिजली श्रोत पर निर्भरता तेजी से घटेगी। पीएम मोदी ने एक अन्य एक्स पोस्ट में देशवासियों से अपने-अपने घरों में रामज्योति प्रज्वलित कर भगवान राम का स्वागत करने की अपील की।

दो लाख 70 हजार मीट्रिक टन ग्रेनाइट पत्थर की गिट्टी लगी

4 साल में करीब 10 हजार 800 ट्रकों से भरकर इसे भेजा गया

# रामलला मंदिर की नींव में लगी है छतरपुर के ग्रेनाइट की गिट्टी

हरि अग्रहरि ▶▶ भोपाल

अलग खबर

भगवान रामलला अयोध्या में बने भव्य व विशाल मंदिर में अभिजीत मुहूर्त में विराजित हो गए। मंदिर के निर्माण में अलग-अलग राज्यों के पत्थर, लकड़ी आदि लगाए गए हैं। किंतु कम ही लोगों को पता है कि इस मंदिर के निर्माण में अपने मप्र से भी उच्च क्वालिटी का दो लाख 70 हजार मीट्रिक टन ग्रेनाइट पत्थर भी लगा है। इसे करीब 10 हजार 800 ट्रकों में भरकर काफी कम समय करीब 4 महीने में कोरोना काल में अयोध्या धाम भेजा गया। इस पत्थर की गिट्टी को मंदिर के फाउंडेशन में लगाया गया है। दरअसल, राम मंदिर प्रबंधन ने देश भर के प्रमुख पत्थर खदानों की सैंपलिंग कराई थी। इसमें छतरपुर जिले के गिदवारा व प्रकाश बम्होरी खदान का ग्रेनाइट पत्थर सबसे मजबूत पाया गया। इसके बाद ही यहां के पत्थर को मंदिर के फाउंडेशन में लगाने का निर्णय हुआ। इस कार्य को चूंकि राम मंदिर ट्रस्ट के प्रभारी नृपेंद्र मिश्रा देख रहे थे तो उन्होंने इस पत्थर के लिए सभी तरह की अनुमतियां लेने के साथ ही स्थानीय ठेकेदारों से संपर्क किया।



### हजार तक यह पत्थर रहेगा सेफ

खनिज विभाग के उप संचालक अमित मिश्रा 'हरिभूमि' को बताते हैं कि कोरोना काल के दौरान करीब चार महीने में अर्जेंट रूप से हजारों ट्रकों में ग्रेनाइट पत्थर भरकर रवाना किया गया। यह उनके लिए उत्साह के साथ बड़ी चुनौती से कम नहीं था। सभी ने रात दिन एक करके पत्थर की सप्लाई की और आज उसी पत्थर के फाउंडेशन पर भगवान रामलला का भव्य व विशाल मंदिर खड़ा हुआ है। उन्होंने बताया कि छतरपुर के ग्रेनाइट पत्थर की हार्डनेस अन्य राज्यों के पत्थर से सबसे अधिक पाई गई। छतरपुर व आसपास में पत्थर निकलने की एशिया की सबसे बड़ी मंडी है।

सपने के पूरा होते ही आंसू नहीं रोक पाईं दोनों साध्वी

# ऋतंभरा और उमा भारती गले लगकर खूब रोईं



एजेंसी ▶▶ अयोध्या

जब जीवन का सबसे बड़ा सपना पूरा होता है तो उसकी खुशी को बयां करने के लिए शब्द कम पड़ जाते हैं। राम मंदिर आंदोलन के प्रमुख चेहरों में शुमार रहीं साध्वी ऋतंभरा और उमा भारती भी भव्य राम मंदिर को अपनी आंखों के सामने देख अपने आंसू नहीं रोक पाईं और दोनों नेता गले लगकर खूब रोईं। दोनों की तस्वीरें सामने आईं हैं। 6 दिसंबर 1992 को जब अयोध्या में लाखों कारसेवक पहुंचे थे तो कारसेवकों की भीड़ का नेतृत्व करने वालों में साध्वी ऋतंभरा और उमा भारती भी शामिल थीं।

## खबर संक्षेप

### मॉर्निंग दिल्ली व शाम की मुंबई उड़ान कैंसिल

**संतनगर।** मौसम की ख़राबी के चलते भोपाल एयरपोर्ट पर उड़ानें लगातार प्रभावित हो रही है आज रविवार को एयर इंडिया की मॉर्निंग दिल्ली और इंडिगो एयरवेज़ की इवनिंग मुंबई उड़ान को रद्द किया गया जबकि इंडिगो एयरवेज़ की दिल्ली और जयपुर उड़ान भी क़रीब तीन घंटे देरी से भोपाल पहुँची। उड़ानें लेट होने से यात्रियों को कई परेशानियों का सामना करना पड़ा।

### दो दिनी सर्जीकल कांफ्रेंस में व्याख्यान

**भोपाल।** ऐसोसिएशन ऑफ कोलोरेक्टल सर्जनस ऑफ इंडिया द्वारा दो दिवसीय सर्जीकल कांफ्रेंस पाइलोनिडोकान 2024 को आयोजन जेके अस्पताल में किया गया। एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ प्रदीप शर्मा ने आप्सट्रेकेटिक डिफीकेटरी सिंड्रोम पर व्याख्यान दिया। मीडिया प्रभारी डॉ. आईके चुघ ने बताया कि कांफ्रेंस में पाइलोनिडल डिसीज (साइनस) पर विस्तार से इलाज के संबंध में लिव ऑपरेटिव वर्कशॉप और क्लीनिकल प्रजेंटेशन हुए।

### मंदसौर में रेलवे के जेई का कार में मिला शव

**भोपाल।** रतलाम रेलवे डिवीजन हेडक्वार्टर में तैनात जूनियर इंजीनियर दीक्षांत पंड्या का शव रविवार दोपहर मंदसौर जिले के भावगढ़ थाना क्षेत्र के खोड़ाना गांव में तालाब किनारे खड़ी कार में पाया गया है। वे कारगो एंड वैगन डिपार्टमेंट में कार्यरत थे। पुलिस मुताबिक जेई के शव पर चार गोलियों के निशान थे। कार जेई की ही बताई जा रही है। हत्या के पीछे प्रेम प्रसंग की बात सामने आ रही है। मोहसिन नाम का युवक और जेई की एक ही युवती से दोस्ती थी। पुलिस मोहसिन की तलाश कर रही है।

### खुशीलाल आयुर्वेद में दो दिनी सेमिनार आज से

**भोपाल।** पंडित खुशीलाल शर्मा शासकीय आयुर्वेद संस्थान साइंस हिल्स में 23 एवं 24 जनवरी को दो दिवसीय नेशनल सेमिनार का आयोजन किया जा रहा है। सेमिनार विषय डॉक्यूमेंटेशन एड साइंटिफिक इवेलुएशन ऑफ फ्लोर टू एनरिच आयुर्वेदिक फार्माकोपोया होगा। सेमिनार में देश के विभिन्न प्रांतो से विषय विशेषज्ञ अपना व्याख्यान प्रस्तुत करेंगे। प्रदेश के आयुर्वेद महाविद्यालय के फैकल्टी एवं पीजी स्कॉलर्स कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे।

### इस माह के अंत तक हट जाएगा बैरागढ़ का कॉरिडोर

# दूसरे दिन निकाली जालियां, तुरंत ही हटाईं भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी का बस रैपिड ट्रांजिट सिस्टम (बीआरटीएस) को हटाने का काम दूसरे दिन रविवार को भी जारी रहा। पहले दिन स्टाप सहित बैरागढ़ के बस स्टैंड तक की जाली हटाई गई, जबकि दूसरे दिन मार्केट के सामने तक का कॉरीडोर हटाया। पीडब्ल्यूडी अधिकारियों के अनुसार अब कॉरीडोर हटाने का काम निरंतर जारी रहेगा। इस माह के अंत तक पूरे बैरागढ़ से सीहोर नाके तक की पूरी जाली हटा दी जाएगी। इसके साथ ही रोड साफ करने और सुधारने का काम भी चलता रहेगा। जिस क्षेत्र की जाली हटाई जा रही है, वहां आसपास ब्रेकर भी लगा दिए गए हैं। कॉरीडोर हटाने के लिए ट्रैफिक प्लान न बनने से कॉरीडोर से निकाली जा रहीं जालीं, तुरंत ही वहां से हटाई जा रही हैं।





#### रविवार अवकाश का उठाया लाभ

पीडब्ल्यूडी अधिकारियों के अनुसार बीआरटीएस के दोनों ओर दिन में ट्रैफिक ज्यादा रहता है, लेकिन रविवार को ट्रैफिक कम रहने से दिन में भी जाली हटाने का काम चलता रहा। मिसरोद से एम्प्री तकए रोशनपुरा से कमला पार्क और कलेक्टोरेट से लालघाटी के बीच बीआरटीएस को तोड़ने भी नगर निगम ने तैयारी शुरू कर दी।

#### नगर निगम की तैयारी भी शुरू

नगर निगम अधिकारियों के अनुसार बैरागढ़ में कॉरीडोर हटाने का काम पीडब्ल्यूडी द्वारा किया जा रहा है। नगर निगम इसमें सहयोग देने के साथ ही मिसरोद से कमला पार्क तक का बीआरटीएस हटाने के लिए तैयारी शुरू कर दी है। इसके लिए कंपनी को ठेका दे दिया गया, जो निगम की देखरेख में काम शुरू करेगा।

# एमपी नगर सहित शहर के कई क्षेत्रों में की बकायादारों की संपत्ति कुर्क

### मानसरोवर कॉम्प्लेक्स में भी निगम ने तीन सम्पत्ति की कुर्क, जहांगीराबाद में 9 नल कनेक्शन बंद किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नगर निगम द्वारा सम्पत्तिकर एवं जल उपभोक्ता प्रभार सहित अन्य करों व शुल्कों की प्रभावी ढंग से वसूली की जा रही है। साथ ही सम्पत्तिकर व जल उपभोक्ता प्रभार के बकायादारों के विरूद्ध कार्रवाई भी की जा रही है। इसी क्रम में निगम अमले ने एमपी नगर व मान सरोवर काम्प्लेक्स में 3 दुकानों पर तालाबंदी की कार्रवाई की। जहांगीराबाद में जल उपभोक्ता प्रभार के 4 बकायादारों के नल कनेक्शन बंद करने की कार्रवाई की गई है।

निगम के जोन 10 के अमले ने वार्ड 45 के अंतर्गत बकायादारों के विरूद्ध कार्रवाई करते हुए एमपी नगर भवन क्रमांक 252 पर बकाया कर 1 लाख 84 हजार 182 रुपए का भुगतान न करने पर ताला लगा दिया।

इसी प्रकार वार्ड 35 के अंतर्गत बड़ वाली मस्जिद जहांगीराबाद क्षेत्र में जल उपभोक्ता प्रभार के बकायादारों के 4 भवनों में लगे 9 नल कनेक्शन बंद किए।

#### लाखों का बकाया

वहीं मान सरोवर काम्प्लेक्स स्थित दुकान एलएफ.22 पर बकाया राशि 87 हजार 758 व दुकान एलएफ.23 बकाया कर की राशि 91 हजार 868 का भुगतान न किए जाने पर उक्त दुकानों की तालाबंदी की गई।

### कलेक्टरों को जारी किए निर्देश

# पेपर लीक की भ्रामक जानकारी के विरुद्ध करें जागरूक:माशिमं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश में मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल की बोर्ड परीक्षाओं के साथ-साथ अन्य परीक्षाओं के सोशल मीडिया पेपर लीक संबंधी भ्रामक जानकारी फैलाए जाने के विरूद्ध जिला कलेक्टर्स को स्कूल शिक्षा विभाग ने जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश जारी किए हैं। इस अभियान में शिक्षा विभाग के संभागीय संयुक्त संचालक और जिला शिक्षा अधिकारी को सक्रिय सहयोग करने के निर्देश दिए गए हैं। आयुक्त लोक शिक्षण अनुभा श्रीवास्तव ने जानकारी दी कि बोर्ड परीक्षाओं के नजदीक आने के साथ ही सोशल मीडिया पर विद्यार्थियों से धोखाधड़ी करने वाले कई ग्रुप सक्रिय हो जाते हैं। यह ग्रुप झूटी जानकारी देकर भ्रम की स्थिति पैदा करते हैं। जालसाजी कर विद्यार्थियों से यूपीआई डिटेल्स भी प्राप्त कर लेते है और ब्लेकमेल भी करते हैं। इन्हें रोकने के लिए स्कूल शिक्षा विभाग स्वयंसेवी संगठनों के साथ मिलकर जनजागरूकता अभियान चलाने का प्रयास कर रहा है।

#### तत्काल सूचना देने को कहा

स्कूल शिक्षा विभाग ने अभिभावकों और विद्यार्थियों से कहा है कि उनके साथ इस तरह के कोई भी प्रस्ताव सोशल मीडिया एवं अन्य साधनों से प्राप्त होते है तो उन पर विश्वास न करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय और कलेक्ट्रेट में इसकी जानकारी दें। इन सोशल ग्रुप के खिलाफ पुलिस के माध्यम से तत्काल कार्रवाई की जाएगी। विभाग ने सभी सरकारी और प्रायवेट स्कूल से इस मामले में सजग रहने के लिए कहा है।

### जय श्रीराम बोलने पर 7वीं के छात्र को पीटा

**भोपाल।** शहडोल जिले में जय श्री राम बोलने पर टीचर ने स्टूडेंट को पीट दिया। परिजन को जानकारी लगी तो वे हिंदू संगठन के सदस्यों के साथ थाने पहुंच गए। यहां देर तक चले हंगामे के बाद पुलिस ने आरोपी टीचर और स्कूल डायरेक्टर के खिलाफ मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

- स्कूल डायरेक्टर और इंग्लिश टीचर गिरफ्तार

पुलिस ने बताया कि क्लास में शिक्षक की अनुपस्थिति में सातवीं कक्षा के छात्र नितिन गुप्ता ने जय श्रीराम के जयकारे लगा दिए थे। इसी दौरान क्लास के बाहर से गुजर रहे इंग्लिश टीचर अब्दुल वाहिद ने छात्र को बुलाया। उसे डांटने के साथ पिटाई कर डाली। छात्र ने स्कूल डायरेक्टर शरीफ नियाजी से इस बात की शिकायत की लेकिन उन्होंने भी उसे डांटकर भगा दिया।

### 5वीं वर्षगांठ पर साइकिल रैली निकाली

# एम्स में 170% बढ़े ट्रॉमा और इमरजेंसी में आने वाले मामले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के एम्स में ट्रॉमा एवं इमरजेंसी मेडिसिन विभाग ने रविवार को अपनी स्थापना की पांचवी वर्षगांठ मनाई। इस अवसर पर एम्स डायरेक्टर डॉ. अजय सिंह ने ट्रॉमा एंड इमरजेंसी मेडिसिन की पूरी टीम को बधाई देते हुए कहा कि टीम के कठिन परिश्रम से ही एम्स पर लोगों का भरोसा बढ़ा है। पिछले एक वर्ष में ट्रॉमा एवं इमरजेंसी में आने वाले केसों में 170 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। वर्षगांठ को मनाने के लिए भोपाल बाइसिकल राइडर्स ग्रुप के सहयोग से सुबह सात बजे साइकिल रैली का भी आयोजन किया गया। साइकिल रैली को एम्स के उपनिदेशक कर्नल डॉ अजीत कुमार ने झंडी दिखाकर रवाना किया। एम्स के ट्रॉमा एवं इमरजेंसी विभाग से शुरू हुई 17 किलोमीटर लंबी ये साइकिल रैली शहर के विभिन्न हिस्सों से होती हुई वापस एम्स पहुंची। इस साइकिल रैली में 70 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। विभाग के प्रमुख डॉ यूनुस ने बताया कि ट्रॉमा और इमरजेंसी सेवाओं के पांच साल पूरे होने पर आयोजित इस रैली का उद्देश्य है कि लोगों को शिक्षित करना उन्हें सशक्त बनाना और दुर्घटना होने से रोकना। तकरीबन 17 किलोमीटर के सफर के दौरान रास्ते में मिलने वाले लोगों को दुर्घटना रोकने के लिए क्या करना चाहिए इस संबंध में जागरूक भी किया गया और पंपलेट बांटे गए। ट्रॉमा एवं इमरजेंसी मेडिसिन विभाग की स्थापना की इस पांचवी वर्षगांठ को मनाने के लिए पूरे सप्ताह कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

### पुलिस ने दर्ज किया चोरी का केस

# कुत्ता घुमा रहे छात्र से मोबाइल लेकर भागे बाइक सवार लुटेरे

**भोपाल।** बागसेवनिया थाना क्षेत्र स्थित टू ए साकेत नगर में बाइक सवार लुटेरों ने छात्र का मोबाइल झपट लिया। घटना शनिवार रात करीब साढ़े आठ बजे के आसपास की है। पुलिस ने छात्र की शिकायत पर लूट का मामला न दर्ज करते हुए चोरी का मामला दर्ज किया है।

पुलिस के अनुसार अभिनव सिंह पिता विद्यप्रकाश सिंह (21) मकान नंबर 176, टू ए साकेत नगर, बागसेविनया में रहता है और कॉलेज में पढ़ता है। उसने पुलिस को बताया कि शनिवार रात करीब साढ़े आठ बजे वह अपने डॉग को घर के सामने घुमा रहा था और मोबाइल पर दोस्त से बात भी कर रहा था। इस दौरान बाइक से आए दो लुटेरों ने उनके हाथ से मोबाइल छीन लिया। वह कुछ समझ पाते इससे पहले ही लुटेरे तेजी से बाइक चलाकर भाग निकले। लूटे गए मोबाइल की कीमत 39 हजार रुपए है। मामले में पुलिस का कहना है कि बाइक पर पीछे बैठे युवक ने अभिनव के हाथ पर धक्का मारा था और उसका मोबाइल नीचे गिर गया। नीचे गिरे मोबाइल को बाइक से उतरे युवक ने उठाया और अपने साथी की बाइक पर बैठकर भाग निकला।

#### कुछ दिन पूर्व भी हुई थी ऐसी ही लूट की घटना

उल्लेखनीय है कि कुछ दिन पूर्व ही थाने से चंद कदमों की दूरी पर इसी तरह की लूट की घटना हुई थी और पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज किया था। पुलिस की दलील है कि घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

1986 बैच के वन बल प्रमुख अभय कुमार पाटिल 31 जनवरी को होंगे रिटायरमेंट

# वाइल्ड लाइफ के पीसीसीएफ असीम श्रीवास्तव होंगे अगले वन बल प्रमुख

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय वन सेवा के 1988 बैच के अधिकारी असीम श्रीवास्तव प्रदेश के अगले वन बल प्रमुख होंगे। 1986 बैच के वन बल प्रमुख अभय कुमार पाटिल 31 जनवरी को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। श्रीवास्तव अगले वन बल प्रमुख बनते हैं तो इनका कार्यकाल जुलाई वर्ष 2025 तक के लिए होगा। भावसे के 1988 बैच के पांच अधिकारी ऐसे हैं जो वन बल प्रमुख बनने की रेस में है। 1988 बैच के अतुल श्रीवास्तव जो मौजूदा समय में कार्य आयोजना शाखा के प्रमुख हैं। आरके यादव प्रशासन एक के मुखिया हैं। अनुसंधान एवं विस्तार शाखा के प्रमुख पीके सिंह, कमलेश चतुर्वेदी और बीके अंबाडे जो प्रतिनियुक्ति पर दिल्ली में तैनात हैं। इनके नाम पर भी चर्चा चल रही है। हालांकि विभाग में लंबे समय से एक परंपरा है कि सबसे सीनियर को ही वन बल प्रमुख की जिम्मेदारी मिलती है। इस लिहाज से देखा जाए तो असीम श्रीवास्तव का नाम सबसे ऊपर बताया जा रहा है।

#### विकास निगम में एमडी का पद खाली

अभय कुमार पाटिल वन बल प्रमुख बनने से पहले राज्य वन विकास निगम के एमडी पद पर तैनात थे। उसके बाद से ही विकास निगम में यह पद खाली है। हालांकि विभाष ठाकुर को एमडी की अतिरिक्त जिम्मेदारी विभाग ने सौंप रखा है। लघु वनोपज संघ के एमडी पुष्कर सिंह के रिटायर होने के बाद एक महीने से इस पद पर किसी की तैनाती नहीं हुई है। जानकारों का कहना है कि फेडरेशन में अपर प्रबंध संचालक के 7 और वन विकास निगम में 6 पद खाली हैं। इन पदों पर तैनाती न होने से विभाग में कामकाज पर साफ असर देखने को मिल रहा है। अब नई सरकार आने से उम्मीद है कि जल्द खाली पदों पर अधिकारियों को तैनात किया जाएगा।

लोकेशन के आधार पर पहुंची पुलिस ने निजामुद्दीन से किया युवती को बरामद

# ऑनलाइन गेम खेलते समय हुई दोस्ती युवक ने दिल्ली बुलाकर की अश्लील हरकत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बिलखिरिया थाना क्षेत्र में रहने वाली युवती से दिल्ली में अश्लील हरकत किए जाने का मामला सामने आया है। दरअसल, युवती को मोबाइल पर ऑनलाइन गेम फ्री फायर खेलने का शौक था। गेम खेलते समय उसकी यूपी के युवक से दोस्ती हो गई। उसके कहने पर युवती मिलने के लिए दिल्ली तक पहुंच गई। घर से लापता होने पर परिजन ने उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई थी। पुलिस ने लोकेशन के आधार पर युवती को दिल्ली के निजामुद्दीन से बरामद कर लिया है। युवती के बयान के बाद पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ अपहरण और छेड़छाड़ की धाराओं में मामला दर्ज करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया है। इलाके की 18 साल की युवती 12वीं में है। वह मोबाइल पर फ्री-फायर गेम खेलती है। गेम खेलने के दौरान उसकी दोस्त उत्तर प्रदेश के बरेली में रहने वाले अरान पठान उर्फ मुन्ना नामक युवक से हो गई। मुन्ना फिलहाल लुधियाना में रहता है और एक कपड़े की फैक्ट्री में काम करता है। दोस्ती होने के बाद अरान पठान ने युवती को मिलने के लिए दिल्ली बुलाया। 16 जनवरी की रात को वह घर से बिना बताए उससे मिलने चली गई। तलाश करने पर पता नहीं चला तो परिजन ने उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई। पुलिस ने मोबाइल की लोकेशन देखी तो पता चला कि वह दिल्ली में है। पुलिस की टीम दिल्ली के निजामुद्दीन पहुंची, वहां से युवती और अरान पठान को हिरासत में लिया गया।

# चाइनीज मांझे से गला कटने से युवक की मौत, चार वर्ष के बच्चे की हालत गंभीर

### देवबलोदा से जी केबिन के बीच सड़क पर हुआ हादसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

पतंग के चाइनीज मांझे से गला कटने से एक युवक की मौत हो गई। युवक राजनांदगांव का रहने वाला था और अपनी मौसी के घर देवबलोदा आया हुआ था। सोमवार की सुबह वो अपने चार वर्षीय मौसेरे भाई को लेकर जी केबिन की ओर जा रहा था।

इसी दौरान देवबलोदा से जी केबिन के बीच मार्ग पर वो हादसे का शिकार हो गया है।

#### अपने मौसी के घर आया हुआ था युवक

गले में मांझा फंसने से उसकी गले की नस कट गई और वे दोनों बाइक समेत गिर गए। दोनों को अस्पताल पहुंचाया गया। जहां युवक की मौत हो गई और उसके मौसेरे भाई की हालत गंभीर बनी हुई है। मामले में जीआरपी ने प्राथमिकी कर मामले की जांच शुरू की है। पुलिस ने बताया कि ग्राम बेलरगोंदी थाना गैंदाटोला जिला राजनांदगांव निवासी अजय टांडेकर उर्फ अज्जू (18) अपनी मौसी के घर देवबलोदा चरोदा आया हुआ था। वो सोमवार की सुबह करीब 10:30 बजे अपने मौसेरे भाई विहान भोंडेकर को लेकर जी केबिन की तरफ जा रहा था। देवबलोदा के पास मैदान में कुछ युवक पतंग उड़ा रहे थे। पतंग का मांझा अजय टांडेकर उर्फ अज्जू के गले में फंस गया। अजय कुछ समय पाता, इसके पहले मांझे से उसका गला कट गया।

### सात खंभों को काट कबाड़ी को बेचा, चार आरोपी गिरफ्तार

**कोरबा।** क्षेत्र में चोरों के हौसले इतने बढ़ गए हैं कि बिजली के खंभे काट कर चोरी करने लगे हैं। पिछले दिनों ग्रामीण क्षेत्र से चोरों ने सात बिजली के खंभे काट कर पिकअप में भर कबाड़ी के पास जाकर बेच दिया। पुलिस ने पिकअप मालिक जगदीश पटेल 38 साल निवासी ग्राम चचिया थाना करतला को पकड़कर पूछताछ की, तो उसने अपने सहयोगियों जावेद मेमन, गेंदराम बघेल तथा अब्दुल रब उर्फ टिपू के साथ चोरी करने कबूला। इस पर पुलिस ने दबिश देकर सभी आरोपियों को गिरफ्तार किया।

# उज्जैन व्यापार मेले की तैयारियां तेज, मार्च से अप्रैल में होगा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र में मार्च से अप्रैल में आयोजित होने वाले उज्जैन व्यापार मेले की तैयारियां तेज हो गई हैं। मुख्य सचिव वीरा राणा की अध्यक्षता में दिन मंत्रालय में समीक्षा बैठक में उज्जैन व्यापार मेले से संबंधित विभिन्न विभागों की गतिविधियों की रूपरेखा तय की गई। उज्जैन व्यापार मेले का आयोजन सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग की ओर से किया जा रहा है। नगरपालिक निगम उज्जैन को नोडल एजेंसी बनाया है। उज्जैन व्यापार मेले के लिए विभागों को जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। इसमें नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने मेले में होने वाले संभावित व्यय का वहन, आवंटित की जाने वाली दुकानें, मनोरंजन एवं खानपान जोन के लिये स्थल किराया से उपलब्ध कराने जैसे कार्य, औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग द्वारा मेले में होने वाले इन्वेस्टर समिट एवं व्यय की व्यवस्था औद्योगिक निवेश एवं प्रोत्साहन विभाग की ओर से की जाएगी।

#### रोड टैक्स में 50 प्रतिशत की छूट संबंधी प्रस्ताव प्रस्तुत होगा

परिवहन विभाग व्यापार मेले में विक्रय होने वाले गैर-परिवहन वाहनों तथा छोटे परिवहन पर शुल्क एवं रोड टैक्स में 50 प्रतिशत की छूट संबंधी प्रस्ताव के संबंध में मंत्रि-परिषद के समक्ष प्रस्तुत करेगा।

#### प्रस्ताव प्रस्तुत करने के निर्देश दिए

*वाणिज्यिक कर विभाग ने मेले में विक्रय होने वाले इलेक्ट्रॉनिक उत्पाद के विक्रय पर एसजीएसटी छूट के संबंध में परीक्षण कर प्रस्ताव प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। पर्यटन, कलेक्टर उज्जैन और जिला वाणिज्यिक कर अधिकारी मेले को आकर्षित बनाने के लिए सुझावों के तहत पर्यटन विभाग की ओर से मेले के दौरान क्रय-विक्रय के प्रमाण के आधार पर वास्तविक क्रेता-विक्रेता को महाकाल दर्शन के लिए वीआईपी श्रेणी का एक बार दर्जा दिया जाना तथा एक निश्चित समयावधि के लिए मध्यप्रदेश पर्यटन निगम के प्रदेश स्थित होटलों में यथा निर्णित छूट का प्रावधान संबंधी कार्रवाई करेगा। कलेक्टर उज्जैन और नगरपालिक उज्जैन मेले के दौरान विक्रेता कम्पनी की ओर से नवीन एवं अभिनव तैयार उत्पाद लोकार्पित करने पर आयोजन समिति से विशेष यथोचित सहयोग प्रदान करना और व्यावसायिक स्थल के आवंटन में उज्जैन के व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को प्राथमिकता दी जाना शामिल है। कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग के अधीनस्थ निगम एवं बोर्ड मेले में उत्पादों के विक्रय पर आकर्षक छूट प्रदान की जाए।*

### संचालिका से गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी

झूठे केस में फंसाने की दी धमकी प्रकरण दर्ज

# जमीनी विवाद में स्कूल संचालिका ने रोटरी क्लब अध्यक्ष को जड़ा तमाचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राजधानी के आमानाका इलाके में स्कूल की जमीन को लेकर विवाद हो गया। दोनों पक्षों में जमकर गाली-गलौज और झगड़ा हुआ। विवाद के दौरान स्कूल संचालिका ने रोटरी क्लब रायपुर कास्मो पालिटन के अध्यक्ष को तमाचा जड़ दिया। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ थाने में अपराध दर्ज कराया है।

पुलिस के मुताबिक, रायपुर में गोविंद नगर इलाके के रहने वाले रविंदर सिंह रोटरी क्लब रायपुर कास्मो पालिटन के अध्यक्ष हैं। महोबा बाजार के श्रीराम चौक पर रोटरी क्लब ट्रस्ट की जमीन पर कृष्णा किड्स एकेडमी स्कूल संचालित हो रहा है।




#### किराएदारी की अवधि खत्म हो चुकी

यह जमीन 2018 में रोटरी क्लब की ओर से स्कूल संचालित करने के लिए प्रगति वाजपेयी और उनके पति मोहित वाजपेयी को दी गई थी। यह केवल पांच साल के लिए दिया गया था। किराएदारी की अवधि खत्म हो चुकी थी। इसी बात को लेकर शनिवार को विवाद हुआ। एफआइआर के मुताबिक विवाद के दौरान प्रगति ने आग लगाकर या फांसी लगाकर खुदकुशी करने के बाद रविंदर सिंह को झूठे केस में फंसाने की धमकी दी। वहीं रविंदर और उनके साथियों पर भी आरोप है कि उन्होंने प्रगति के साथ गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी है। रविंदर की शिकायत पर प्रगति और उनके पति मोहित के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। दूसरी ओर प्रगति की शिकायत पर रविंदर व साथियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

#### दूसरे पक्ष ने भी दर्ज कराई रिपोर्ट

वहीं दूसरे पक्ष से प्रगति ने रिपोर्ट दर्ज करवाई कि शनिवार को रविंदर सिंह अपने साथी दीपक खैर व मृणाल अग्रवाल के साथ दोपहर करीब एक बजे स्कूल पहुंचे। उस समय स्कूल में छात्र-छात्राएं भी थे। रविंदर ने प्रगति और उनके पति से स्कूल खाली करने के लिए कहा। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में विवाद होने लगा। इस दौरान प्रगति ने रविंदर को तमाचा जड़ दिया और दोनों के बीच धक्का मुक्की भी होने लगी।

### छात्रा ने फांसी लगाकर दी जान, प्रेमी के खिलाफ मामला दर्ज

**बिलासपुर।** टिकरापारा में किराए के मकान में रहकर पीएससी की तैयारी कर रही छात्रा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इससे पहले उसने एक सुसाइड नोट भी लिखा है। इसमें उसने परिवार वालों से माफी मांगी है। पुलिस ने सुसाइड नोट जब्त कर मामले को जांच में लिया। स्वजन के बयान और जांच में मिले तथ्यों के आधार पर पुलिस ने युवती के प्रेमी के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज कर लिया है। कोतवाली थाना प्रभारी कमला पुसाम ने बताया कि पता चला कि युवती का रायगढ़ जिले में ही रहने वाले राजू सारथी से प्रेम प्रसंग चल रहा था। वह युवती का दूर का रिश्तेदार भी है। कुछ दिन पहले युवक ने किरण को छोड़ दिया था। इससे वह परेशान रह रही थी।

### भिलाई में दुर्ग के पटेल चौक के पास दुर्घटना

# तेज रफ्तार कार ने स्कूटी को मारी टक्कर हादसे में पिता की मौत, बेटा गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

स्कूटी सवार पिता-पुत्र शनिवार की देर रात को हादसे का शिकार हो गए। पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार कार ने दोनों को टक्कर मार दी। दोनों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां पिता की मौत हो गई और उसका पुत्र भर्ती है।

दुर्ग कोतवाली पुलिस ने आरोपी कार चालक के खिलाफ प्राथमिकी की है। इस सड़क दुर्घटना मामले में पुलिस ने तेज रफ्तार कार चला रहे आरोपी चालक कालेश्वर कुमार साहू निवासी राजनांदगांव के खिलाफ प्राथमिकी कर मामले की जांच शुरू की है।

#### पिता और भाई को जिला अस्पताल पहुंचाया

*पुलिस ने बताया कि ऋषभ नगर दुर्ग निवासी शिकायतकर्ता मयंक जैन की तहसील कार्यालय के सामने एक फ्लैक्स की दुकान है। शनिवार को शिकायतकर्ता, उसका पिता प्रकाश चंद जैन और भाई प्रियंक जैन दुकान पर थे। देर रात को दुकान बंद करने के बाद वे लोग वापस अपने घर जा रहे थे। शिकायतकर्ता का पिता और भाई एक स्कूटी पर थे और शिकायतकर्ता दूसरी स्कूटी से घर के निकले। पटेल चौक दुर्ग के आगे रात में करीब 12:45 बजे कार ने उसे स्कूटी सवार पिता-पुत्र को टक्कर मार दी। शिकायतकर्ता भी उनके पीछे कुछ दूरी पर था। हादसे के बाद उसने संजीवनी 108 की मदद से अपने पिता और भाई को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उसके पिता प्रकाश चंद जैन की मौत हो गई। वहीं उसके भाई प्रियंक जैन के हाथ और पैर में चोट लगने के कारण उसे अस्पताल में भर्ती किया गया है।*



# बड़ी खेरमाई मंदिर से धूमधाम से निकली रामरथ यात्रा, किया नगर भ्रमण

**जबलपुर। प्रभु श्रीराम के बाल रूप नूतन विग्रह को श्रीराम जन्मभूमि पर बने नवीन मंदिर भूतल के गर्भगृह में विराजित करके प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर बड़ी खेरमाई माता मंदिर में भी इस महोत्सव को मनाया गया।**



प्राणप्रतिष्ठा के ग्रंथ प्रतिष्ठा मयूखः, अग्निपुराण तथा श्रीप्रश्नसंहिता में प्राणप्रतिष्ठा के अवसर पर रथयात्रा द्वारा नगर भ्रमण का विशेष महत्व बताया गया है और इसी तारतम्य में श्री रामलला की रथयात्रा बंद बाजों के साथ नगर भ्रमण बड़ी खेरमाई मंदिर से प्रारंभ होकर हनुमानताल, दीनानाथ क्रॉसिंग, तमरहाई चौक मिलौनीगंज चौक घोड़ा नक्कास होते हुए बड़ी खेरमाई मंदिर में समापन हुआ। इस यात्रा में शरद अग्रवाल शशिकांत मिश्रा आशीष त्रिवेदी, अनिल पाल, जयकांत उपाध्याय, सुरेश आहूजा, महेंद्र जांगड़े, राहुल चौरसिया, हीरा तिवारी, रत्नेश मिश्रा, प्रवीण तिवारी, अभिषेक यादव, अयोध्या तिवारी, अखिलेश दीक्षित, धीरज सिंह, अशोक दुबे, असीम त्रिवेदी, वीरू यादव, हर्षुल त्रिवेदी, दिलीप पटरिया, संतोष चौबे, खेरमाई महिला मंडल की रानी मिश्रा, श्रीमती सुधा पचौरी, श्रीमती नम्रता भटिया, श्रीमती सीमा मिश्रा, श्रीमती निशा तिवारी, दीपमाला सोनकर, श्रीमती पूजा अग्रवाल, श्रीमती प्रियंका सोनी, श्रीमती सरोज शर्मा, श्रीमती शीला मांझी, श्रीमती सुशीला गूज़र, श्रीमती रम्मी शर्मा, श्रीमती मेघा पटेरिया, श्रीमती भावना गूज़र. श्रीमती सिद्धेश्वरी सराफ, श्रीमती वंदना पटेल, श्रीमती संध्या दीक्षित, श्रीमती गायत्री सराफ, श्रीमती संगीता रैकवार, श्रीमती अर्चना पांडे सहित अन्य शामिल रहे।



## प्राण प्रतिष्ठा होते ही छोटी लाइन में मंत्री राकेश सिंह ने शंखनाद किया

**जबलपुर।** अयोध्या में राम जी की प्राण प्रतिष्ठा होते ही छोटी लाइन में मंत्री राकेश सिंह ने शंखनाद किया, इस अवसर पर सभी जनप्रतिनिधि, भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे, इसके पश्चात मंत्री ने लोगों को मगज के लड्डुओं का वितरण किया।

## केन्द्रीय विद्यालय में पेंटिंग प्रतियोगिता आज

**जबलपुर।** पीएम केन्द्रीय विद्यालय क्र. 1 जीसीएफ में 23 जनवरी को प्रधानमंत्री के परीक्षा पर परिचर्चा कार्यक्रम के अंतर्गत पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित है। उद्घाटन प्रातः 9.45 बजे होगा, इस पेंटिंग प्रतियोगिता में विभिन्न केन्द्रीय विद्यालयों, जवाहर नवोदय विद्यालय, शासकीय विद्यालयों एवं स्थानीय विद्यालयों के करीब 110 प्रतिभागी हिस्सा लेंगे।



## अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा पर सदर साई मंदिर में सुंदर कांड का आयोजन

**जबलपुर।** श्री साईं दरबार सदर, कैंट, द्वारा अयोध्या में राम लला प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर प्रभु श्री राम की प्रतिमा स्थापित कर, श्री सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया, तत्पश्चात हवन पूजन कर विशाल भंडारा प्रसादी का वितरण किया गया, जिसमे की प्रभु राम भक्त लोगों ने प्रसाद लड्डू पाया, इस अवसर पर पुजारी श्री अर्जुन बाबा जी, श्री नायडू, श्री बच्चू परोची, नरेंद्र पासी, मिथिलेश बावरिया, श्री सचिन विनोटिया, संदीप बावरिया, पारस पिल्ले, राजकुमार यादव, सोनू विनोदिया, रमेश कामले, एवं समस्त प्रभु के काम में साई भक्त शामिल हुए।

# श्रमदान कर स्वच्छता की शपथ दिलाई

**जबलपुर।**




स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के अंतर्गत नगर पालिक निगम जबलपुर की सहयोगी संस्था ओम साई विज़न की आई. ई. सी. टीम एवं विधायक जी अभिलाष पाण्डे जी, पूर्व महापौर स्वाति गोडबोले जी सी. एस. आई. वैभव जी एस. आई. अभिषेक जी द्वारा श्री राम भव्य स्थापना उत्सव के उपलक्ष्य मे धार्मिक स्थलों में स्वच्छता अभियान चलाया गया जिसमें , अन्य गणमान्य नागरिको की उपस्थिति में श्रमदान कार्यक्रम कराया एवम यहां उपस्थित सभी आम नागरिकों के द्वारा श्रमदान कराया गया और सभी को समझाइश दी गई अपने आस पास ज्यादा से ज्यादा साफ सफाई का ध्यान रखें एव सभी को स्वच्छता की सपथ दिलवाई गई।



## निकली भव्य ध्वज यात्रा

**जबलपुर।** मर्यादा पुरषोत्तम प्रभु श्रीराम जी के सबसे प्रिय भक्त हनुमान जी महाराज खारीघाट हनुमानगढ़ी से भव्य ध्वज यात्रा का आयोजन अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा की राष्ट्रीय संगठन महामंत्री श्रीमती कविता दुबे, एवं डॉ.श्रीमती निशा दुबे के द्वारा किया गया। यात्रा में पंडित राहुल दुबे, प्रदेश महासचिव, अ.भा.ब्रा. महासभा, श्रीमती कृष्णकांती पांडे, प्रदेश उपाध्यक्ष अ.भा. ब्रा. महासभा, पंडित सुरेश पांडे, संभाग अध्यक्ष, अ.भा.ब्रा. महासभा, पंडित दिलीप अवस्थी प्रदेश मंत्री एवम नगर अध्यक्ष, अ.भा.ब्रा.महासभा, अर्पणा तिवारी, संभागीय महामंत्री,अ.भा.ब्रा. महासभा, एवं श्रीमती श्यामली झा, नगर संगठन मंत्री अ.भा.ब्रा. महासभा, द्वारा किया गया जिसमें अन्य संगठनों द्वारा सहयोग किया गया, यात्रा का समापन मां नर्मदा के पवन तट उमाघट में मां नर्मदा जी की महाआरती के साथ हुआ।

# राम मंदिर के भव्य अभिषेक एवं प्राण प्रतिष्ठा समारोह पर मां नर्मदा वानप्रस्थ आश्रम एवं शक्ति क्लब ने आयोजित किया भव्य कार्यक्रम



**जबलपुर।** वानप्रस्थ आश्रम और शक्ति क्लब के सौजन्य से 22 जनवरी को श्री राम- जानकी की भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसका मुख्य आकर्षण राम जी की झांकी ओर बाहुबली हनुमान जी रहे । वानप्रस्थ आश्रम की संचालिका श्रीमति आराधना चौहान और शक्ति क्लब की अध्यक्ष श्रीमति नीलम सिंह ने बताया की शोभायात्रा सुबह 11 बजे माँ नर्मदा के आशीर्वाद के साथ ढोल नगाड़े और आतिशबाजी के साथ उमाघाट से प्रारंभ हुई और रेतनाका चौक होते हुए वानप्रस्थ आश्रम खारीघाट पहुंची। आश्रम की ओर से श्री मति शारदा सिंह जी एवं समस्त बुज़ुर्ग माताओं ने राम-सीता, लक्ष्मण और हनुमान जी का तिलक कर आरती उतार कर स्वागत किया, शोभायात्रा में महिलाएं दोपहिया वाहन रैली में भगवा वस्त्र और भगवा पगड़ी, श्री राम ध्वज के साथ बड़ी संख्या में शामिल हुईं, रैली का समापन वानप्रस्थ आश्रम में हुआ, आश्रम में सुंदरकांड पाठ हवन और भंडारे का अयोजन किया गया साथ ही सायंकाल में दीपों से श्री राम जी का नाम लिखा गया। इस आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु जन और महिलाओं ने पहुंचकर श्री राम जी के प्रति अपनी भक्ति और श्रद्धा का परिचय दिया। इस आयोजन को सफल बनाने में वानप्रस्थ आश्रम और शक्ति क्लब दोनों संस्थाओं के सदस्यों ने विशेष योगदान दिया। शक्ति क्लब की ओर से श्रमदान में प्रिया तिवारी, खुशबू सोमैया, पल्लवी सिंह, रजनी थूल, शीतल चरनालिया, शारदा चौधरी, दीप्ति कुकरेजा का विशेष सहयोग रहा। वानप्रस्थ आश्रम से राकेश महाजन, गजेन्द्र सिंह, उमाशंकर सीमा सिंह जुग्गी रंजना ठाकुर, नीलिमा सिंह विश्रांति सिंह, शोभा, जसवीर कोर, बिंदु दुबे, अर्चना, मनीषा बजाज ने अपना बहुमूल्य योगदान दिया।



## सदर में उमड़ा जन सैलाब, राम भक्तों ने मनाया उत्सव

**जबलपुर।** साक्षी बनी संस्कारधानी राम जन्मोत्सव की सदर की गलियां जय श्री राम से गूंजायमान आकाश गगनमन मानो भगवान राम स्वयं जन-जन में समाहित हो गये हों, हर व्यक्ति के नेत्रों में खुशियों के आंसू बह रहे थे एक दूसरे के गले लगा कर बधाई दे रहे थे धनुष यज्ञ रामलीला समिति के नेतृत्व में अनेक संगठनों ने भगवान संजीव राम लक्ष्मण भरत शत्रुघ्न सीता हनुमान, अंगद शिव, झांकियां की पूजन की हर गली में पुष्प वर्षा हो रही थी जय श्री राम की धुन से बैंड बाजे आगे आगे बाजपेई तिवारी अखाड़ा एक से एक प्रदर्शन कर रहे थे महिलाएं डांडिया नृत्य कर रही थी हर चेहरे पर खुशी थी आज का दिन, युगों युगों तक हिंदू संस्कृति का प्रतीक बनेगा, हर कोई कह रहा था मेरे राम आए हैं हर घरों में आरती पूजन आशीर्वाद लिया, समस्त झांकियां संजीव, धनुष यज्ञ रामलीला समिति के व्यवस्थापक अभिषेक चौकसे में सभी उपस्थित जनों का स्वागत किया भगवान राम की पट्टी का पहन कर गणमान्य नागरिकों का अभिवादन किया आज के कार्यक्रम में जुलूस का नेतृत्व, सीताराम कुरचानिया, अभिषेक चौकसे, मधुर तिवारी, धनंजय बाजपेई, मनोहर लाल अग्निहोत्री डॉक्टर शंकर पांडे नरेश तिवारी शिवदत्त चौबे विजय ठाकुर डीपी कमल अभय नायडू संतोष तिवारी राहुल रजक प्रकाश सोनी सतीश पाठक आशीष पाठक श्रीनाथ मिश्र अमित शुक्ला रितेश तिवारी प्रणय अवस्थी रजनीकांत अवस्थी बिन्नी महावर ने किया।



## सुहागी में हुआ सुंदर कांड का सामूहिक पाठ

**जबलपुर।** अयोध्या में श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर श्रीराम मंडली सुहागी द्वारा सुंदर कांड का सामूहिक पाठ किया गया। इसके उपरांत आरती कर प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर सुमन दीवान, निशा रैकवार, अर्चना मिश्रा, ज्योति सोनी, सीमा कोरी, सुषमा दीक्षित, सुमन विश्वकर्मा, राधा क्षत्रिय, सरला गोंटिया सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।

# प्रदेश में कार्यरत अधिकारियों/कर्मचारियों को भी सातवें वेतनमान के समान गृह भाड़ा भत्ता भुगतान किया जाए

## छत्तीसगढ़ की तर्ज पर मध्य प्रदेश के कर्मचारियों को भी गृह भाड़ा भत्ता दिया जाए

**जबलपुर।** जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के प्रांताध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि छत्तीसगढ शासन ने अपने परिपत्र दिनांक 2.8.2023 को अपने कर्मचारियों को देय मकान भाड़ा भत्ता को सातवे वेतनमान के अनुसार पुनरीक्षित किया है, परन्तु मध्यप्रदेष शासन द्वारा वर्तमान समय में छठवे वेतनमान के अनुसार ही गृह भाड़ा भत्ता दिया जा रहा है जो कि अत्यंत अल्प है जिससे कर्मचारियों को आर्थिक क्षति हो रही है । संघ ने आगे बताया कि जिस प्रकार छत्तीसगढ़ सरकार ने अपने अधीन कर्मचारियों को सातवें वेतनमान के अनुसार गृह भाड़ा देने का निर्णय लिया है उसी प्रकार मध्यप्रदेश शासन को भी कर्मचारियों को सातवें वेतनमान के अनुरूप गृह भाड़ा भत्ता देने का आदेश जारी करना चाहिए I संघ के प्रांताध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन, जियाउररहीम, हेमन्त ठाकरे,स्टेनली नारबर्ट, दिनेष गौड, राकेश श्रीवास, धनराज पिल्ले, रऊफ खान, एस.बी.रजक, गुडविन चार्ल्स, एनोस विक्टर, अफरोज खान, फिलिप अन्थोनी, राजकुमार यादव, योगेष ठाकरे, विनय रामजे, सुनील झारिया, उमेष ठाकुर, क्रिस्टोफर नरोन्हा, रवि जैन, सुधीर पावेल, गोपीषाह, राजेष सहारिया, शरीफ अंसारी, कादरी अहमद अंसारी, समर सिंह ठाकुर, मनीष झारिया, त्रिलोक सिंहए अनूप डाहटए निलेष खरे, अषोक परस्ते,अनूप सिंह मरकाम, अनूप डाहट, धर्मेन्द्र गुप्ता, चैतन्य कुषरे, विष्वनाथ सिंह, डेलन सिंह, मान सिंह मारको, आकाष भील, नितिन तिवारी, आषीष कोरी आदि ने माननीय मुख्यमंत्री महोदय से मांग की है कि मध्यप्रदेष के कर्मचारियों को सांतवे वेतनमान के अनुसार मकान भाड़ा पुनरीक्षित कर भुगतान करने का कष्ट करें।

**आम-सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूमि मौजा बैतला, नं.बं. 52, प.ह.नं. 01, रा.नि.मं. जबलपुर, तहसील अधारताल जिला जबलपुर स्थित भूमि ख.नं. 11/1/1/1/1/1/1/1 विक्रय रकवा 2400 वर्गफुट (223.04 वर्गमीटर) को क्रय करने का सौदा भूमि स्वामी श्रीमती शैला जायसवाल पति श्री शेखर जायसवाल निवासी स्टेशन रोड, चार फाटक के पास, चंद्रशेखर आजाद वार्ड क्र. 14 जिला छिंदवाड़ा म.प्र. हाल निवास जय प्रकाश नगर अधारताल जबलपुर जिला जबलपुर वालों के साथ किया है जिसका रजिस्ट्री बैनामा भविष्य में निष्पादित होना तय है। अत: उक्त सौदे में किसी व्यक्ति संस्था या अन्य को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो उसे इस आम सूचना के प्रकाशन के 7 दिन के अंदर मेरे कार्यालय में मय दस्तावेज साक्ष्य के प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा बाद में की गई आपत्ति अमान्य होगी।

अधिवक्तता
अनुराग कुमार सक्सेना
म.प्र. उच्च न्यायालय जबलपुर

**CHANGE OF NAME AND DATE OF BIRTH**

I, ARMY NO 15822135P RANK-HAV NAME-RUPANUR INDRAJEET JAGANNATH S/O RUPNUR JAGNNATH VITHOBA of unit MCMM I, have changed name of my FATHER from RUPNUR JAGNNATH VITHOBA and date of birth 26/07/1962 (name and date of birth as per my army service record) to name JAGANNATH VITHOBA RUPNUR and date of birth 01/06/1978 (name and date of birth as per my FATHER, AADHAR CARD vide affidavit dated 20/01/2024 (date of affidavit) formerly before Public Notary RAMDAS SHARMA MP HIGH COURT, JABALPUR (Name and place of Court).
CORRECT NAME-JAGANNATH VITHOBA RUPNUR
INCORRECT NAME-RUPNUR JAGNNATH VITHOBA
CORRECT DATE OF BIRTH-01/06/1978

**CHANGE OF NAME AND DATE OF BIRTH**

I, ARMY NO 15822135P RANK-HAV NAME-RUPANUR INDRAJEET JAGANNATH S/O RUPNUR JAGNNATH VITHOBA of unit MCMM I, have changed name of my MOTHER from GUNDABAI and date of birth 09/08/1971 (name and date of birth as per my army service record) to name GUNDABAI JAGNNATH RUPNUR and date of birth 01/01/1969 (name and date of birth as per my MOTHER, AADHAR CARD vide affidavit dated 20/01/2024 (date of affidavit) formerly before Public Notary RAMDAS SHARMA MP HIGH COURT, JABALPUR (Name and place of Court).
CORRECT NAME-GUNDABAI JAGNNATH RUPNUR
INCORRECT NAME-GUNDABAI
CORRECT DATE OF BIRTH-01/01/1969



मुलताई की ताप्ती नदी

## श्री रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा पर लहराए केसरिया ध्वज

## प्रदेश के हर गली, हर मोहल्ले और हर मंदिर व घरों में सुंदरकांड व हनुमान चालीसा का पाठ व भंडारे

# देश के 'दिल' में 'अवध'



## इंदौर का राजवाड़ा और छप्पन बाजार भी दमका, खजराना में विशेष पूजा

खजराना गणेश मंदिर में आकर्षक साज-सज्जा की गई है। परिसर स्थित श्रीराम मंदिर में अखंड रामायण पाठ के बाद भव्य आरती और प्रसाद वितरण किया गया। बड़ी तादाद में श्रद्धालु पहुंचे। 50 पंडितों द्वारा शंखनाद के साथ सुंदरकांड पाठ और 1.25 लाख राम नाम का जाप हुआ। शाम 6:30 से परिसर में 10 हजार दीपों का प्रज्वलन, शाम 7:30 बजे आर्कषक आतिशबाजी, श्रीराम मंदिर के भव्य स्वरूप की प्रतिकृति, श्री रामचरितमानस के प्रमुख प्रंसगों का सचित्र प्रदर्शन किया गया। वहीं मंदिरों में अखंड रामायण पाठ, सुंदर कांड से लेकर मोहल्लों में श्रीराम कथा का आयोजन हुआ। बच्चों द्वारा घर-घर राम आधारित पेंटिंग बनाई गई। राजवाड़ा और छप्पन भी दमक उठा। पूरे इंदौर में लगभग 1 करोड़ दीप जले।

### जबलपुर में 21 चौराहों पर एक साथ शंखनाद हुआ

अयोध्या में रामलला के भव्य प्राण-प्रतिष्ठा के पावन अवसर ने संस्कारधानी को पूरी तरह से राम भक्ति में रंग दिया। सुबह से ही मंदिरों से लेकर जगह-जगह धार्मिक अनुष्ठानों का क्रम शुरू हुआ जो लगातार चल रहा है। शहर के अलग-अलग इलाकों से लेकर मठ मंदिरों में पूजन अनुष्ठान शुरू हुआ और बड़ी स्क्रीन लगाकर अयोध्या में आयोजित रामलला के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह का सीधा प्रसारण दिखाया गया। जबलपुर के पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में तो 21 चौराहों पर एक साथ शंखनाद कर रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा का उत्सव मनाया गया। मुख्य कार्यक्रम शहर के आदि शंकराचार्य चौक पर आयोजित किया गया जहां प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह और अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

सीएम डॉ. मोहन यादव ओरछा के राम राजा सरकार के दरबार में पहुंचे, वहीं कहा कि जल्दी ही पूरी कैबिनेट समेत वे श्री रामलला के दर्शन करने अयोध्या जाएंगे

22 जनवरी को पूरा मप्र अवध बन गया। ऐसी दीप ज्योतियां, ऐसी आतिशबाजी और इतनी जगह सुंदरकांड व हनुमान चालीसा के पाठ व भंडारे हुए कि लगा कि ये अवध की ही धरा है

## प्रदेश में मनाई गई राम दिवाली, हर घर में जली 'राम ज्योति', आतिशबाजी हुई



सीएम ने रामराजा लोक के मॉडल का अवलोकन किया

### ओरछा में राम राजा सरकार मंदिर में 5100 मिट्टी के दीपक जलाए गए

हरिभूमि न्यूज ⏩ भोपाल

22 जनवरी को पूरा मप्र अवध बन गया। ऐसी दीप ज्योतियां, ऐसी आतिशबाजी और इतनी जगह सुंदरकांड व हनुमान चालीसा के पाठ व भंडारे हुए कि लगा कि ये अवध की ही धरा है।

श्री रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा पर हर जगह केसरिया ध्वज लहराए। नदियों के किनारे व घरों में मिट्टी के इतने दीप जले कि दिवाली पीछे चली गई। यह महा-दिवाली ही थी। इस मौके पर सीएम डॉ. मोहन यादव ओरछा के राम राजा सरकार के दरबार में दर्शन-पूजन के लिए पहुंचे, वहीं कहा कि जल्दी ही पूरी कैबिनेट समेत वे श्री रामलला के दर्शन करने अयोध्या जाएंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने श्री रामराजा सरकार मंदिर ओरछा में आचार्य पं. वीरेंद्र बिढुआ और उनके सहयोगियों के श्लोक एवं मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना की। डॉ. यादव ने आदित्यादि नवग्रह मंडलम पीठ, सर्वोत्तोभद्र मंडलम पीठ, गणेश गौरी पीठ, षोडष मातृका पीठ का विधि पूजन किया। भगवान श्री राम के चित्र पर पुष्प अर्पण करने के साथ ही मुख्यमंत्री ने जनप्रतिनिधियों के साथ आरती भी की। पूजा संपन्न होने के बाद भजन गायिका सुश्री माधुरी मधुकर ने भगवान राम पर आधारित भजन प्रस्तुत किए। पूजन संपन्न कराने वाले आचार्य बिढुआ ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव एवं अन्य जनप्रतिनिधियों का पुष्पहार से स्वागत किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भगवान श्री राम से मध्यप्रदेश की समृद्धि और प्रदेशवासियों की खुशहाली के लिए प्रार्थना की। मंदिर परिसर में ही उन्होंने रामराजा लोक के मॉडल का अवलोकन किया तथा उसकी प्रगति के संबंध में जानकारी प्राप्त की।



### भंडारे में भोजन प्रसादी परोसी, खुद भी प्रसाद ग्रहण किया

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ओरछा के रामराजा सरकार के दरबार में आयोजित भंडारे में महिला श्रद्धालुओं को भोजन प्रसादी परोसी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के हाथों से प्रसाद पाकर राम भक्त महिला श्रद्धालुओं ने प्रसन्नता व्यक्त की तथा उन्हें अपना आशीर्वाद दिया। श्रद्धालु श्रीमती सविता एवं सरोजनी ने कहा कि अयोध्या में श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर अपने मुख्यमंत्री के हाथों प्रसादी पाना वे अपना सौभाग्य मानती हैं। मुख्यमंत्री ने जनप्रतिनिधियों के साथ श्री रामराजा दरबार में चल रहे भंडारे में शामिल होकर भोजन प्रसादी ग्रहण की।

## मुख्यमंत्री तुलसी मानस प्रतिष्ठान कार्यक्रम में भी हुए शामिल

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भगवान श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के पुनीत दिवस का आरंभ तुलसी मानस प्रतिष्ठान स्थित श्री सिद्ध रघुनाथ मंदिर में साफ-सफाई तथा सेवा करने के बाद पूजा-अर्चना के साथ किया। मानस प्रतिष्ठान के संयोजक रघुनंदन शर्मा तथा अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने मानस प्रतिष्ठान में मीडिया के साथियों से चर्चा में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हो रहे भगवान श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा समारोह से भारतवंशी उत्साह में हैं। देश के साथ-साथ संपूर्ण विश्व का वातावरण राममय हो गया है। डॉ. यादव ने कहा कि भारत के लिए आज का दिन बहुत सौभाग्य का दिन है। प्रधानमंत्री मोदी के माध्यम से देश एक नए सांस्कृतिक अनुष्ठान की, एक नए पर्व की अंगड़ाई ले रहा है। इस अवसर के माध्यम से भारत अपनी अच्छाइयों को दुनिया में प्रदर्शित करे और मानवता की सेवा में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश और आगे बढ़े। मुख्यमंत्री ने कहा कि दुनिया के जिन-जिन देशों में भारतवंशी विराजमान हैं, उन सभी देशों में वातावरण राममय हो गया है। इंग्लैंड की संसद का दृश्य तो देखते ही बनता है। मुख्यमंत्री ने सभी को शुभकामनाएं दीं।

### 500 से ज्यादा स्थानों पर राम मंदिर की प्रतिकृति बनाई

सुबह 5 बजे से ही मंदिर रोशन रहे। गली-गली मंदिर-मंदिर में राम नाम गूंजा। कलश यात्रा, शोभायात्रा में लोग थिरके। हार-फूलों से मंदिरों में देव प्रतिमाओं का श्रृंगार किया गया। फूल बंगले बनाए गए। 500 से ज्यादा स्थानों पर राम मंदिर की प्रतिकृति तैयार की गई



## राम मय हुआ सीहोर का कुबेरेश्वरधाम...

### 50 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने जलाए दीप

पूरा कुबेरेश्वरधाम राम मय हो गया है। सोमवार को विठलेश सेवा समिति के तत्वावधान में यहां पर दोपहर में हजारों दीपों को प्रज्वलित कर महाआरती की गई। वहीं, करीब 50 हजार से अधिक श्रद्धालुओं को समिति के पदाधिकारियों ने प्रसादी ग्रहण कराई। सुबह से ही यहां पर मौजूद श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीराम और यहां पर स्थित बाबा की शिला का अभिषेक किया। भागवत भूषण पंडित प्रदीप मिश्रा के निर्देशानुसार सुबह से ही यहां पर आने वाले श्रद्धालुओं को करीब पांच क्विंटल से अधिक हलवा की प्रसादी के अलावा 10 क्विंटल से अधिक आटे की चपाती, सब्जी और खिचड़ी आदि का वितरण किया गया। दोपहर 12 बजे के बाद अयोध्या में प्राण-प्रतिष्ठा का कार्यक्रम पूरा हुआ तो यहां पर उत्साहित श्रद्धालुओं ने जोरदार आतिशबाजी और मिठाई का वितरण किया।

## ग्वालियर में हुई आतिशबाजी, झूमते हुए सड़कों से निकले राम भक्त

ग्वालियर के फालका बाजार स्थित राम मंदिर को अयोध्या नगरी बनाया गया है। इस मंदिर से 2 किलोमीटर दूर सनातन धर्म मंदिर में जनकपुरी बनाई गई । दोनों स्थानों के बीच में पाटनकर बाजार में हनुमान गड़ी बनाई गई । अयोध्या नगरी (राम मंदिर) में सोमवार सुबह भगवान राम का जलाभिषेक हुआ है। उसके बाद भगवान का श्रृंगार किया गया और फिर राम भक्तों के लिए मंदिर के पट खोले गए हैं। दोपहर 12.30 बजे अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के साथ ही ग्वालियर के मंदिरों में आरती हुई। साथ ही प्रसाद वितरण किया गया है। रथ यात्रा में हजारों की संख्या में राम भक्त नाचते और झूमते हुए पहुंचे।

### जय-जय श्रीराम के जयघोषों से गूंजा सागर

प्राण-प्रतिष्ठा का कार्यक्रम देश के साथ सागर के भक्तों ने भी लाइव देखा। जैसे ही भगवान श्रीराम की प्राण-प्रतिष्ठा हुई तो सागर जय-जय श्रीराम के जयघोषों से गूंज उठा। हर तरफ जय श्रीराम के जयकारों के साथ आतिशबाजी की गई। मंदिरों में दीप जलाकर आरती और पूजा-पाठ किया गया। भगवान श्रीराम मंदिर के अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर मुख्य कार्यक्रम वृंदावन बाग मंदिर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अयोध्या के प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम का लाइव प्रसारण किया गया। जिसे देखने के लिए शहर के सैकड़ों भक्त पहुंचे। मंदिर में सुबह 7 बजे से मंगल फेरी, प्रभात फेरी शुरू हुई जो मंदिर की परिक्रमा करते हुए 7.30 बजे मंदिर में वापस पहुंची। 10 बजे से 11 बजे तक कलश यात्रा चली। जिसमें सभी बुंदेली वाद्य यंत्र शामिल हुए।

### ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर में हुए विशेष आयोजन



ज्योतिर्लिंग नगरी में ओंकारेश्वर मंदिर ट्रस्ट द्वारा विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम किए। मंदिर गर्भग्रह को सुगंधित फूलों से सजाया गया। ज्योतिर्लिंग भगवान ओंकारेश्वर का आकर्षक श्रंगार किया गया। भगवान ओंकारेश्वर जी की पंचमुखी प्रतिमा फुलों से सुसज्जित पालकी में सवार हो कर पौराणिक कोटितीर्थ घाट पहुंची। यहां पर भगवान भोलेनाथ का वैदिक ब्राह्मणों द्वारा पंचामृत अभिषेक कर पालकी को नौकाविहार कराया गया।

### मां नर्मदा का सेठानी घाट 11 हजार दीपों की रोशनी से जगमग हो उठा



पूरी नर्मदा नगरी मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की भक्ति में सोमवार को डूबी नजर आईं। घर-घर भगवा ध्वज लहराए। श्रद्धालुओं ने मंदिरों के साथ घरों में भी आकर्षक विद्युत सज्जा की। शाम होते आतिशबाजी कर दीपोत्सव मनाया गया। सुंदरकांड, रामधुन के साथ शोभायात्राएं निकाली गईं। शहर की गलियां भगवा रंग में रंगी नजर आईं। बच्चे, बुजुर्ग, युवा, महिलाओं में खासा उत्साह नजर आया। पूरे शहर में दीपोत्सव मनाया गया।

### प्राचीन राम मंदिर में राम महा-आरती



पवित्र नगरी मुलताई राममयी दिखाई दी। संपूर्ण ताप्ती तट, राम मंदिर, ताप्ती मंदिर, लक्ष्मी नारायण सहित दर्जनों मंदिरों पर विशेष लाइटिंग व्यवस्था की गई है। संपूर्ण तटो को दीपों से सजा दिया गया है। ताप्ती तट पर स्थिति अत्यंत प्राचीन और प्रसिद्ध राम मंदिर में विशेष राम महा आरती का आयोजन किया गया। नागदेव मंदिर प्रांगण में दिव्य श्री राम कथा भावोत्सव का प्रारंभ कलश यात्रा के साथ हुआ।

## खबर संक्षेप



### बीमा कंपनी लॉकटन का भारतीय बाजार में प्रवेश

**नई दिल्ली।** अमेरिका स्थित स्वतंत्र बीमा ब्रोकरेज कंपनी लॉकटन ने भारतीय बाजार में प्रवेश की सोमवार को घोषणा की। कंपनी ने एक बयान में कहा कि लॉकटन के भारत में प्रवेश के लिए नियामक की मंजूरी की आवश्यकता होगी। कंपनी भारत में जोखिम संबंधी परामर्श और प्रबंधन सेवाओं की बढ़ती मांग को पूरा करेगी। लॉकटन के दुनियाभर में 135 कार्यालय हैं। बयान के अनुसार, संदीप दादिया को भारत का मुख्य कार्यकारी अधिकारी और लॉकटन एशिया नेतृत्व दल का सदस्य नियुक्त किया गया है।

### सेलेरिटीएक्स अयोध्या में नेटएक्स पेश करेगा

**नई दिल्ली।** हिंदुजा ग्लोबल सॉल्यूशंस (एचजीएस) के उद्यम व्यवसाय सेलेरिटीएक्स ने अयोध्या में बेहतर संपर्क के लिए नेटएक्स पेश करने की घोषणा की है।



यह अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दौरान संपर्क स्थापित करने में मदद करेगा। इससे इंटरनेट संपर्क प्रदान करने में स्थानीय संचालकों को भी मदद मिलेगी। नेटएक्स के दल ने समारोह की अवधि के दौरान संपूर्ण प्रोजेक्ट-मैनेजमेंट-ए-ए-सर्विस (पीएमएएएस) और लिंक मॉनिटरिंग के लिए एक प्रभावी इंटरफ़ेस प्रदान किया है।

### विकास लाइफकेयर स्काई क्लब में लेगी हिस्सेदारी



**नई दिल्ली।** विकास लाइफकेयर लिमिटेड (वीएलएल) दुबई स्थित स्काई 2.0 क्लब में 7.9 करोड़ अमेरिकी डॉलर (करीब 650 करोड़ रुपये) में 60 प्रतिशत हिस्सेदारी का अधिग्रहण करेगी। वीएलएल ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि अधिग्रहण प्रक्रिया चालू वित्त वर्ष 2023-24 में पूरी की जाएगी। कंपनी ने कहा, ' यह अधिग्रहण विकास लाइफकेयर तथा होल्डिंग कंपनी ब्लू स्काई इवेंट हॉल एफजेड-एलएलसी (दुबई) के बीच शेयर अदला-बदली सौदा है।

### जिंदल स्टेनलेस ने खुल्बे को किया सीईओ नियुक्त


**नई दिल्ली।** जिंदल स्टेनलेस लिमिटेड ने सोमवार को कहा कि उसने पूर्णकालिक निदेशक तरूण खुल्बे को मुख्य कार्यपालक



अधिकारी (सीईओ) पद पर पदोन्नत किया है। जिंदल स्टेनलेस लिमिटेड (जेएसएल) ने शेयर बाजार को बताया कि इस संबंध में पिछले सप्ताह कंपनी के निदेशक मंडल की बैठक में निर्णय लिया गया था। कंपनी ने बताया कि निदेशक मंडल ने मुख्य कार्यपालक अधिकारी और पूर्णकालिक निदेशक के रूप में तरूण खुल्बे की पदोन्नति को मंजूरी दे दी है।

### तूतीकोरिन अल्कली के संयंत्र में फिर से परिचालन शुरू

**चेन्नई।** तूतीकोरिन अल्कली केमिकल्स एंड फर्टिलाइजर्स



लिमिटेड ने तमिलनाडु स्थित अपने कारखाने में परिचालन फिर से शुरू कर दिया है। इसे दिसंबर 2023 में विनाशकारी बारिश के बाद बंद कर दिया गया था। कंपनी सोडा ऐश और अमोनियम क्लोराइड उर्वरक का उत्पादन करती है। दिसंबर 2023 में देश के दक्षिणी हिस्सों में हुई भारी बारिश के कारण तूतीकोरिन संयंत्र में काम बंद करना पड़ा था।

### प्राण प्रतिष्ठा पर बाजार रहा बंद

**नई दिल्ली।** अयोध्या में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा पर शेयर और मुद्रा बाजार सोमवार को बंद रहे। बाजार में रोज की तरह मंगलवार को कारोबार होगा।

# प्राण प्रतिष्ठा समारोह में जुटे कॉरपोरेट क्षेत्र के तमाम दिग्गज

## मुकेश अंबानी, लक्ष्मी मित्तल, सुनील मित्तल, कुमार मंगलम हुए शामिल

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

अयोध्या में भव्य राम मंदिर के सोमवार को आयोजित प्राण प्रतिष्ठा समारोह में कॉरपोरेट जगत ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस समारोह में मुकेश अंबानी समेत तमाम कॉरपोरेटे दिग्गज शामिल हुए और कई कंपनियों ने अपने कर्मचारियों को इस विशेष अवसर पर छुट्टी भी दी।

उद्योगपति मुकेश अंबानी और उनके परिवार के साथ इस्पात दिग्गज लक्ष्मी एन मित्तल, भारती एयरटेल के प्रमुख सुनील भारती मित्तल, रिलायंस ग्रुप के प्रमुख अनिल अंबानी और आदित्य बिड़ला समूह के चेयरमैन कुमार मंगलम बिड़ला एवं उनकी बेटी अनन्या बिड़ला भगवान राम की मूर्ति के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल हुए।

### रिलायंस के परिसरों पर विशेष पूजा का आयोजन

अंबानी की अगुवाई वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज ने इस अवसर पर अपने सभी कर्मचारियों को छुट्टी दे दी। इसके अलावा कंपनी ने अपने परिसरों में स्थित एक दर्जन से अधिक मंदिरों में विशेष पूजा का आयोजन किया और अपने जियोटीवी मंच पर मंदिर के 360-डिग्री वर्चुअल दौरे की पेशकश भी की।



### ज्ञान व शांति का प्रवेश द्वार बने : गौतम अदाणी

समारोह के लिए निमंत्रित अदाणी समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'अयोध्या मंदिर के कपाट खुलने के साथ ही इसे ज्ञान और शांति का प्रवेश द्वार बनने दें, जो भारत की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक सद्भाव के शाश्वत सूत्र से समुदायों को एकजुट करे।'

### यहां आकर सौभाग्यशाली हूं: वेम्बू

प्रौद्योगिकी समाधान मंच जोहो के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) श्रीहर वेम्बू ने भी परिवार के साथ अयोध्या मंदिर की यात्रा की तस्वीरें पोस्ट कीं। वेम्बू ने कहा, अयोध्या में मेरी अम्मा जानकी और मेरे भाई कुमार और उनकी पत्नी अनु के साथ। अम्मा आजीवन भगवान श्री राम की भक्त रही हैं। यहां आकर बहुत सौभाग्यशाली हूं।

### शामिल होकर धन्य हूं: रुइया

इसके साथ ही अदाणी ने भारत की संस्कृति एवं साहित्य के बारे में शोध करने वाले 14 छात्रों को छात्रवृत्ति देने की भी घोषणा की। प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने के लिए एस्सार कैपिटल के निदेशक प्रशांत रुइया भी अयोध्या पहुंचे। रुइया ने एक्स पर कहा, 'अयोध्या राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के लिए श्रद्धा, आस्था और विश्वास के साथ शामिल होकर धन्य हूं।'

## नेतृत्व के गतिरोध के कारण यह फैसला लिया गया

# सोनी ने जी एंटरटेनमेंट के साथ 10 अरब के विलय समझौते को किया समाप्त

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

सोनी ग्रुप कॉरपोरेशन ने जी एंटरटेनमेंट के साथ 10 अरब अमेरिकी डॉलर के विलय समझौते को समाप्त कर दिया है। विलय की गई इकाई का नेतृत्व कौन करेगा, इस बात पर गतिरोध के कारण यह फैसला किया गया।

- सोनी ने समझौते को समाप्त करने के लिए नोटिस भेजा

समूह ने इस समझौते को समाप्त करने के लिए जी को एक नोटिस भेजा और विलय समझौते की शर्तों का उल्लंघन करने के लिए समाप्ति शुल्क के रूप में नौ करोड़ अमेरिकी डॉलर की मांग की। जी ने इस संबंध में शेयर बाजार को दी जानकारी में सोनी के सभी दावों का खंडन किया और कहा कि वह कानूनी मदद लेगा।

**खास बातें**

- शर्तों का उल्लंघन करने के लिए नौ करोड़ अमेरिकी डॉलर की मांग
- जी ने सोनी के सभी दांवों का किया खंडन, कंपनी कानूनी मदद लेगी




### दोनों कंपनियों के लिए समझौता महत्वपूर्ण था

सोनी ने विलय के बाद भी प्रमुख बने रहने की जी के मुख्य कार्यकारी पुनित गोयनका की मांग का विरोध किया था। पुनित गोयनका के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोपों में बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) जांच कर रहा है। दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था में बने रहने के लिए दोनों कंपनियों के लिए यह समझौता महत्वपूर्ण माना जा रहा था।

### नेतृत्व को लेकर बना गतिरोध

कंपनी ने कहा, 'जी ने कई स्थायी तथा अपरिवर्तनीय कदम उठाकर विलय के प्रति अत्यधिक प्रतिबद्धता दिखाई है, जिसके परिणामस्वरूप जी को एकमुश्त तथा बार-बार आने वाली लागत का सामना करना पड़ा।' समझौते को समाप्त किए जाने की वजह नेतृत्व को लेकर गतिरोध बताई जा रही है।

### वैश्विक कंपनियों को मिलती टक्कर

इस समझौते से 70 से अधिक भारतीय टीवी चैनल, लोकप्रिय बॉलीवुड स्टूडियो तथा एक व्यापक फिल्म लाइब्रेरी के साथ एक बड़ा समूह अस्तित्व में आता जो वैश्विक कंपनियों नेटफ्लिक्स और अमेजन को टक्कर देता।

### जील ने समझौता समाप्ति की घोषणा की

जापान की कंपनी ने एक बयान में कहा, सोनी ग्रुप कॉरपोरेशन की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी सोनी पिक्चर्स नेटवर्क्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड आज एक नोटिस जारी करते हुए एसपीएनआई और जी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेज लिमिटेड (जील) के बीच समझौतों को समाप्त करने की घोषणा करती है।

### समझौते की घोषणा 22 दिसंबर 2021 को हुई

इस समझौते की घोषणा 22 दिसंबर 2021 को गई थी। कल्वर मैक्स एंटरटेनमेंट को पहले सोनी पिक्चर्स नेटवर्क्स इंडिया (एसपीएनआई) के नाम से जाना जाता था। समझौते के तहत विलय 21 दिसंबर 2023 से पहले पूरा किया जाना था। बाद में यह अवधि एक महीने और बढ़ा दी गई थी।

### 21 जनवरी तक विलय की शर्तें पूरी नहीं हुई

शेयर बाजार को दी जानकारी में कहा गया, 'विलय अंतिम तिथि तक पूरा नहीं हुआ, क्योंकि अन्य बातों के अलावा विलय की समापन शर्तें तब तक पूरी नहीं हुई थीं।' सोनी ने कहा, 'अत्यंत निराशा हुई कि समय सीमा 21 जनवरी तक विलय की शर्तें पूरी नहीं हुईं।'

# टाटा मोटर्स के साणंद कारखाने में अप्रैल से ईवी वाहनों का निर्माण

## कंपनी ने फोर्ड इंडिया से किया था अधिग्रहण

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

टाटा मोटर्स इस साल अप्रैल से फोर्ड इंडिया से अधिग्रहण किये गये साणंद संयंत्र में इलेक्ट्रिक वाहनों का विनिर्माण शुरू करने की योजना बना रही है। कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी ने यह जानकारी दी। कंपनी की इकाई टाटा पैसेंजर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी लिमिटेड ने पिछले साल जनवरी में फोर्ड इंडिया से 725.7 करोड़ रुपये में इस संयंत्र का अधिग्रहण किया था। टाटा मोटर्स के प्रबंध निदेशक (यात्री वाहन) शैलेश चंद्रा ने कहा, 'हम अप्रैल से नेक्सन ईवी के साथ साणंद में इलेक्ट्रिक वाहन का

- 725 .7 करोड़ रुपए में इस संयंत्र का किया था अधिग्रहण



विनिर्माण शुरू करने की योजना बना रहे हैं।' कंपनी ने पहले ही तीन लाख इकाई प्रति वर्ष की स्थापित क्षमता वाले विनिर्माण संयंत्र में नेक्सॉन के पेट्रोल, डीजल संस्करणों का उत्पादन शुरू कर दिया है। इसके साथ वार्षिक क्षमता बढ़कर 4.2 लाख इकाई हो जाएगी। चंद्रा ने कहा कि कंपनी इस कारखाने में आगामी मॉडल का उत्पादन भी करना चाहती है।

### यात्री वाहन उद्योग में पांच फीसदी वृद्धि की उम्मीद

अगले वित्त वर्ष में बिक्री के सवाल पर उन्होंने कहा कि यात्री वाहन उद्योग में पांच प्रतिशत की वृद्धि होने की उम्मीद है। चंद्रा ने कहा, 'हमने कुछ नए उत्पाद पेश करने की योजना बनाई है, इसलिए हम उद्योग से बेहतर वृद्धि करने का लक्ष्य रखेंगे।

### फेम के तहत ईवी को दिया गया लाभ

बजट से उम्मीदों पर उन्होंने कहा कि व्यक्तिगत इलेक्ट्रिक कारों को फेम योजना के तहत लाभ देने से देश में इलेक्ट्रिक वाहनों के विकास में तेजी आने की उम्मीद है। फेम से तात्पर्य भारत में हाइब्रिड और इलेक्ट्रिक वाहनों को तेजी से अपनाने तथा विनिर्माण से है।

# नेपाल में असेंबली संयंत्र लगाएगी हीरो मोटोकॉर्प

**सीजी मोटर्स के साथ मिलकर लगाएगी संयंत्र**




एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

हीरो मोटोकॉर्प ने सोमवार को कहा कि वह सीजी मोटर्स के साथ मिलकर नेपाल में असेंबली इकाई स्थापित करेगी। कंपनी ने नेपाल में हाल ही में सीजी मोटर्स को वितरक नियुक्त किया है।

- क्षमता 75 हजार यूनिट प्रति वर्ष होगी
- परिचालन मार्च 2024 से होगा

देश की सबसे बड़ी दोपहिया वाहन विनिर्माता कंपनी ने बयान में कहा कि यह संयंत्र नेपाल के नवलपुर जिले में लगाया जाएगा और इसकी क्षमता 75,000 यूनिट प्रति वर्ष होगी। इसमें कहा गया है कि परिचालन मार्च 2024 में शुरू होगा। हीरो मोटोकॉर्प ने वर्ष 2014 में नेपाल में कदम रखा। पिछले कुछ वर्षों में, कंपनी ने खुद को देश में एक अग्रणी कंपनी के रूप में स्थापित किया है। हीरो मोटोकॉर्प के वैश्विक व्यापार विभाग के प्रमुख संजय भान ने कहा, 'अपनी विशाल विशेषज्ञता और विविध व्यावसायिक ज्ञान के साथ, चौधरी ग्रुप (सीजी) यहां हमारे परिचालन को बढ़ावा देगा।'

### योजना कई नए उत्पाद पेश करने की

भान ने कहा कि निकट भविष्य में, कंपनी की योजना देश भर में अपने परिचालन को और मजबूत करने और कई नए उत्पाद पेश करने की है। इससे कंपनी के वाहनों के लिए बाजार को बढ़ाने में मदद मिलेगी। हीरो मोटोकॉर्प नेपाल में सुपर स्प्लेंडर, ग्लैमर, एचएफ डीलक्स और एक्सपल्स 200 मोटरसाइकिल जैसे मॉडल बेचती है।

# बिजलीघरों में अप्रैल-दिसंबर में उत्पादन सात प्रतिशत बढ़ा

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

घरेलू कोयले पर आधारित बिजलीघरों में उत्पादन चालू वित्त वर्ष के पहले नौ महीनों में 7.14 प्रतिशत बढ़कर 872 अरब यूनिट रहा। कोयला मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि घरेलू कोयले पर आधारित बिजली उत्पादन का बढ़ना देश में बढ़ती ऊर्जा मांग को पूरा करने के लिए कोयले की पर्याप्त आपूर्ति को दर्शाता है।

- पहले नौ महीनों में 872 अरब यूनिट रहा

एक साल पहले की समान अवधि में घरेलू कोयला आधारित बिजली उत्पादन 813.9 अरब यूनिट रहा था। ताप-विद्युत बिजली इकाइयों को चलाने के लिए मुख्य ईंधन के तौर पर कोयले का इस्तेमाल होता है। कुल बिजली उत्पादन में ताप-विद्युत की हिस्सेदारी 70 प्रतिशत से भी अधिक है। मंत्रालय ने कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 की अप्रैल-दिसंबर अवधि में कोयला आधारित बिजली उत्पादन एक साल पहले की समान अवधि के मुकाबले 10.13 प्रतिशत बढ़ गया। अप्रैल-दिसंबर, 2022 में बिजली उत्पादन 6.71 प्रतिशत बढ़ा था।



# करूर वैश्य बैंक को दिसंबर तिमाही में 412 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ

एजेंसी ▸▸ चेन्नई

निजी क्षेत्र के करूर वैश्य बैंक का शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में 42.56 प्रतिशत बढ़कर 412 करोड़ रुपये रहा। तमिलनाडु के बैंक ने सोमवार को एक बयान में कहा कि बैंक ने पिछले वर्ष की इसी तिमाही के दौरान 289 करोड़ रुपये का शुद्ध मुनाफा अर्जित किया था बैंक का 31 दिसंबर, 2023 को समाप्त नौ महीने की अवधि के लिए शुद्ध मुनाफा 49.61 प्रतिशत बढ़कर 1,149 करोड़ रुपये हो गया, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि के दौरान 768 करोड़ रुपये था। समीक्षाधीन तिमाही के दौरान कुल आय पिछले वर्ष की समान अवधि के 2,012.71 करोड़ रुपये से बढ़कर दिसंबर तिमाही में 2,497.17 करोड़ रुपये रही।

- चालू वित्त वर्ष में लाभ 42 .56 फीसदी बढ़ा




बैंक ने कहा कि सकल गैर निष्पादित संपत्ति (जीएनपीए) 31 दिसंबर, 2023 तक 1.12 प्रतिशत सुधर कर सकल कर्ज का 1.58 प्रतिशत रही जो एक साल पहले इसी तिमाही में 2.70 प्रतिशत थी। रुपये में यह दिसंबर 2023 को समाप्त तिमाही में 1,152 करोड़ रुपये रही जो जो 31 दिसंबर 2022 को 1,674 करोड़ रुपये थी।

### शुद्ध एनपीए 0.42 फीसदी

तिमाही के दौरान शुद्ध एनपीए 31 दिसंबर, 2023 को शुद्ध अग्रिम का 0.42 प्रतिशत यानी 305 करोड़ रुपये था, जबकि 31 दिसंबर, 2022 को 0.90 प्रतिशत यानी 550 करोड़ रुपये था।

# कोलगेट का लाभ तिमाही में 35.7 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** टूथपेस्ट, ब्रश जैसे दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कोलगेट-पामोलिव इंडिया लिमिटेड का शुद्ध लाभ दिसंबर तिमाही में 35.71 प्रतिशत बढ़कर 330.11 करोड़ रुपये रहा। दंतमंजन खंड में दोहरे अंक की वृद्धि के कारण कंपनी का लाभ बढ़ा है। कोलगेट-पामोलिव इंडिया लिमिटेड (सीपीआईएल) ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि कंपनी को एक साल पहले इसी तिमाही में




243.24 करोड़ रुपये का शुद्ध मुनाफा हुआ था। चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में इसकी बिक्री 8.21 प्रतिशत बढ़कर 1,386.41 करोड़ रुपये की रही जो एक साल पहले इसी अवधि में 1,281.21 करोड़ रुपये थी। तिमाही के दौरान कंपनी का कुल खर्च मामूली गिरावट के साथ 970.14 करोड़ रुपये रहा।

समीक्षाधीन तिमाही में सीपीआईएल की कुल आय 8.6 प्रतिशत बढ़कर 1,413.54 करोड़ रुपये रही।

# बजट में कागज, पेपरबोर्ड पर आयात शुल्क बढ़ाने की मांग

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

घरेलू कागज और पेपरबोर्ड विनिर्माताओं ने आगामी आम बजट में कागज उत्पादों पर आयात शुल्क बढ़ाकर 25 प्रतिशत करने और गुणवत्ता नियंत्रण आदेश लगाने की मांग की है। भारतीय कागज विनिर्माता संघ (आईपीएमए) ने सोमवार को एक बयान में यह मांग करते हुए कहा कि सस्ते आयात को हतोत्साहित करने के लिए ऐसा करना जरूरी है। संगठन ने कहा कि उसने बजट से पहले सरकार को अपने ज्ञापन में कागज और पेपरबोर्ड के आयात पर मूल सीमा शुल्क को 10 प्रतिशत से बढ़ाकर 25 प्रतिशत करने का आग्रह किया है।

- आईपीएमए ने आयात शुल्क बढ़ाकर 25 फीसदी करने की मांग

आईपीएमए ने कहा कि इन उत्पादों पर भारत की डब्ल्यूटीओ सीमा दर 40 प्रतिशत है। ज्ञापन में भारतीय उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण उत्पादों की आपूर्ति सुनिश्चित करने और देश में घटिया उत्पादों के आयात की जांच करने के लिए विभिन्न श्रेणियों के कागज के लिए गुणवत्ता नियंत्रण आदेश (क्यूसीओ) जारी करने को भी कहा गया है। आईपीएमए के अध्यक्ष पवन अग्रवाल ने सरकार से मौजूदा एफटीए (आसियान, दक्षिण कोरिया और जापान) की समीक्षा करते समय और नए एफटीए तैयार करते समय कागज और पेपरबोर्ड को नकारात्मक सूची में रखने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि सीमा शुल्क में किसी भी बढ़ोतरी से एफटीए के तहत देश में आने वाले शुल्क मुक्त आयात पर कोई असर नहीं पड़ेगा।



### एंटी-डंपिंग शुल्क की मांग

अग्रवाल ने कहा कि कागज की विभिन्न श्रेणियों के आयात पर उपयुक्त सुरक्षा, एंटी-डंपिंग और काउंटरवेलिंग शुल्क शीघ्रता से लगाया जाना चाहिए। खास तौर से व्यापार उपचार महानिदेशालय (डीजीटीआर) की सिफारिश के बाद ऐसा तुरंत करना चाहिए।

## प्रति वर्ष कम से कम पांच करोड़ पर्यटकों के आने की संभावना

# देश का सबसे बड़ा पर्यटक केंद्र होगा अयोध्या: रिपोर्ट

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

अयोध्या में राम मंदिर के भव्य उद्घाटन से शहर में प्रति वर्ष कम-से-कम पांच करोड़ पर्यटकों के आने की संभावना है। यह संख्या स्वर्ण मंदिर और तिरूपति मंदिर में जाने वाले श्रद्धालुओं से कहीं अधिक है। ब्रोकरेज फर्म जेफरीज ने अपनी एक रिपोर्ट में अनुमान जताया है कि हवाई अड्डे जैसे बुनियादी ढांचे पर बड़े पैमाने पर खर्च करने से उत्तर प्रदेश का यह शहर एक बड़े पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित हो जाएगा।

- स्वर्ण मंदिर व तिरूपति मंदिर जाने वाले श्रद्धालुओं से ज्यादा होगी



**भारत में धार्मिक पर्यटन सबसे बड़ा खंड:** विश्व स्तर पर, वेटिकन सिटी में हर साल लगभग 90 लाख पर्यटक आते हैं और सऊदी अरब के मक्का में लगभग दो करोड़ पर्यटक आते हैं। जेफरीज के अनुसार, धार्मिक पर्यटन अभी भी भारत में पर्यटन का सबसे बड़ा खंड है।

### स्वर्ण मंदिर में प्रति वर्ष 3.5 करोड़ लोग आते हैं

रिपोर्ट के मुताबिक एक नए हवाई अड्डे, विस्तारित रेलवे स्टेशन, आवासीय योजनाओं और बेहतर सड़क संपर्क के साथ नए होटलों और अन्य आर्थिक गतिविधियों के चलते यहां प्रति वर्ष पांच करोड़ से अधिक पर्यटक आ सकते हैं। एक अनुमान के मुताबिक अमृतसर के स्वर्ण मंदिर में प्रति वर्ष 3-3.5 करोड़ लोग आते हैं, जबकि तिरूपति मंदिर में 2.5-3 करोड़ लोग आते हैं।

### पर्यटन ने जीडीपी में दिया 194 अरब डॉलर का योगदान

बेहतर संपर्क और बुनियादी ढांचे के साथ एक नए धार्मिक पर्यटन केंद्र (अयोध्या) का निर्माण एक बड़ा आर्थिक प्रभाव पैदा कर सकता है। रिपोर्ट में कहा गया कि पर्यटन ने वित्त वर्ष 2018-19 (कोविड-पूर्व) के दौरान जीडीपी में 194 अरब डॉलर का योगदान दिया और वित्त वर्ष 2032-33 तक इसके आठ प्रतिशत की दर से बढ़कर 443 अरब डॉलर होने की उम्मीद है।

### 10 लाख यात्रियों को संभालेगा एयरपोर्ट

रिपोर्ट के मुताबिक अयोध्या में नए हवाई अड्डे का चरण -1 चालू हो गया है और यह 10 लाख यात्रियों को संभाल सकता है। रेलवे स्टेशन को प्रतिदिन 60,000 यात्रियों को संभालने के लिए विस्तारित किया गया है। वर्तमान में अयोध्या में 590 कमरों वाले लगभग 17 होटल हैं। इसके अलावा 73 नए होटल तैयार किए जा रहे हैं।

## चिंतन

# भारतीय सनातन संस्कृति के पुनर्जागरण का आरंभकाल

आज 22 जनवरी सोमवार को भारत का करीब 500 वर्ष का सपना पूरा हुआ। अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा हुई। अब रामलला एक दिव्य मंदिर में विराजेंगे। वास्तुकला की पारंपरिक नागर शैली में निर्मित मंदिर, लंबाई में 380 फुट (पूर्व-पश्चिम), चौड़ाई में 250 फुट और ऊंचाई में 161 फुट आकार का है। यह 392 स्तंभों पर टिका है और इसमें 44 दरवाजे हैं। 22 जनवरी की तारीख एक नए कालचक्र का उद्गम है। यह क्षण पवित्रतम है। अयोध्या में राम मंदिर निर्माण का राजनीतिक लाभ लेने की जो भी कोशिश हो, लेकिन सबसे अधिक इसका सांस्कृतिक महत्व ही है। भारतीय समावेशी संस्कृति के प्रतीक पुरुष श्रीराम की जन्मभूमि अयोध्या में रामलला का भव्य मंदिर में विराजना सनातन संस्कृति के पुनर्जागरण का आरंभकाल है। आज समूचा देश राममय है। अमेरिका, कनाडा, रूस, मॉरीशस, नेपाल, भूटान, ब्रिटेन, यूएई आदि समेत विश्वभर में बसे हिंदुओं में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर खुशी है। पाकिस्तान और कतर जैसे देशों के मीडिया में जरूर भारत को लेकर नकारात्मक रुख हैं, लेकिन उन्हें नहीं पता कि भारत के संविधान में ही शिव, राम, कृष्ण, बुद्ध अंकित हैं। पाक ने तो खुद को इस्लामिक राष्ट्र ही बना लिया है, तो वह किस मुंह से भारत को धर्मनिरपेक्षता की नसीहत दे रहा है? खैर, आज राम के सबको साथ लेकर चलने के संदेश को आत्मसात करने का दिन है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अयोध्या में रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा को एक नए युग के आगमन का प्रतीक करार दिया और लोगों से अगले 1,000 वर्षों के मजबूत भारत की नींव बनाने का आह्वान किया। प्राण प्रतिष्ठा समारोह के बाद 'सियावर रामचंद्र की जय' और 'जय श्री राम' के उद्घोष से समूची अयोध्या गुंजायमान हो उठी। अयोध्या में रामलला की स्थापना जीत का नहीं, राम की विनम्रता व विनयशीलता की प्रतिस्थापना है। यह राम मंदिर समृद्ध और विकसित भारत के उदय का गवाह बनेगा। यह केवल एक मंदिर भर नहीं है, बल्कि भारत की सांस्कृतिक आध्यात्मिक चेतना के उत्थान का प्रतीक स्थल है। आज जिस तरह समूचे देश में राम के प्रति आस्था का सैलाब उमड़ा, यह प्रमाण है कि भारत के जनमानस में प्राण प्रण से राम स्थापित हैं। भारत की सांस्कृतिक पहचान राम हैं, जो समूचे राष्ट्र को जोड़कर रखते हैं। भगवान राम देश के संविधान की पहली प्रति में निवास करते थे। संविधान के अस्तित्व में आने के बाद भी दशकों तक प्रभु श्रीराम के अस्तित्व को लेकर कानूनी लड़ाई चली। भारत की न्यायपालिका ने न्याय की लाज रखी। राम मंदिर का मार्ग प्रशस्त हुआ। आज देश को सदियों के राम मंदिर को लेकर धैर्य की धरोहर मिली है। राम मंदिर भारत की दृष्टि का, दर्शन का, दिग्दर्शन का मंदिर है। यह राष्ट्र चेतना का मंदिर है। अयोध्या में केवल श्रीराम के विग्रह रूप की प्राण प्रतिष्ठा नहीं हुई है, बल्कि यह राम के रूप में भारतीय संस्कृति के प्रति अटूट विश्वास की भी प्राण प्रतिष्ठा है व यह मानवीय मूल्यों और सर्वोच्च आदर्शों की भी प्राण प्रतिष्ठा है। रामलला के इस मंदिर का निर्माण भारतीय समाज के शांति, धैर्य, आपसी सद्भाव और समन्वय का भी प्रतीक है। जो लोग आमंत्रण ठुकराकर अपनी राजनीति के चलते अयोध्या नहीं गए, उन्हें राम की विनयशीलता से सीखना चाहिए, उन्हें समझना चाहिए कि राम विवाद नहीं समाधान हैं। राम आग नहीं ऊर्जा हैं, आज समूचा राष्ट्र राम की सांस्कृतिक व आध्यात्मिक ऊर्जा से ऊर्जामय है। हम अतीत की कड़वाहट से बाहर निकलें और एक समावेशी राष्ट्र के निर्माण के लिए आगे बढ़ें।

# बदले भारत का प्रतीक बनी अयोध्या



प्राण प्रतिष्ठा
अवधेश कुमार

प्राण प्रतिष्ठा के विरुद्ध बयानों से विवाद करने वालों के बारे में अगर पूछिए तो लोगों की प्रतिक्रिया या तो गुस्से में है या बहुत सारे लोगों के लिए मायने ही नहीं रखता। अयोध्या लंबे समय से आने वाले लोग बता रहे हैं कि हमने कभी कल्पना ही नहीं की थी कि इस तरह का बदला हुआ चित्र हमें दिखाई देगा। गांधी जी ने कहा है कि धर्म ऐसा क्षेत्र है जिसमें भारत दुनिया में बड़ा हो सकता है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ परिवार तथा दूसरे धार्मिक सांस्कृतिक आध्यात्मिक संगठनों-समूहों ने लंबे समय तक काम करके भारत की सोई हुई धार्मिक आध्यात्मिक चेतना की जागृति में भूमिका निभाई है। किसी भी राष्ट्र के जीवन में इस तरह की जागृति सुखद व अच्छे भविष्य का ही द्योतक हो सकता है।

मैं पिछले कई दिनों से अयोध्या में हूं। हमारे देश के उन बुद्धिजीवियों और नेताओं को, जो समय की धारा को नहीं पहचानते, अयोध्या के वातावरण का अनुमान भी नहीं होगा। आप कल्पना करिए कि कैसा माहौल है? पूरे अयोध्या जिला को पुलिस ने सील कर दिया। जिन्हें निमंत्रण है, जिनको पास मिला है, वही गाड़ियां 21- 22 - 23 जनवरी को अयोध्या आ सकी है । बावजूद हजारों की संख्या में सभी उम्र के लोग अयोध्या पहुंचे हुए हैं। मुख्य सड़कें लोगों से भरी हुई रही। लोग पैदल चल कर भी अयोध्या पहुंचे हैं। यहां भारी सुरक्षा सख्ती है। लोगों को असुविधाएं हैं। बावजूद मैंने जितने भी सामान्य लोगों से बात की किसी ने भी इस पर प्रश्न नहीं उठाया। पुलिस ने लोगों को रोका हुआ है, लोग सड़कों पर खड़े हैं लेकिन ज्यादातर के चेहरे पर प्रसन्नता का भाव है। ऐसा वातावरण इसके पहले शायद ही किसी ने देखा होगा। आम तौर पर जब सुरक्षा सख्त होती है तो लोगों की आवाज उसके विरुद्ध निकलती है लेकिन अब किसी से पूछिए तो कहेंगे कि हमें कोई परेशानी नहीं है। दर्शन आज नहीं तो कल हो जाएगा। इसका अर्थ क्या है?

भारत के सामूहिक मानस का यही बदलाव आज समझने की आवश्यकता है। अगर आप थोड़ी सूक्ष्मता से विचार करेंगे तो ऐसा लगेगा कि संपूर्ण अयोध्या भारतमय है राममय है और संपूर्ण भारत इस समय अयोध्यामय और राममय हो गया है। अयोध्या के भारतमय, राममय और भारत के राममय में होने के गहरे निहितार्थों को भी समझना आवश्यक है। किसी भी देश में सांस्कृतिक पुनर्जागरण की धाराएं इसी तरह प्रभावी होती हैं। राम मंदिर का आंदोलन किसी सामान्य मंदिर निर्माण का आंदोलन नहीं था। यह यह ध्वस्त की गई मंदिर के पुनर्निर्माण के द्वारा भारत के सांस्कृतिक पुनर्जागरण का आंदोलन था। राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के साथ-साथ दिखाई पड़ रहा है कि स्वतः स्फूर्त भाव से उत्साह और उमंग लिए हुए लोगों का अयोध्या आगमन सांस्कृतिक पुनर्जागरण के धीरे-धीरे सशक्त होने का प्रमाण है। या इस बात को प्रमाणित करता है कि जिन लोगों ने अयोध्या में मंदिर तोड़कर मस्जिद बनाने के विरुद्ध तथा राम मंदिर के पुनर्निर्माण के आंदोलन की कल्पना की वे वाकई दूरदर्शी थे। अयोध्या का चित्र बता रहा है कि भारत के आम लोगों ने अपनी भावनाओं और व्यवहार से उन सबको सच्ची श्रद्धांजलि देने की शुरुआत कर दी है।

प्राण प्रतिष्ठा के विरुद्ध बयानों से विवाद करने वालों के बारे में अगर पूछिए तो लोगों की प्रतिक्रिया या तो गुस्से में है या बहुत सारे लोगों के लिए मायने ही नहीं रखता।

वास्तव में यह भारत में सांस्कृतिक और आध्यात्मिक क्रांति की लहर जैसी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के पूर्व दक्षिण भारत में तमिलनाडु के उन मंदिरों-धर्म स्थानों का दौरा किया जहां वन यात्रा में रामचंद्र जी गए थे या उनसे जुड़े या उनकी भक्ति से जुड़े हुए हैं। तमिलनाडु से सनातन और हिंदुत्व के विरुद्ध तथा उत्तर दक्षिण को बांटने के स्वर के मध्य तथा प्राण प्रतिष्ठा के पूर्व इस यात्रा के प्रभावों का आकलन करने में थोड़ा समय लगेगा। प्रधानमंत्री की तमिलनाडु यात्रा से उत्तर



और दक्षिण का भेद खड़ा करने की चेष्टा का सकारात्मक सांस्कृतिक आध्यात्मिक प्रत्युत्तर मिला है। आम लोगों के लिए इसके कोई मायने नहीं है कि किसे निमंत्रण मिला, किसे नहीं मिला, कौन आए कौन नहीं आए। अयोध्या पहुंचकर लगेगा ही नहीं कि जिन लोगों ने प्रश्न उठाए या विरोध किया उनका कोई संज्ञान भी लेने को तैयार है।

अयोध्या लंबे समय से आने वाले लोग बता रहे हैं कि हमने कभी कल्पना ही नहीं की थी कि इस तरह का बदला हुआ चित्र हमें दिखाई देगा। श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन में भाग लेने वाले बता रहे हैं कि अगर उस समय सड़कें ऐसी होतीं, खुला वातावरण होता तो 30 अक्टूबर, 1989 और 2 नवंबर, 1989 के गोली चालन में उतनी संख्या में कारसेवक नहीं मारे जाते, लेकिन न भागने का स्थान और न बचने का। अयोध्या आंदोलन के प्रभावी होने और भारी संख्या में लोगों के लगातार पहुंचते रहने के बावजूद केंद्र और राज्य की सरकारों ने कभी भी यहां सड़कों और आम जनता की सुविधाओं के निर्माण की दृष्टि से काम किया ही नहीं। इस नाते भी यह बदली हुआ अयोध्या है। आज यह इतनी अंतर्शक्ति पा गया है कि संपूर्ण भारत की मानसिक चेतना को बदलने का आधार साबित हो सकता है।

जब आपके लक्ष्य छोटे हो तो फिर छोटे स्तर से विचार करते हैं किंतु लक्ष्य बड़े हों तो आपके विचार की परिधि भी व्यापक हो जाती है। अगर भारत के लंबे भविष्य की दृष्टि से काम करना हो तो ऐसे अवसरों पर कोई विरोधी और दुश्मन नहीं हो सकता। इसीलिए प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में विरोधियों को भी आमंत्रित किया गया। यहां तक कि मुकदमे के विरोधी पक्षकारों को भी आमंत्रित किया गया। जैसा पूरे देश को पता है विपक्षी दलों को भी आमंत्रित किया गया था। लेकिन समस्या यह थी कि संपूर्ण अयोध्या आंदोलन के दौरान जिन दलों और नेताओं ने इसका विरोध किया, उनको प्राण प्रतिष्ठा समारोह में आने के लिए कोई न कोई तार्किक आधार चाहिए था। वह मिलना संभव नहीं था। अयोध्या में आम आदमी की भाषा यही है कि विरोधी किस मुंह से प्राण प्रतिष्ठा में आते। अपने दुर्भाग्य से भाजपा और मोदी विरोधी राजनीतिक पार्टियां, बुद्धिजीवी और मीडिया के भी कुछ पुरोधा श्रीराम मंदिर से पैदा हुए भारत के सकारात्मक बदलावों को अभी भी समझने की कोशिश नहीं कर रहे। भारत का मूल धर्म व अध्यात्म रहा है। हमारे प्राचीन मनीषियों ने इसे पहचाना था। गांधी जी ने कहा है कि धर्म ऐसा क्षेत्र है जिसमें भारत दुनिया में बड़ा हो सकता है। वास्तव में धर्म भारत के डीएनए में है । जो आपका मूल संस्कार होता है, उसे जागृत कर दिया जाए तो फिर वह उच्चता को प्राप्त करता है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ परिवार तथा दूसरे धार्मिक सांस्कृतिक आध्यात्मिक संगठनों - समूहों ने लंबे समय तक काम करके भारत की सोई हुई धार्मिक आध्यात्मिक चेतना की जागृति में भूमिका निभाई है। चाहे वह सोमनाथ का पुनर्निर्माण हो, अयोध्या आंदोलन या लंबे समय से चल रहे दूसरे मंदिरों के पुनरुद्धार का आंदोलन या फिर हिंदुत्व और हिंदू धर्म की नए सिरे से प्राचीन विरासत के आधार पर व्याख्या करने, इतिहास का पुनर्लेखन, राष्ट्र की परिभाषा अपनी सही सोच से निर्धारित करने, सब इसी दिशा के कदम हैं। स्वाभाविक ही इन सबका प्रभाव हुआ है और यह इस समय समग्र रूप में अयोध्या में दिख रहा है। यहां सामान्य लोग कहते हुए मिल जाएंगे कि हमको तो इतिहास गलत बताया गया। कल्पना करिए जिस व्यक्ति ने दसवीं तक की भी शिक्षा प्राप्त नहीं की वह इतिहास और संस्कृति की बात कर रहा है। किसी भी राष्ट्र के जीवन में इस तरह उसकी संस्कारगत चेतना और जागृति सुखद और अच्छे भविष्य का ही द्योतक हो सकता है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार व विश्लेषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।


## जयंती विशेष
डॉ. विनोद यादव



# महानायक सुभाष चंद्र बोस के राष्ट्रबोध मूल्यों से सीखें युवा

आज पराक्रम दिवस है, यानी स्वाधीनता आंदोलन के एक ऐसे महानायक का जन्मदिवस जो शौर्य, साहस और पुरुषार्थ के प्रणेता थे। आज पूरा देश महानायक नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 127वीं जयंती मना रहा है। नेताजी की जयंती के मौके पर 5 वर्षों के अंतराल के बाद राजधानी के ऐतिहासिक लाल किले में 'जयहिंद- लाइट एंड साउंड शो' शुरू हो रहा है। 1 घंटे के इस शो के अंतर्गत खासतौर पर नेताजी सुभाष चंद्र के अदम्य साहस की शौर्य गाथा और आजाद हिंद फौज के क्रांतिवीरों पर चले मुकदमों का जीवंत चित्रण प्रस्तुत किया गया है।


आजादी के आंदोलन के संदर्भ में लालकिला ऐसा ऐतिहासिक स्मारक है, जो सन सत्तावन के क्रांतिकारियों से लेकर आजाद हिंद फौज के सैनिक कमांडरों के अदम्य साहस और अपूर्व शौर्य की गवाही देता है। फर्क सिर्फ इतना है कि 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के क्रांतिवीरों ने अंग्रेजी शासन को उखाड़ फेंकने के लिए जब मेरठ छावनी से 'दिल्ली चलो' के उद्घोष के साथ शंखनाद किया तो लालकिले पहुंचकर भारत का झंडा फहराया। किंतु नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने 5 जुलाई 1943 को सिंगापुर के टाउन हॉल के सामने आजाद हिंद फौज के सुप्रीम कमांडर की हैसियत से फौज के सैनिकों से 'दिल्ली चलो' का आवाह्न करते हुए उद्घोष किया-'चलो दिल्ली, जहां मीनार कुत्बी है... निशान-ए-हिंद (भारत के राष्ट्रीय ध्वज) को हम उस पर लहराएं/ चलो दिल्ली जवानों, हिंद को आजाद करवाएं/ यानी आजाद हिंद फौज के सैनिक दिल्ली को फतह करके कुतुब मीनार पर राष्ट्रीय ध्वज फहराना चाहते थे। इतिहास गवाह है कि नेताजी का स्वाभिमान दुनिया में सबसे ऊंचा था, इसलिए वो भारत का झंडा सबसे ऊंचे स्मारक पर फहराना चाहते थे। उन दिनों राजधानी दिल्ली में सबसे ऊंची ऐतिहासिक इमारत



कुतुब मीनार ही थी, लेकिन आजाद हिंद फौज के जांबाज सिपाहियों का वह सपना पूरा न हो सका। दरअसल, दूसरे विश्व युद्ध में जापान की हार ने आजाद हिंद फौज के सैनिकों के इस सुनहरी सपने का पटाक्षेप कर दिया। बहरहाल, कुतब मीनार के साथ-साथ लाल किले का संबंध भी आजाद हिंद फौज से जुड़ गया, जब फौज के मेजर जनरल शाहनवाज खान, कर्नल प्रेम सहगल और कर्नल गुरुबख्श सिंह ढिल्लो पर अंग्रेजों ने देशद्रोह का अभियोग लगाकर लालकिले को सैनिक अदालत के तौर पर चिह्नित किया। नेताजी सुभाष चंद्र के इन तीन फौजी अफसरों से संबंधित यह ऐतिहासिक मुकदमा हिंदुस्तान के इतिहास में 'लालकिला ट्रायल' के नाम से दर्ज है। आईएनए के इन अफसरों समेत तमाम सैनिकों के समर्थन में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के नामी-गिरामी नेता और जाने-माने वकील तेज बहादुर सप्रू, भूलाभाई देसाई, पं. जवाहरलाल नेहरू और कैलाश नाथ काटजू मुकादमा लड़ने के लिए आगे आए। इस दौरान पूरे मुल्क में देशभक्ति का बेमिसाल माहौल निर्मित हो गया, जवाहरलाल नेहरू पहली बार एडवोकेट की यूनिफॉर्म पहनकर अदालत में उपस्थित हुए। भूलाभाई देसाई व जवाहरलाल की सशक्त शानदार दलीलों ने मुकदमे को आजाद हिंद फौज के जांबाज सिपाहियों के हक में कर दिया। आजाद हिंद फौज के समर्थन में पूरा देश एकजुट हो गया, देश के कोने-कोने में अंग्रेजी शासन के खिलाफ धरने-प्रदर्शन होने लगे। आखिरकार तीनों भारतीय वकीलों की जोरदार दलीलों और आईएनए के सपोर्ट में उमड़े तमाम भारतवासियों की एकजुटता की वजह से अंग्रेजों को तीनों अफसरों को रिहा करना पड़ा। वस्तुतः नेताजी सुभाष और उनकी आजाद हिंद फौज की गाथा, औपनिवेशिक शासन और साम्राज्यवाद के शोषण से त्रस्त भारतवासियों के नायक के जीवन-पर्यंत संघर्ष व जीवटता की ऐसी अमर कहानी है, जो हरेक भारतवासी की रगों में राष्ट्रवाद का संचार करती है। तमाम विधाओं में प्रवीणता व कुशल नेतृत्व क्षमता ही उन्हें आर्यावर्त भरतखण्ड से निकालकर जापान, जर्मनी, रूस और इटली जैसे देशों में भी लोकप्रिय बनाती है। उन्होंने अपनी सोच में, अपने चिंतन में बस एक विचार को दृढ़ बनाए रखा कि मनुष्य के समग्र विकास के लिए बौद्धिक कौशल और नैतिक चेतना दोनों जरूरी हैं। नेताजी का व्यक्तित्व व कृतित्व हरेक आयुवर्ग के भारतीयों के लिए आदर्श की राह है। नेताजी ने कहा था- 'हमारा कर्तव्य है कि हम अपनी भारतभूमि की स्वतंत्रता का मूल्य अपने रक्त से चुकाएं।'

(लेखक शिक्षाविद एवम इतिहासकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## संकर सहज स्वरूप सम्हारा



संकलित
दर्शन

श्रीरामचरितमानस में भगवान शंकर भक्ति के दाता भी माने गए हैं और भक्ति के भिक्षुक भी। शिव भक्ति देते भी हैं और मांगते भी हैं। भगवान शंकर में नवभक्ति का दर्शन होता है। उनमें अष्टांग योग का, ज्ञान की सातों भूमिकाओं का और धर्म के दसों लक्षणों का दर्शन भी होता है। लंका कांड में गोस्वामी जी ने जो धर्मरथ का वर्णन किया है। उसमें जितने धर्म के सूत्र बताए हैं, वे सभी महादेव में प्रस्थापित होते हैं। शिव भक्ति स्वरूप हैं। शिव का बाहरी रूप तो 'कुंडल कंकन पहिरे ब्याला' वाला है, लेकिन आंतरिक स्वरूप भजन है, भक्ति है। मानस में है- 'संकर सहज स्वरूप सम्हारा'। सहज स्वरूप का अनुसंधान शिव ने किया। उनकी जो सहज प्रवृत्ति है, वह भजन है। भगवान भी कहते हैं कि 'संकर भजन बिना नर भगति न पावइ मोरि'। शंकर की भक्ति जो करेगा, वही मेरी भक्ति पाएगा अथवा शंकर का जो सहज भजन स्वरूप है, उसे आत्मसात करेगा, वह मेरी भक्ति पाएगा। शबरी के सामने गाई गई नौ प्रकार की भक्ति में गोस्वामी जी ने पहली भक्ति संत का संग बताई है- 'प्रथम भगति संतन्ह कर संगा'। आप महेश का चरित्र देखिए। जैसे ही अवसर मिला, वे साधु-संतों का संग करते दिखाई देते हैं। पार्वती के विरह में संतों का संग करते थे। महादेव सत्संग के प्यासे हैं। दूसरी भक्ति है कथा श्रवण। कथा में जहां जगह मिले, वहां बैठकर कथा के प्रसंगों का रस उठाना। शिव कहते हैं, पार्वती, मैं काकभुशुंडि जी के आश्रम में हंस बनकर पीछे बैठ गया था। *-मोरारी बापू*

## कोयल-अपनी वाणी को मधुर बना लेना



संकलित
प्रेरणा

एक बार वसंत ऋतु में एक कोयल वृक्ष पर बैठी कूक रही थी। आते-जाते लोग उसकी कूक को सुनते और उसकी सुरीली आवाज का आनंद लेते हुए उसकी तारीफ के पुल बांधते। कुछ देर बाद कोयल के सामने एक कौआ तेज गति से आया। कोयल ने उससे पूछाः इतनी तेज गति से कहां जा रहे हो? कुछ देर बैठो, बातें करते हैं। कौए ने उत्तर दियाः कि वह जरा जल्दी में है और देश को छोड़कर परदेस जा रहा है। कोयल ने इसका कारण पूछा तो कौआ बोलाः यहां के लोग बहुत खराब हैं। सब तुम्हें ही चाहते हैं। सभी लोग सिर्फ तुम्हारा आदर करते हैं। वह यही चाहते हैं कि तुम हमेशा की तरह इसी प्रकार से उनके क्षेत्र में गाती रहो। वहीं जहां तक मेरी बात है तो मुझे कोई देखना तक नहीं चाहता। यहां तक कि मैं किसी की मुंडेर पर बैठता हूं तो मुझे कंकड़ मारकर वहां से भगा दिया जाता है। मेरी आवाज भी कोई नहीं सुनना चाहता। जहां मेरा अपमान हो, मैं ऐसे स्थान पर एक क्षण भी नहीं रहना चाहता। ज्ञानियों ने भी हमें यही शिक्षा दी है कि अपमान की जगह पर नहीं रहना चाहिए। यह सुनकर कोयल बोली, परदेस जाना चाहते हो तो बड़े शौक से जाओ। यह पूरी तरह से तुम्हारी इच्छा पर निर्भर है। लेकिन एक बात का सदैव ध्यान रखना कि वहां जाने से पहले अपनी आवाज को बदल लेना। अपनी वाणी को मधुर बना लेना। यदि तुम्हारी वाणी ठीक वैसी ही कठोर रही, जैसी यहां पर है तो परदेस में भी लोग तुम्हारे साथ वही व्यवहार करेंगे जो अभी हो रहा है। संसार जो है, जैसा भी है, उसे बदला नहीं जा सकता।

## श्रीराम मंदिर




## आज की पाती

### साइबर अपराध रोकने के लिए उठाएं सख्त कदम

हाल ही में वित्त मंत्रालय ने सभी छोटे-बड़े प्राइवेट बैंकों को यह सुझाव दिया है कि सभी साइबर सुरक्षा के लिए उचित कदम उठाएं। इसके लिए सभी बैंकों को 24 गुणा 7 हेल्पलाइन अपने उपभोक्ताओं को उपलब्ध करवानी चाहिए और सभी फोन नंबर जो हेल्पलाइन के लिए उपलब्ध करवाए जाएं, वो भी हर वक्त दुरुस्त रहें और फ्री रहें। एसबीआई क्रेडिट कार्ड ने अपना हेल्पलाइन नंबर मुफ्त सुविधा से वंचित रखा है। यहां कॉल करने के लिए एक मिनट के लिए लगभग 2 रुपए पड़ते हैं। हमारा देश डिजिटल लेन-देन की ओर कदम तो बढ़ा चुका है, लेकिन कुछ साइबर चोर इसकी राह में ठगी करके बाधा उत्पन्न कर रहे हैं। देश में दिन-प्रतिदिन साइबर ठगी की खबरें पढ़ने और सुनने को मिल रही हैं। *-पीयूष गोयल, धमतरी*

## करंट अफेयर

### दुनियाभर में मना रामलला का प्राण प्रतिष्ठा उत्सव...

अयोध्या में सोमवार को हुई रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा का उत्सव मनाने के लिए राम भक्तों और भारतीय समुदाय के सदस्य न्यूयॉर्क के प्रतिष्ठित टाइम्स स्कवायर सहित दुनियाभर में विभिन्न स्थानों पर एकत्र हुए, प्रार्थना सभाएं कीं, कार रैली निकाली और अन्य धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किये।




अमेरिका में न्यूयॉर्क के टाइम्स स्कवायर पर बड़ी संख्या में भारतीय समुदाय के सदस्य एकत्र हुए। उन्होंने अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा समारोह का सीधा प्रसारण देखा। लोगों को पारंपरिक पोशाक पहने, नृत्य करते, भजन और अन्य गीत गाते देखा गया। वाशिंगटन में वर्जीनिया के फेयरफैक्स काउंटी में स्थित एसवी लोटस टेम्पल में सिख, मुस्लिम और पाकिस्तानी-अमेरिकी समुदाय के सदस्य भी इस समारोह में शामिल हुए। रविवार को हुए कार्यक्रम में 2,500 से ज्यादा लोग शामिल हुए। अमेरिकी शेयर बाजार 'नैस्डैक' की स्क्रीन पर भी राम मंदिर की तस्वीरें प्रदर्शित की गईं। अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा समारोह संपन्न होने के तुरंत बाद वर्ल्ड हिंदू काउंसिल ऑफ अमेरिका और विश्व हिंदू परिषद ऑफ कनाडा ने दोनों देशों में एक हजार से अधिक मंदिरों के दर्शन के लिए 'राम मंदिर यात्रा' की घोषणा की।

## ऑफ बीट

### मृत्युलेखों में पालतू जानवरों का उल्लेख अधिक हो रहा

जानवर हमारे जीवन में कई अलग-अलग भूमिका निभाते हैं। कुछ लोग उन्हें परिवार का सदस्य मानते हैं, जबकि अन्य दैनिक सैर की याद दिलाने के रूप में



उनकी सराहना करते हैं। सेना में काम करने वाले कुत्तों और भावनात्मक सहयोग देने वाले जानवरों से लेकर दरवाजे पर हमारा स्वागत करने के लिए इंतजार कर रहे पालतू जानवरों तक, ये जानवर हमारे जीवन में खुशी, आराम और साथ ला सकते हैं। तो स्वाभाविक रूप से, ये रिश्ते जीवन भर जारी रहेंगे - या कम से कम मृत्यु के बाद भी स्मरण किए जाएंगे। टोरंटो स्टार ने हाल ही में ओकविले, ओंटारियो के पालतू जानवरों के कब्रिस्तान से 600 से अधिक जानवरों को निकालने और दूसरी जगह ले जाने के प्रयासों पर रिपोर्ट दी। जैसे यह कहानी सामने आई और जैसा कि कई अन्य लोग ध्यान देंगे, जानवरों को दफनाना, उनपर लेप लगाना या अंतिम संस्कार करना शायद ही कोई नई प्रथा है। ये अंत्येष्टि प्रथाएं एक पालतू जानवर और उन सभी चीजों का सम्मान करने के तरीके प्रदान करती हैं जो हमारे लिए मायने रखती हैं। लेकिन तब क्या जब मालिक पहले मर जाए? जैसा कि पता चला है, अब पालतू जानवरों को रखने वाले ऐसे लोगों की संख्या बढ़ रही है, जिनके मरने के बाद उनके मृत्युलेखों में उनके जानवरों का उल्लेख भी किया जाता है।

## ट्रेंड

### अपना सोलर सिस्टम



सूर्यवंशी भगवान श्री राम के आलोक से विश्व के सभी भक्तगण सदैव ऊर्जा प्राप्त करते हैं। आज अयोध्या में प्राण-प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर मेरा ये संकल्प और प्रशस्त हुआ कि भारतवासियों के घर की छत पर उनका अपना सोलर रूफ टॉप सिस्टम हो।
-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### मुझे रोका गया



भारत की सांस्कृतिक विविधता को शंकर देव जी ने भक्ति के माध्यम से एकता के सूत्र में पिरोया, लेकिन आज मुझे उन्हीं के स्थान पर माथा टेकने से रोका गया। मैंने मंदिर के बाहर से ही भगवान को प्रणाम कर उनका आशीर्वाद लिया।
-राहुल गांधी, कांग्रेस नेता

### जीने के लिए समर्पित



आज मंडे मोटिवेशन भगवान राम हैं। वह एक ऐसी शख्सियत हैं जो धर्म से परे हैं। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि किसी की आस्था क्या है, हम सभी ऐसी अवधारणा के प्रति आकर्षित हैं जो सम्मान और मजबूत मूल्यों के साथ जीने के लिए समर्पित है।
-आनंद महेंद्रा, उद्योगपति

### अपने अपने राम



बस क्या कहूं। जो भी बोलना-कहना सीखा था वो सब आज मौन और आंसुओं में बदल गया। राघवेंद्र सरकार राम के दर्शन करके जब अयोध्या के राम-मार्ग पर निकला तो कुमार भैया और अपने अपने राम का जयघोष कर-करके अभिवादन किया।
-कुमार विश्वास, हिन्दी कवि

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# समारोह को लेकर बॉलीवुड में धूम...

# अयोध्या में दिखा सितारों का पारंपरिक अवतार, हेमा ने डांस की तो सोनू-शंकर ने दी भजनों की प्रस्तुति





**अयोध्या।** सोमवार 22 जनवरी का दिन भारत के इतिहास में एक ऐतिहासिक दिन के रूप में हमेशा अंकित रहेगा। आज के दिन अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के साथ राम भक्तों का सदियों का इंतजार खत्म हुआ है। सिनेमा जगत के सितारों को भी इस अद्भुत पल का साक्षी बनने का मौका मिला, जिसका हिस्सा बनकर वह काफी खुश दिखे। सभी सितारे यहां पारंपरिक अवतार में पहुंचे थे। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के दौरान हेमामालिनी ने शानदार नृत्य तथा सोनू निगम व शंकर महादेवन ने बेहतरीन भजनों की प्रस्तुति दी।

## सोनू ने गाया 'राम सिया राम' भजन

भारतीय सिनेमा के जाने-माने गायक सोनू निगम ने रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समोराह कार्यक्रम की शुरुआत अपनी मधुर आवाज में भजन 'राम सिया राम' गाकर की। सोनू का वीडियो सामने आया है, जिसमें वह 'राम सिया राम' भजन गाते हुए नजर आ रहे हैं। वहीं सोनू निगम का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें वह पत्रकार से बात करते हुए उनकी आंखों से खुशी के आंसू बहते नजर आ रहे हैं।

## शंकर महादेवन ने गाया ये भजन

सोनू की प्रस्तुति देने के बाद प्रसिद्ध गायक और संगीतकार शंकर महादेवन ने मंच की कमान अपने हाथों में ली और महफिल लूट ली। उन्होंने अपनी मधुर आवाज में 'श्री राम चंद्र कृपालु भजमन' भजन गाया। शंकर का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें भगवान राम के भव्य मंदिर की भी झलक देखने को मिल रही है।

## हेमामालिनी ने झूमकर किया डांस

अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा में शामिल हुईं हेमा मालिनी का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें वह उद्घाटन के बाद खुशी से झूमती हुई नजर आईं। वीडियो में देखा जा सकता है कि श्रीराम की भक्ति में लीन हेमा बेहद खुशी में डांस कर रहीं हैं। बता दें कि इसके पूर्व भी हेमा ने अयोध्या में 'रामायण' पर आधारित एक नृत्य नाटिका का प्रदर्शन किया था।

## अभिषेक,अमिताभ, चिरंजीवी, रामचरण

*अमिताभ बच्चन अपने बेटे अभिषेक बच्चन के साथ अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के लिए पहुंचे थे। यहां बाप-बेटे की जोड़ी ने कुर्ते के साथ दोनों ने राम के नाम की केसरी रंग की चुनरी ओढ़ी थी। इनके अलावा दक्षिण भारतीय सिनेमा के मशहूर अभिनेता रामचरण अपने पिता चिरंजीवी के साथ यहा आए थे और दोनों शॉल के साथ कुर्ता-पैंट पहने नजर आए।*

## आलिया भट्ट की साड़ी पर टिकीं सबकी निगाहें

आलिया भट्ट श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के लिए पति रणबीर कपूर के साथ पहुंची थीं। रणबीर जहां सफेद रंग के धोती-कुर्ते और शॉल में नजर आए तो आलिया की साड़ी ने सभी का ध्यान खींच लिया। दरअसल, आलिया की फिरोजी रंग की साड़ी के आंचल पर रामायण के खास पलों को दर्शाया गया। सतरंगी चोली की बाजुओं पर द्वारकाधीश की हाथों में माला लिए तस्वीर थी। साथ ही स्वास्तिक और गणपति भी बने थे।

## कैटरीना-विक्की की जोड़ी लगी कमाल की

कैटरीना कैफ और विक्की कौशल भी इस ऐतिहासिक दिन का हिस्सा बने थे। कैटरीना गोल्डन रंग की साड़ी में खूबसूरत लग रही थीं। विक्की की बात करें तो उन्होंने क्रीम रंग का कुर्ता पहना था, जिस पर गोल्डन कढ़ाई हो रखी थी। साथ ही उन्होंने मैचिंग शॉल भी लिया था और अपने बालों को बांध रखा था।

## माधुरी सहित ये कलाकार रहे पारंपरिक परिधान में

माधुरी दीक्षित श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा में हिस्सा लेने अपने पति डॉ. श्रीराम नेने के साथ अयोध्या पहुंची थीं। अभिनेत्री ने पीले रंग की साड़ी पहनी थी, जिस पर सुनहरे रंग से कढ़ाई हो रखी थी तो डॉ. नेने धोती-कुर्ता पहने नजर आए। इनके अलावा आयुष्मान खुराना, जैकी श्रॉफ, रजनीकांत, होमा मालिनी, रोहित शेट्टी और राजकुमार हिरानी जैसे कई सितारे भी पारंपरिक अवतार में इस भव्य समारोह का हिस्सा बने थे।



## कंगना ने लगाए 'जय श्री राम' के नारे

राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के बाद कंगना ने भी अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर एक वीडियो साझा किया है। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, 'राम आ गए हैं।' वीडियो में कंगना जोर-जोर से 'जय श्री राम' के नारे लगाते हुए नजर आईं। इससे पहले कंगना ने अपनी कुछ तस्वीरें साझा कर राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह की झलक दिखाई थीं।




अनुराधा पौडवाल ने भजन प्रस्तुत किया।



कंगना रनौत



गायक हरिहरन



साउथ अभिनेता रामचरण


## लाइव स्क्रीनिंग देखने उमड़ी भीड़

ज्ञात हो कि पीवीआर और आईनोक्स ने अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन समारोह की लाइव स्क्रीनिंग दिखाने की एक खास योजना बनाई थी। यह लाइव स्क्रीनिंग देश के चुनिंदा शहरों में आयोजित की गई थी। उम्मीद के अनुसार देशवासियों ने समारोह की इस लाइव स्क्रीनिंग को सिनेमाघरों में शानदार प्रतिक्रिया दी।

## दिल्ली और मुंबई में हाउसफुल रहे शो

दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र के निवासियों द्वारा इस कार्यक्रम को जनता से बेहद शानदार प्रतिक्रिया मिली। स्क्रीनिंग शुरू होने से पहले कुल 43 शो में से 26 शो लगभग फुल हो चुके थे और 10 शो हाउसफुल रहे थे। माया नगरी की बात करें तो मुंबई में लाइव स्क्रीनिंग के 40 शो ऑनलाइन टिकटिंग प्लेटफॉर्म पर लोगों के लिए मौजूद थे। इसमें से 19 बहुत जल्दी भर गए थे, जबकि 11 शो की टिकटें स्क्रीनिंग शुरू होने से पहले ही बिक गईं।

## अक्षय-टाइगर शामिल नहीं हो पाए



अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ मौजूदा वक्त में अपनी आगामी फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' को लेकर चर्चा में हैं। फिल्म का टीजर 24 जनवरी को जारी किया जाएगा। इन दिनों दोनों सितारे फिल्म के प्रचार-प्रसार में व्यस्त हैं। यही वजह है कि राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का न्योता मिलने के बावजूद भी अक्षय-टाइगर इस भव्य कार्यक्रम में शामिल नहीं हो पाए। हालांकि अक्षय और टाइगर ने एक वीडियो साझा कर प्राण प्रतिष्ठा के लिए अपना उत्साह साझा किया।

## हनुमान गढ़ी मंदिर के किए दर्शन



रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के पूर्व से अयोध्या पहुंच चुके दिग्गज अभिनेता अनुपम खेर ने हनुमान गढ़ी मंदिर में पूजा-अर्चना की। उन्होंने इसका वीडियो भी जारी किया। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, 'प्रभु राम के प्राण प्रतिष्ठा से पहले हनुमान जी का दर्शनाभिलाषी मैं। अनुपम ने कहा, भगवान राम के पास जाने से पहले हनुमान जी के दर्शन करना बहुत जरूरी है। अयोध्या का माहौल बहुत ही राममय है। हर तरफ हवा में जय श्री राम का नारा है। फिर आ गई दिवाली, यही है असली दिवाली।

## सीएम योगी बोले- मंदिर वहीं बना है, जहां बनाने की खाई थी सौगंध

# बरसहिं सुमन देव मुनि वृंदा। जय कृपालु जय जयति मुकुंदा।।

## अयोध्या में श्री रामलला हो गए विराजमान, पूरे विधि-विधान के साथ बाल रूप की प्राण प्रतिष्ठा संपन्न




एजेंसी ▶▶ अयोध्या

अयोध्या में आखिर रामलला विराजमान हो गए। पूरे विधि-विधान के साथ भगवान के बाल रूप की प्राण प्रतिष्ठा हुई। इसी बीच रामलला की मूर्ति की बेहद खास तस्वीरें सामने आई हैं। श्रृंगार युक्त मूर्ति में भगवान के पूरे स्वरूप को देखा जा सकता है। तस्वीर में रामलला माथे पर तिलक लगाए बेहद सौम्य मुद्रा में दिख रहे हैं।योगी ने रामलला भगवान की जय बोलने के साथ भारत माता की जय और जैजै सीतारम से भाषण की शुरुआत की। सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रभु रामलला के भव्य, दिव्य और नव्य धाम में विराजने की आप सभी को कोटि-कोटि बधाई। मन भावुक है। सीएम योगी ने कहा कि निश्चित रूप से आप सब भी ऐसा महसूस कर रहे होंगे, आज इस ऐतिहासिक अवसर पर भारत का हर नगर, हर ग्राम अयोध्या धाम है। हर मन में राम नाम है। हर आंख हर्ष और संतोष के आंसू से भीगी है हर जुबान राम नाम जप रही है। रोम-रोम में राम रमे हैं...ऐसा लगता है कि हम त्रेतायुग में आ गए हैं। सीएम योगी ने कहा कि भारत का हर मार्ग रामजन्मभूमि की ओर आ रहा है। सीएम योगी ने कहा कि मंदिर वहीं बना है, जहां बनाने का संकल्प लिया था। बहुसंख्यक समाज ने लंबी लड़ाई लड़ी।

भारत का हर मार्ग रामजन्मभूमि की ओर आ रहा

भारत का हर नगर, हर ग्राम दिखा अयोध्या धाम

अब दुनियाभर लोग प्रभु के पूरे स्वरूप को देख रहे



### 'रामराज्य' की स्थापना की उद्घोषणा

सीएम योगी ने कहा कि 500 वर्षों के सुदीर्घ अंतराल के बाद आए प्रभु श्री रामलला के विग्रह की प्राण-प्रतिष्ठा के ऐतिहासिक और अत्यंत पावन अवसर पर आज पूरा भारत भाव-विभोर और भाव विह्वल है। श्री अवधपुरी में श्री रामलला का विराजना भारत में 'रामराज्य' की स्थापना की उद्घोषणा है। 'सब नर करहिं परस्पर प्रीती। चलहिं स्वधर्म निरत श्रुति नीती' की परिकल्पना साकार हो उठी है।




### अब अयोध्या धाम में कर्फ्यू का कहर नहीं, रामनाम संकीर्तन गूंजेगा

सीएम योगी ने कहा कि रामकृपा से अब कभी कोई भी श्री अयोध्या धाम की पारंपरिक परिक्रमा को बाधित नहीं कर सकेगा। यहां की गलियों में गोलियां नहीं चलेंगी, सरयू जी रक्त रंजित नहीं होंगी। अयोध्या धाम में कर्फ्यू का कहर नहीं होगा। यहां उत्सव होगा। रामनाम संकीर्तन गुंजायमान होगा। सीएम योगी ने कहा कि अयोध्या में त्रेतायुग उतर आया है। प्रभुराम की कृपा से अयोध्या की गलियों में गोलियां नहीं गूंजेंगी। कर्फ्यू नहीं लगेगा। यहां दीपोत्सव हुआ करेंगे। जैजै सियाराम बोलकर योगी ने अपना भाषण खत्म किया। योगी ने कहा कि हर मन में राम नाम हैं। हर आंख हर्ष और संतोष के आंसू से भीगा है। हर जिह्वा राम-राम जप रही है। रोम रोम में राम रमे हैं। पूरा राष्ट्र राममय है। ऐसा लगता है हम त्रेतायुग में आ गए हैं। आज रघुनन्दन राघव रामलला, हमारे हृदय के भावों से भरे संकल्प स्वरूप सिंहासन पर विराज रहे हैं। आज हर रामभक्त के हृदय में प्रसन्नता है, गर्व है और संतोष के भाव हैं।

### आज संतोष मिला, पीएम का हृदय से आभार

सीएम ने कहा कि सन्यासियों, संतों, पुजारियों, नागाओं, निहंगों, बुद्धिजीवियों, राजनेताओं, वनवासियों सहित समाज के हर वर्ग ने जाति-पाँति, विचार- दर्शन, उपासना पद्धति से ऊपर उठकर राम काज के लिए स्वयं का उत्सर्ग किया। अंततः आज वह शुभ अवसर आ ही गया कि जब कोटि-कोटि सनातनी आस्थावानों के त्याग और तप को पूर्णता प्राप्त हो रही है। आज संतोष इस बात का भी है कि मंदिर वहीं बना है, जहां बनाने का संकल्प लिया था।सीएम ने कहा कि संकल्प और साधना की सिद्धि के लिए, हमारी प्रतीक्षा की समाप्ति के लिए, हमारे संकल्प पूर्णता के लिए आदरणीय पीएम नरेंद्र मोदी का हृदय से आभार और अभिनंदन। सीएम ने कहा कि भाग्यवान है हमारी पीढ़ी जो इस राम-काज के साक्षी बन रहे हैं और उससे भी बड़भागी हैं वो जिन्होंने सर्वस्व इस राम-काज के लिए समर्पित किया है और करते चले जा रहे हैं। जिस अयोध्या को ₹अवनि की अमरावती₹ और ₹धरती का वैकुंठ₹ कहा गया, वह सदियों तक अभिशिप्त रही। उपेक्षित रही। अपनी ही भूमि पर सनातन आस्था पददलित होती रही, किंतु राम का जीवन हमें संयम की शिक्षा देता है और भारतीय समाज ने संयम बनाये रखा। आज देखिए... पूरी दुनिया अयोध्या जी के वैभव को निहार रही है।



### गोविंद देव गिरि बोले
## 500 वर्षों की प्रतीक्षा के बाद संकल्प पूरा हुआ

प्राम प्रतिष्ठा के बाद मंच से गोविंद देव गिरि जी महाराज ने संबोधित करते हुए कहा कि भगवान श्री राम देश का आत्मविश्वास है। 500 वर्षों की प्रतीक्षा के बाद संकल्प पूरा हुआ। प्रधानमंत्री के मंगल हाथों से प्राण प्रतिष्ठा हुई। प्राण-प्रतिष्ठा का अलौकिक क्षण हर किसी को भाव-विभोर करने वाला था।पीएम ने स्वयं प्राण प्रतिष्ठा की नियमावली मांगी।

### पत्नी संग नजर आए गोविल
## ऑरेंज साड़ी- टेंपल जूलरी पहने पहुंचीं टीवी की सीता



राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा में बॉलीवुड से लेकर टीवी तक के स्टार्स सज-धज इस अवसर का हिस्सा बनने के लिए पहुंच गए हैं। रामायण में राम और सीता का रोल निभाने वाले अरुण गोविल और दीपिका चिखलिया कई दिनों से अयोध्या में थे। दोनों के अब लुक भी सामने आ गए हैं। दीपिका ने अपने लुक को ऑरेंज और पिंक कलर की साड़ी में नजर आईं। उन्होंने पारंपरिक डिजाइन की शॉल भी मैच की हुई थी। दीपिका ने अपने लुक को हैवी टेम्पल जूलरी से कंप्लीट किया। लाल बिंदी और गोल्ड की चूड़ियों के साथ दीपिका का लुक शानदार लग रहा था।

# रामलला के लिए चांदी का छत्र पोशाक लेकर पहुंचे पीएम मोदी



पीएम मोदी ने कहा कि दिव्य कार्यक्रम का हिस्सा बनना मेरा परम सौभाग्य है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राम मंदिर पहुंचे। पीएम मोदी रामलला के लिए चांदी का छत्र लेकर पहुंचे. पीएम मोदी रामलला के लिए पोशाक भी लेकर पहुंचे। हाथ में चांदी का छत्र लेकर पीएम मोदी ने राम मंदिर के गर्भगृह में प्रवेश किया। प्राण प्रतिष्ठान के के लिए अनुष्ठान शुरू हो गया है। राज्यपाल आनंदी बेन, सीएम योगी ने स्वागत किया।

**पीएम मोदी ने कुबेर टीला पर प्राचीन शिव मंदिर में की पूजा-अर्चना**

पीएम नरेंद्र मोदी ने रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद कुबेर टीला स्थित शिव मंदिर में पूजा-अर्चना की। अयोध्या में स्थित कुबेर टीला पर एक प्राचीन शिव मंदिर है। श्री राम मंदिर के निर्माण के साथ-साथ श्रीराम भूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने इस मंदिर का भी पुनरोद्धार करवाया है। मान्यता है कि यहां धन के देवता कुबेर आए थे और टीले पर भगवान शंकर की पूजा के लिए शिवलिंग की स्थापना की थी। वहीं इस मंदिर में मां पार्वती, भगवान गणेश और कार्तिकेय की भी मूर्तियां हैं।



पीएम मोदी धर्मगुरुओं से मिले और उनसे बातचीत भी की।



पीएम मोदी से बात करते मेगा स्टार अमिताभ बच्चन और अन्य दिग्गज हस्तियां।

### जटायु की मूर्ति पर फूल अर्पित किए और ज्योति भी जलाई

मोदी ने राम मंदिर परिसर में जटायु की मूर्ति पर फूल अर्पित किए। इसके साथ ही राम मंदिर निर्माण दल का हिस्सा रहे कार्यकर्ताओं पर फूलों की वर्षा की। प्राण प्रतिष्ठा के पीएम मोदी ने अपने भाषण में कहा कि आज मैं पूरे पवित्र मन से महसूस कर रहा हूं कि कालचक्र बदल रहा है, यह सुखद संयोग है कि हमारी पीढ़ी को एक कालजयी पथ के शिल्पकार के रूप में चुना गया है। हजारों वर्ष बाद की पीढ़ी राष्ट्र निर्माण के हमारे आज के कार्यों को याद करेगी इसलिए मैं कहता हूं यही समय है, सही समय है।



## अयोध्या धाम में बोले सितारे

### सौभाग्यशाली हैं जो इतिहास को देख रहे



गायक बादशाह ने कहा कि बात जो हैं वह शब्दों का नहीं बल्कि भावनाओं का है। हम सभी सौभाग्यशाली लोग हैं जो इस इतिहास को रचते हुए देख रहे हैं।

### यह मेरा सौभाग्य है सायना नेहवाल



बैडमिंटन की स्टार सायना नेहवाल ने कहा, यह सौभाग्य है आज इतने बड़े मंदिर के खुलने पर पहुंची हूं। उन्हें इसका काफी समय से इंतजार था।

### यह अद्भुत, अलौकिक अनुभव रहा: रनौत



बॉलीवुड एक्ट्रेस कंगना रनौत ने कहा आज हम अयोध्या आए हैं, लगता है हम किसी पौराणिक काल में पहुंच गए हो। यह अद्भुत और अलौकिक अनुभव हैं। योगी जी ने कायापलट कर दी है।

### रामलला का मन से स्वागत करें: शिल्पा



शिल्पा शेट्टी ने भी इंस्टाग्राम पर पोस्ट लिखकर रामलला प्राण प्रतिष्ठा की फैंस को बधाई दी है। सभी देशवासियों से करबद्ध प्रार्थना कर रही हूं रामजी जी का स्वागत तन- मन से करें।

### पूरे भारत का दिन बन गया: चिरंजीवी



राम मंदिर उद्घाटन के समारोह में तमील एक्टर चिरंजीवी भी अयोध्या पहुंचे। यहां एक्टर अपना एक्सपीरियंस शेयर करते हुए कहा कि ये शानदार अनुभव है। पूरे भारत का दिन बन गया।

### मुझे आशीर्वाद मिला है जैकी श्रॉफ बोले



श्री राम प्राण प्रतिष्ठा समारोह पर अभिनेता जैकी श्रॉफ कहते हैं कि मुझे आशीर्वाद मिला है। जब भी मुझे इंस्पेक्टर की भूमिका दी गई, तो मेरा नाम 'राम' था।

**और ये भी बने राम भक्त**



### अयोध्या पहुंचे विक्रमादित्य और सुधीर

शिमला। हिमाचल प्रदेश सरकार में लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह राम लला प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होने के लिए अयोध्या पहुंच गए हैं। इसके अलावा प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सुधीर शर्मा दिल्ली पहुंच चुके हैं और सोमवार को अयोध्या पहुंचे। रामलला प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होने के लिए प्रदेश से केवल दो राजनीतिक हस्तियों को निमंत्रण दिया गया था और दोनों ही अयोध्या के लिए कूच कर गए हैं।

**अयोध्या से दूर रही कांग्रेस**



### सीएम सिद्धारमैया ने बेंगलुरु में किया राम मंदिर का उद्घाटन

राम मंदिर के आयोजन से कांग्रेस ने दूरी ही बना ली थी। इस बीच कांग्रेस की कर्नाटक सरकार के मुख्यमंत्री एम. सिद्धारमैया ने बेंगलुरु में ही एक राम मंदिर का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि मैं आज श्री रामचंद्र मंदिर का उद्घाटन किया है। इस इलाके को लोगों ने मुझे कार्यक्रम में आमंत्रित किया था। इसलिए यहां आया हूं। हनुमान जी की एक बड़ी प्रतिमा भी यहां लगाई गई है।



प्राण-प्रतिष्ठा के पहले कलाकारों और साधु-संतों ने अपनी प्रस्तुति दी।

### अवध में राम आए हैं... भक्तिमय हुए पटनायक



हाथ जोड़कर टीवी पर देखते रहे प्राण प्रतिष्ठा अयोध्या के भव्य राम मंदिर में रामलला के कार्यक्रम का लाइव टेलीकास्ट देशभर के अलग-अलग टीवी चैनलों पर किया गया। ओडिया के सीएम नवीन पटनायक भी टीवी के जरिए इस पल के साक्षी बने। उन्होंने हाथ जोड़कर रामलला के प्राण प्रतिष्ठा का पूरा अनुष्ठान टीवी पर देखा। एक्स पर एक वीडियो शेयर किया गया, जिसमें ओडिशा के सीएम हाथ जोड़कर भक्तिमय नजर आए।

### नड्डा, शाह और राजनाथ ने दिल्ली में की पूजा



इस खास मौके पर पीएम मोदी अयोध्या में थे, लेकिन उनके मंत्री देश के अलग-अलग मंदिरों में पहुंचे, जहां उन्होंने लोगों के बीच जानकर मंदिरों में पूजा-अर्चना की और वहीं, से प्राण प्रतिष्ठा के समारोह का लाइव प्रसारण पर देखा।भाजपा के वरिष्ठ नेता और पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, प्राण प्रतिष्ठा के सुअवसर पर राष्ट्रीय राजधानी के झंडेवालान मंदिर पहुंचे थे, जहां उन्होंने परिवार के लोग और पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ दर्शन कर पूजा-अर्चना की। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर नई दिल्ली के बिड़ला मंदिर पहुंचे थे।

### आज खुशी मिली इतनी.....रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के दिन जन्मे कई
## लोगों ने राम, लव कुश, सीता और राम-रहीम जैसे नाम रखे



गाजियाबाद। गाजियाबाद के जिला महिला अस्पताल में प्राण प्रतिष्ठा के दिन कई बच्चों ने जन्म लिया है। इन बच्चों को जन्म देने वाली महिलाएं खुद को और अपने बच्चों को बहुत ही भाग्यशाली मान रही हैं। प्राण प्रतिष्ठा के दिन बच्चों को जन्म देने वाली महिलाओं को कहना है कि हम बहुत ही सौभाग्यशाली हैं कि हमें आज भगवान राम ने संतान दी है। एक महिला ने कहा कि आज मेरा बेटा पैदा हुआ है। ऐसे में उसका नाम लव कुश रखूंगा, जबकि दूसरी महिला ने कहा मैं अपने बेटे का नाम राम रखूंगी। उनका कहना है कि सनातन धर्म के मानने वालों के लिए आज से बड़ा दिन कोई और नहीं हो सकता है। वहीं जिन माताओं को बेटी पैदा हुई है वो भी अपनी लाड़ली का नाम सीता रखने की बात कह रही हैं।

### हर नवमी को रामलला के माथे पर सूर्यदेव लगाएंगे तिलक



केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि अयोध्या राम मंदिर की एक अनूठी विशेषता है कि यहां हर नवमी को सूर्यदेव स्वयं रामचंद्र के माथे पर तिलक लगाएंगे।सिंह ने आगे कहा कि राम मंदिर के निर्माण के दौरान इस बात का खास ध्यान रखा गया है कि हर साल 'श्रीराम नवमी' के दिन दोपहर के समय सूर्य की किरणें भगवान राम की मूर्ति के माथे पर लगभग 6 मिनट तक पड़े। सिंह ने कहा कि बेंगलुरु की इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ एस्ट्रोफिजिक्स ने सूर्य के पथ और ऑप्टिका पर अपनी मंदिर निर्माण के दौरान टेक्निकल सहायता दी है। उन्होंने कहा, गियरबॉक्स और रिफलेक्टिव मिरर/लेंस की व्यवस्था इस तरह की गई है कि शिकारा के पास तीसरी मंजिल से सूर्य की किरणों को सूर्य के पथ पर नजर रखकर गर्भ गृह तक लाया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### सैमसंग ने लांच किया गैलेक्सी एस24



**नई दिल्ली।** सैमसंग नेअपने नए गैलेक्सी एस24 अल्ट्रा, गैलेक्सी एस24+ और गैलेक्सी एस24 स्मार्टफोन की प्री-बुकिंग शुरू कर दी है। गैलेक्सी एस24 श्रृंखला आसान और बाधा मुक्त संचार को सक्षम बनाते हुए गैलेक्सी के प्रोविजुअल इंजन के साथ रचनात्मक स्वतंत्रता को नई ऊंचाई पर लेकर जाती है। ग्राहक 22,000 रुपए के प्री-बुकिंग फायदों के साथ गैलेक्सी एस24 अल्ट्रा और गैलेक्सी एस24+ की प्री बुकिंग कर सकते हैं। सैमसंग कीबोर्ड में लगा हुआ है।

### बंसल वायर ने दाखिल किया डीआरएचपी

**मुंबई ।** बंसल वायर इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने आईपीओ के लिए बाजार नियामक सेबी के समक्ष ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रोस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल किया है। बंसल वायर इंडस्ट्रीज भारत की सबसे बड़ी स्टेनलेस स्टील वायर निर्माण कंपनी और वॉल्यूम के हिसाब से दूसरी सबसे बड़ी स्टील वायर निर्माण कंपनी है, जिसका उत्पादन वित्त वर्ष 2023 में 72,176 एमटीपीए और 206,466 एमटीपीए है, जो क्रमशः 20 प्रतिशत और लगभग 4 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी का प्रतिनिधित्व करता है।

### सुप्रीम की कुल आय 52.59 करोड़ रु. हुई

**मुंबई।** सुप्रीम पावर इक्विपमेंट लिमिटेड (एसपीईएल), पावर एवं वितरण ट्रांसफार्मर निर्माण उद्योग की एक विशिष्ट खिलाड़ी ने वित्त वर्ष 24 की प्रथम छमाही के अपने अनआडिटेड वित्तीय परिणामों की घोषणा की है। कंपनी को वित्त वर्ष 24 की प्रथम छमाही में 52.59 करोड़ रुपए की आय हुई। कंपनी एबिटडा 10.39 करोड़ रुपए हुआ। जबकि एबिटडा मार्जिन 19.75 फीसदी हुई। कर बाद लाभ 6.59 करोड हुआ तो कर बाद लाभ मार्जिन 12.53 फीसदी हुई।

भगवान श्रीराम की भक्ति में डूबा पूरा मध्यप्रदेश

# देशभर में हुआ 1.5 लाख करोड़ रुपए का व्यापार



लोगों ने जमकर खरीदे झंडे, फूल, पूजा सामग्री, मिठाइयां और दीये

वाणिज्य डेस्क ⏭ भोपाल

मध्यप्रदेश सहित पूरा देश इस राम की भक्ति में डूबा हुआ है। भव्य कार्यक्रमों की तैयारी जोरों पर रहीं। इससे छोटे-बड़े कारोबारियों को भी खूब फायदा हुआ रहा है। लोगों ने जमकर झंडे, फूल, पूजा सामग्री, मिठाइयों और दीयों की खरीदारी की। टेंट और हलवाई भी एडवांस में ही बुक हो चुके थे। कारोबारियों के संगठन कनफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स यानी कैट की मानें तो देश भर के व्यापारियों को एक लाख करोड़ रुपए से ज्यादा का व्यापार मिल चुका है।



### सभी बाजार रोशनी से रहे जगमग, रामनामी वस्तुओं की हुई जमकर बिक्री

कहीं शोभा यात्रा निकलीं, तो कहीं राम चौकी का आयोजन हुआ। कहीं हनुमान चालीसा का पाठ किया गया, तो कहीं राम संवाद के कार्यक्रम आयोजित हुए। बाजारों में श्रीराम फेरी निकाली गई। श्रीराम की कीर्तन यात्रा में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। अनेक शहरों में श्रीराम मंदिर की कृति बनाई गई। 22 जनवरी को बाजारों को रोशनी से जगमग करने की व्यापक तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। श्रीराम से संबंधित वस्तुओं की बड़े पैमाने पर बिक्री हो रही है। चाहे वो राम मंदिर के मॉडल हों या फिर राम ध्वज, राम पटका, माला, लाकेट, हाथ के कढ़े या फिर श्रीराम के लॉकेट, ऐसी वस्तुओं की बाजार में भारी मांग है। बड़ी संख्या में हुए संगीतमय कार्यक्रमों से छोटे कलाकारों को काम मिला है। बाजारों और व्यापारियों के घरों में महा दीपावली का आयोजन होगा।

### चारों तरफ श्रीराम के कार्यक्रमों की बाढ़, राम के रंग में रंगे लोग

खंडेलवाल के मुताबिक देश के दूसरे हिस्सों में लोग, राम के रंग में पूरी तरह से रंगते हुए नजर आ रहे हैं। चारों तरफ राम ही राम के नाम की धूम है। लोगों में राम के प्रति उत्साह और उल्लास देखते ही बन रहा है। कैट के तहत आने वाले हजारों छोटे बड़े व्यापारिक संगठनों ने राम उत्सव के लिए बड़ी तैयारियां की हैं। 22 जनवरी को भारत भर में मेरे राम' का बड़ा जयघोष होना तय है। कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीसी भरतिया के अनुसार 19 दिसंबर को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ एवं विश्व हिंदू परिषद ने कैट के प्रमुख व्यापारिक नेताओं के साथ एक बैठक की थी। इसमें देश भर के बाजारों को राम मय करने का आग्रह किया गया था। उसके बाद देशभर के सभी व्यापारी संगठन श्रीराम के काज में जुट गए। चारों तरफ श्रीराम के कार्यक्रमों की बाढ़ सी आ गई है।

श्रीरामलला की प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर रहा बाजारों में उत्साह

## भगवा पताकाओं से सजे बाजार, दिवाली सा कारोबार

सोमवार को अयोध्या में हुए श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर हर जगह खासा माहौल है। जगह-जगह धार्मिक आयोजन किए गए। इसी कड़ी में प्रभात फेरी और जुलूस निकाले जाने का भी दौर चला। बाजारों में केसरिया ध्वज और भगवान राम के कटआउट दिखाई दिए। शहर की ज्यादातर सड़कों को भगवा पताकाओं और झंडियों से सजाया गया । दुकानें और सड़क के बीचों-बीच डिवाइडर पर झंडे ,झंडियां व पताका लगाए गए थे।



### घर, दुकान और प्रतिष्ठानों पर लाइटिंग

प्राण प्रतिष्ठा समारोह को देखते फूल कारोबारी और लाइटिंग कारोबारी में भी खूब उत्साह रहा। मंदिर से लेकर घरों तक से आने वाली फूलों की डिमांड को देखते हुए कारोबारी क्विंटलों अतिरिक्त फूल मंगाया। गेंदा के साथ गुलाब के फूलों की भी खूब बिक्री हुई। लोगों ने घर, दुकान और प्रतिष्ठानों पर लाइटिंग की। ऐसी लाइटिंग आमतौर पर दीपावली या शादी समारोह पर लोग बाग करते हैं।





### मार्केट भगवा रंग के झंडे और केसरिया रंग के गुब्बारे से सजे

मार्केट व्यापारी एसोसिएशन की ओर से भगवान श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा के चलते मार्केट में भव्य तैयारियां की गई। मार्केट भगवा रंग के झंडे और केसरिया रंग के गुब्बारे और विद्युत साज सज्जा से सजाया गया। व्यापारी संघ द्वारा मार्केट में भव्य राम दरबार बनाया गया है। जिसे फूलों और गुब्बारे से सजाया गया। 22 जनवरी को शाम 5 बजे हवन से कार्यक्रम शुरू होगा और फिर श्रीरामलला की आरती होगी, बूंदी का प्रसाद वितरण होगा। इसके अलावा डे-टू-डे प्रोटींस के संचालक पप्पू आहूजा की ओर सभी दुकानदार भाईयों को मिठाई के पैकेट दिए जाएंगे। तत्पश्चात मार्केट में आतिशबाजी होगी।

### भोग लगाने मिठाई दुकानों से हुई लड्डू और मिठाइयों की जोरदार खरीदी



अयोध्या में रामलला के भव्य मंदिर के उद्घाटन और प्राण प्रतिष्ठा के ऐतिहासिक घड़ी में भोग-प्रसाद वितरण और भंडारा आयोजित करने भक्तों में बड़ी होड़ मची रहीं। इसका सीधा असर मिष्ठान्न प्रतिष्ठानों में देखा गया। मिठाई खासकर लड्डुओं की मांग कई गुना बढ़ गई। मंदिरों में भोग-भंडारा रखने के लिए हलवाई कम भी पड़ रहे थे। अयोध्याजी में राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम से पहले उत्सव के लिए मिठाई व लड्डू की बड़ी मांग रही। प्रसाद बांटने के लिए किलो में नहीं, बल्कि क्विंटल में मांग आई। तैयारी ये है कि युद्धस्तर पर मिठाई और लड्डू बनी। यह स्थिति किसी एक मिष्ठान की नहीं, बल्कि पूरे प्रदेश भर में भक्तों का मुंह मीठा कराने की तैयारी जोर-शोर से चली। शहर ही नहीं गांवों से लोग ऑर्डर लेकर मिष्ठान प्रतिष्ठानों में पहुंचे, जो अपने-अपने क्षेत्र में प्रसाद बांटना चाहते थे। यही कारण है जो पेड़े-मिठाइयों और खासकर लड्डू के लिए लगातार ऑर्डर मिले।



### गेंदे की फूल माला की मांग बढ़ी

शहर के बाजारों में पूजा सामग्री की दुकानों पर कपूर, धूपबत्ती, तिल का तेल और घी की मांग रहीं। इसके अलावा गेंदे की फूल माला का खूब ऑर्डर मिला। तुलसी माला भी लोग खरीद रहे थे। फूल विक्रेता बताते हैं कि फूलों से घर और मंदिर सजाने के लिए कई क्विंटल फूल के ऑर्डर मिले। प्राण प्रतिष्ठा को लेकर लोगों में उत्साह है। इस दिन दिवाली मनाने के लिए पीछे नहीं रहना चाहता था।

### सूर्यकुमार सर्वश्रेष्ठ पुरुष टी20 अंतरराष्ट्रीय टीम के कप्तान

*दुबई। मध्यक्रम के आक्रामक बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव को आईसीसी की साल की सर्वश्रेष्ठ पुरुष टी20 अंतरराष्ट्रीय टीम का कप्तान चुना गया है। इसमें सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल, स्पिनर रवि बिश्नोई और बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह के रूप में तीन और भारतीयों को जगह मिली है। आईसीसी की साल की सर्वश्रेष्ठ टीम में 11 बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को शामिल किया जाता है जिन्होंने साल भर में अपने बल्ले, गेंद या ऑलराउंड प्रदर्शन से प्रभावित किया हो। सूर्यकुमार को लगातार दूसरे साल टीम में जगह मिली है।*

## राशिफल

**मेष** – परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। भवन के रख-रखाव एवं साज-सज्जा के कार्यों पर खर्च बढ़ेंगे। माता का सानिध्य

**वृष** – आत्मविश्वास में कमी रहेगी। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय हो सकती

**मिथुन** – मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु फिर भी आत्मसंयत रहें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। स्वाथ्य का ध्यान रखें।

**कर्क** – फिर भी व्यर्थ के झगड़े एवं विवादों से बचें। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ बढ़ेगी। कारोबार के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं।

**सिंह** – व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। व्यवधान आ सकते हैं। आय में कमी आ सकती है।

**कन्या** – संयत रहें। अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा।

**तुला** – पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** – संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं।

**धनु** – मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। संयत रहें। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद-परिणाम मिलेंगे। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मकर** – मन परेशान रहेगा। आत्मसंयत रहें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी और आय के साधन भी बनेंगे। खर्च

**कुंभ** – फिर भी धैयशीलता बनाये रखने का प्रयास करें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों की अधिकता रहेगी। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है।

**मीन** – वाणी में मधुरता भी रहेगी। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। परिवार का साथ मिलेगा।

भारत का इंग्लैंड के खिलाफ गुरुवार से शुरु होगी टेस्ट मैचों की श्रृंखला

# कोहली निजी कारणों से शुरुआती दो टेस्ट से हटे

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली निजी कारणों से इंग्लैंड के खिलाफ शुरुआती दो टेस्ट मैच से हट गए हैं। भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने सोमवार को यह जानकारी दी। बीसीसीआई ने साथ ही प्रशंसकों और मीडिया से अपील की कि वे इस स्टार क्रिकेटर के ब्रेक लेने के कारणों पर अटकलें लगाना बंद करें। पांच मैच की श्रृंखला हैदराबाद में 25 जनवरी से शुरू होगी।

बीसीसीआई जल्द ही उनके विकल्प की घोषणा करेगा। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने बयान में कहा, 'विराट कोहली ने भारतीय क्रिकेट बोर्ड से निजी कारणों से इंग्लैंड के खिलाफ आगामी टेस्ट श्रृंखला के शुरुआती दो टेस्ट से उन्हें हटाने का आग्रह किया है। विराट ने कप्तान रोहित शर्मा, टीम प्रबंधन और चयनकर्ताओं से बात की है और जोर देते हुए कहा कि देश का प्रतिनिधित्व करना हमेशा उनकी शीर्ष प्राथमिकता है



लेकिन कुछ निजी स्थितियों में उनकी मौजूदगी की जरूरत है।बीसीसीआई उनके फैसले का सम्मान करता है और बोर्ड तथा टीम प्रबंधन ने स्टार बल्लेबाज को अपना समर्थन दिया है और टेस्ट श्रृंखला में सराहनीय प्रदर्शन करने के लिए टीम के बाकी सदस्यों की क्षमताओं पर भरोसा है।' उन्होंने सभी से अपील की कि वे कोहली की निजता का सम्मान करें।

### पहले भी ले चुके ब्रेक

इससे पहले भारत के दक्षिण अफ्रीका दौरे के दौरान उन्होंने निजी कारणों से संक्षिप्त ब्रेक लिया था जहां वह आपस में दो टीम बनाकर खेले गए मैच में नहीं खेले थे और दक्षिण अफ्रीका पहुंचने के कुछ दिन के भीतर लंदन गए थे। कोहली ने इससे पहले चोट के अलावा ब्रेक 2021 में पितृत्व अवकाश के रूप में लिया था जब उनकी बेटी वमिका का जन्म हुआ था। माना जा रहा है कि भारत 'ए' टीम के लिए अच्छा प्रदर्शन करने वाले मध्य प्रदेश के रजत पाटीदार और मुंबई के सरफराज खान कोहली की जगह लेने के प्रबल दावेदार हैं।

## मैक्सवेल के अस्पताल में भर्ती होने की जांच कर रहा सीए



एजेंसी ⏭ मेलबर्न


क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने स्टार ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल से जुड़ी घटना की जांच शुरू कर दी है जिन्हें पिछले हफ्ते एडीलेड में देर रात पार्टी करने के बाद अस्पताल ले जाना पड़ा था। मैक्सवेल मदिरा पी रहे थे और ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज ब्रेट ली की मौजूदगी वाले बैंड 'सिक्स एंड आउट' का कंसर्ट देख रहे थे जब उनकी तबीयत बिगड़ गई। सीए ने कहा है कि उसे मैक्सवेल से जुड़ी घटना की जानकारी है। इस ऑलराउंडर ने पिछले साल अक्टूबर-नवंबर में भारत में विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया की खिताबी जीत में अहम भूमिका निभाई थी। 'ईएसपीएन क्रिकइंफो' के अनुसार सीए ने बयान में कहा, 'क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया को सप्ताहांत एडीलेड में ग्लेन मैक्सवेल से जुड़ी घटना की जानकारी है और आगे की सूचना मांगी जा रही है।'पिछले हफ्ते फाइनल में जगह बनाने में असफल होने के बाद बिग बैश लीग टीम मेलबर्न स्टार्स की कप्तानी छोड़ने वाले मैक्सवेल को दो से छह फरवरी तक वेस्टइंडीज के खिलाफ होने वाली तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला के लिए ऑस्ट्रेलिया की 13 सदस्यीय टीम में शामिल नहीं किया गया है।

**कमाएं**

फ्रॉड कॉल से सावधान Reliance jio 5G कंपनी में घर बैठे Sms Job करके लड़के/लड़किया,गृहणिया,स्टूडेंट, कमाए (21,500-67,500) महीना लैपटॉप मोबाइल मुफ्त नाम पता Whatsapp करें 9241650814 (रायपुर/30/जनवरी 24)

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## शब्द पहेली - 5403



**बाएँ से दाएँ**
1.नियंत्रण,घोड़े की रास-3
4.पानी से सराबोर-5
8.अंधकार-3
9.आक्रमण-3
10.दम, सुट्टा-2
12.समय, वक्त-2
13.कहानी लेखक-5
16.अपराधी, गुंडा-4
17.आलोकित होना-4
18.उद्देश्य, मंजिल-2
19.छाती, सिलना-2
20.जागरण-4
23.सफल, उत्तीर्ण-4
25.पत्नी का नाना-2,3
28.मार्ग, रास्ता-2
29.जरा, थोड़ा-2
31.वैमनस्य-3
33.पाजेब-3
35.जरुरतमंद-3,2
36.गदर, क्रांति-3

**ऊपर से नीचे**
1.उत्साह-3
2.वोट,राय-2
3.हथियार, गोला-बारूद-4
4.सनसनी, रोमांच-4
5.एक विदेशी शराब-2
6.आफत, मुसीबत-2
7.उपपत्नी-3
11.बलिदानी-3
12.कार्य करने वाला-3
13.सिगरेट का सुट्टा मारना-2,3
14.पानी, जल-2
15.निर्माण करने वाला-5
21.प्रकार-3
22.उम्मीद, आशा-2
24.भिखारी-3
26.ख्यात,प्रसिद्ध-4
27.मदिरापान-4
28.मदद,आराम-3
30.इससे कच्ची शराब बनती है-3
31.उस समय-2
32.नागालैंड की एक जाति-2
34.अधर, होठ-2

### शब्द पहेली- 5402 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ना | म | क | मा | ना | | स | म | झ | दा | र |
| म | | र | ह | म | | म | द | न | | म |
| र | त | | | ची | | झौ | | | वा | णी |
| ख | स | | ना | न | ख | ता | ई | | ग | य |
| ना | ला | य | क | | त्म | | मा | त | ह | त |
| | | | क | था | | का | न | | | |
| प | न | घ | ट | | आ | | दा | न | वी | र |
| व | र | | ना | ना | स | सु | र | | र | वि |
| न | म | | | म | | चा | | | ता | न |
| सु | | आ | स | व | | ल | ह | र | | य |
| त | ल | ब | गा | र | | न | क | ब | ज | न |

## सूडोकु नवताल - 5413

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 6 | | | |
| | 1 | | | | | 2 | | |
| 5 | | | 7 | | | | 3 | |
| | | | 4 | | | | | 6 |
| | | 3 | | | | 9 | | |
| 4 | | | | | 8 | | | |
| | 7 | | | | 9 | | | 8 |
| | | 2 | | | | | 1 | |
| | | | 3 | | | | 4 | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 5412 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 8 | 9 | 1 | 4 | 2 | 7 | 3 |
| 1 | 2 | 7 | 3 | 5 | 8 | 6 | 4 | 9 |
| 3 | 4 | 9 | 7 | 2 | 6 | 1 | 5 | 8 |
| 2 | 3 | 6 | 1 | 4 | 5 | 9 | 8 | 7 |
| 8 | 9 | 5 | 2 | 7 | 3 | 4 | 1 | 6 |
| 4 | 7 | 1 | 6 | 8 | 9 | 3 | 2 | 5 |
| 7 | 6 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 9 | 2 |
| 9 | 8 | 2 | 4 | 6 | 7 | 5 | 3 | 1 |
| 5 | 1 | 3 | 8 | 9 | 2 | 7 | 6 | 4 |

आज जब हम अपना 75वां गणतंत्र दिवस मनाने जा रहे हैं, महिलाओं की स्थिति का आकलन करते हैं तो उनकी राह आसान नहीं दिखती है। लेकिन महिलाओं ने संघर्ष किया और अपना विकास पथ बनाया। आज देश में ऐसा कोई भी क्षेत्र नहीं है, जहां महिलाओं की सशक्त भागीदारी ना हो। वे भारत के विकास की अहम कड़ी बन हमारे गणतंत्र को मजबूत बना रही हैं।



# भारतीय गणतंत्र को सशक्त बना रही हैं महिलाएं

आवरण कथा / डॉ. मोनिका शर्मा

किसी भी राष्ट्र की बुनियाद उसकी पारिवारिक व्यवस्था होती है। हर क्षेत्र में देश को आगे ले जाने वाले नागरिक घर के आंगन में बड़े होते हैं। उनके विचार और व्यवहार को इसी परिवेश में वह दिशा मिलती है, जो देश की दशा बदल दे। इस मोर्चे पर घरेलू महिलाएं सैनिक-सी डटी नजर आती हैं। वहीं काम-काजी दुनिया में भी महिलाओं ने अपनी भूमिका को हर पहलू पर सिद्ध किया है। परवरिश के दायित्व निर्वहन और पारिवारिक रिश्तों-नातों को पोसते हुए प्रोफेशनल वर्ल्ड में बढ़ती भारतीय महिलाओं की धमक इस गणतांत्रिक देश की गौरव गाथा का हिस्सा है।

## जिजीविषा, जद्दोजहद और जीत

एक ओर महिलाएं काम-काजी महिला के रूप में नई इबारत लिख रही हैं तो दूसरी ओर घरेलू जिम्मेदारियां संभालते हुए देश की तरक्की की बुनियाद का पत्थर बन मन-जीवन को थामने का दायित्व भी निभा रही हैं। 75वां गणतंत्र दिवस मनाने जा रहे हमारे देश में आधी आबादी का यह सफर आसान नहीं रहा। भारतीय महिलाओं के भीतर बसी जिजीविषा ही है कि उनके कदमों की गति बनी रही। कभी साक्षर भर होने की लड़ाई लड़ने वाली महिलाएं अब उच्च शिक्षा की डिग्रियां ले रही हैं। हर वर्ष परीक्षा परिणामों में अव्वल आती बेटियों के चेहरे बताते हैं कि जद्दोजहद के बाद जीत निश्चित है। सबसे अहम यह है कि उनकी इस जीत में देश की व्यवस्था भी विजेता बन रही है। शिक्षित सजग बेटियां सैन्य मोर्चे से लेकर अंतरिक्ष के अभियानों तक अहम हिस्सेदारी रखती हैं। गणतांत्रिक व्यवस्था वाले हमारे देश में संविधान ने तो महिलाओं और पुरुषों को समान नागरिक अधिकार दिए, लेकिन इन अधिकारों को जीने के लिए आधी आबादी को अनगिनत मोर्चों पर संघर्ष करना पड़ा है। महिलाओं ने पूरे मनोयोग से हर स्तर पर यह लड़ाई लड़ी। जिजीविषा के बल पर जद्दोजहद करते हुए स्वतंत्र अस्तित्व गढ़ने और गणतंत्र को सशक्त बनाने में प्रभावी भूमिका दर्ज कारवाई। विपरीत परिस्थितियों में भी सशक्त मन से उठाए सबल कदमों ने आधी आबादी की जीत सुनिश्चित की।





## जागरुकता और जज्बातों का मेल

महिलाओं का सबल होना किसी भी सशक्त राष्ट्र की संजीवनी के समान होता है। बतौर नागरिक सशक्त व्यक्तित्व की धनी महिलाओं का मन संवेदनाओं से पूरित हो, इससे बेहतर क्या हो सकता है। भारतीय महिलाएं अपने मनोबल को कायम रखने और औरों के मर्म को समझने वाले व्यक्तित्व की धनी हैं। आज की महिलाएं जागरूक हैं तो जज्बातों को समझने वाली भी। मेहनती हैं तो अपनों की मान-मनुहार करने वाली भी हैं। सजग हैं तो सामाजिक भी। आधी आबादी की सबलता और मानवीय भावों की समझ का यह मेल समाज को पुख्ता आधार देता है। यही बुनियाद पूरी व्यवस्था को मजबूती से थामती है। आधी आबादी के समझ और संवेदनाओं भरे संघर्ष का ही परिणाम है कि सशक्त नागरिक की भूमिका को जी रहीं भारतीय महिलाएं सामाजिकता के रंग भी बचाए हुए हैं। जीवन के कितने ही रंगों को समेटे बदलाव और बेहतरी की मशाल थामे देश के विकास में भागीदार बन रही हैं। उनके इस हौसले के चलते ही बहुत कुछ बदला है। साथ ही बेहतरी के भावी बदलावों की आशाओं से भी हमारी झोली भरी है। जिस समाज में महिलाओं को अशक्त और आदर्श बनाकर दोयम दर्जे की नागरिक माना गया, वहां अनगिनत समस्याओं से लड़ते हुए स्वावलंबन की ओर अग्रसर होना नई आशाओं को बल देता है। भारतीय गणतंत्र की मुकम्मल कामयाबी में आधी आबादी की भूमिका रेखांकित करने योग्य है। a



## समर्पण और सुदृढ़ सोच

**भारतीय महिलाएं** सधी सोच समर्पण के भाव संग समाज में नवसृजन-नवनिर्माण कर रही हैं। उनका चेतना संपन्न व्यक्तित्व नए मार्ग चुन नई मंजिलें तय कर रहा है। महिला मन के मजबूत इरादों से साल-दर-साल उपलब्धियां बढ़ ही रही हैं। महिला वोटर्स की सजगता और भागीदारी देखकर हर बार सुखद आश्चर्य होता है। पंचायती राजव्यवस्था के माध्यम से लोकतांत्रिक संस्थाओं से भी आधी आबादी का जुड़ाव बढ़ा है। साल 2023 में नारी शक्ति वंदन विधेयक यानी वुमन रिजर्वेशन बिल संसद द्वारा पारित किया गया। इस विधेयक में पार्लियामेंट और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 फीसदी आरक्षण देने का प्रावधान है। लंबा समय लेने के बावजूद इन बदलावों का धरातल पर उतरने का कारण महिलाओं की दृढ़ता ही है। भारतीय संविधान को बहुत सी आशाओं के साथ देश में लागू किया गया था। इन उम्मीदों में स्त्रियों के लिए समानता और सबलता का पक्ष सबसे अहम था। मौजूदा दौर में स्वतंत्र गणराज्य में देश की आधी आबादी का जीवन हर पहलू पर बदलाव का साक्षी बना है। देश की आजादी के आंदोलन से लेकर मौजूदा समय में राजनीतिक आर्थिक, वैज्ञानिक, तकनीकी और सामाजिक-पारिवारिक मोर्चों पर उल्लेखनीय योगदान देने वाली महिलाएं आज स्वयंसिद्धा हैं।

अभिमत / प्रस्तुति : अंशु सिंह

हमारे संविधान ने महिलाओं और पुरुषों को समान अधिकार दिए हैं, लेकिन हमारी परंपरागत सोच ऐसी रही है कि महिलाओं के विकास में बाधाएं बनी हुई हैं, इसका बड़े विवेक से सामना करते हुए हमें आगे बढ़ना होगा, तभी हम भारतीय गणतंत्र में अपनी सार्थक भागीदारी निभा सकेंगे।

# गणतंत्र में ऐसे संभव है हमारी सार्थक भागीदारी

**कृष्णा अग्निहोत्री, लेखिका**



**अब गणतंत्र ही** नहीं, गुण तंत्र की अधिक आवश्यकता है, जो गणतंत्र का परिष्कृत रूप होगा। यह महिलाओं के गुण से ज्यादा प्रभावी होगा। क्योंकि नारी सृजन में अत्यधिक प्रवीण है। उसके इस गुण से राष्ट्रीय और स्थानीय स्तर पर निर्वाचित पद पाने में आसानी होगी। निर्वाचित महिला, महिलाओं के खिलाफ हिंसा, मातृ-स्वास्थ्य जैसे कल्याणकारी मुद्दे और योजनाओं पर अधिक विचार करेंगी। राजनीतिक पार्टियों को टिकट बंटवारे में महिलाओं को प्राथमिकता देनी चाहिए। नारी शक्ति वंदन अधिनियम जैसे और भी कल्याणकारी योजनाओं पर बल दिया जाना चाहिए। मैं मानती हूं कि महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी बढ़ने से समाज पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। भारतीय समाज और राजनीति में नारी की भागीदारी बढ़ाने के लिए उसे शिक्षा की सुविधा दी जाए, तो वे अपनी विजय का परचम लहराकर देश के गणतंत्र को सशक्त बनाने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएंगी। a

**रीता गंगवानी, पर्सनालिटी ट्रांसफॉर्मेशन कोच**



**भारतीय महिलाएं** काफी हद तक सशक्त हो चुकी हैं। अब जरूरत है, लैंगिक समानता लाने की। क्योंकि महिलाएं आज भी समान वेतन के लिए संघर्षरत हैं। कार्यस्थल पर उनके लिए उपयुक्त और सुरक्षित माहौल का अभाव है। शादी करना या मातृत्व लाभ लेना उनकी पेशेवर तरक्की में बाधा बनती है। आज महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने की आवश्यकता है। अच्छी बात यह है कि देश में महिला साक्षरता दर बढ़ने से उनका आत्मविश्वास कई गुणा बढ़ा है। महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही हैं। इतना ही नहीं, राजनीति में भी उनका दखल स्पष्ट दिखाई देने लगा है। महिला आरक्षण विधेयक 'नारी शक्ति वंदन बिल' को मंजूरी मिलने के बाद एक उम्मीद जगी है कि इससे राजनीति में महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ेगा, उनकी समस्याओं पर गंभीरता से विचार किया जाएगा। a

**प्रो. फरहाना कौसर, राजनीति शास्त्र विभाग, एएमयू**



**बात चाहे** महिलाओं की राजनीति में भागीदारी की हो, उन्हें शिक्षा मुहैया कराने की या रोजगार के अवसर प्रदान करने की, यह निर्णय सबसे पहले उनका परिवार और फिर समाज लेता है। इसके अलावा, यह मानसिकता भी आम होती है कि ज्यादा पढ़कर लड़कियां क्या करेंगी, जब उन्हें शादी और परिवार की देखभाल ही करनी है। इस तरह, यह काफी कुछ पारिवारिक और सामाजिक पृष्ठभूमि पर निर्भर करता है कि वह महिलाओं को किस रूप में आगे बढ़ते देखना चाहते हैं। जब हम महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी बढ़ाने की बात करते हैं, तो सबसे पहले हमें यह देखना है कि महिलाओं को स्वतंत्र निर्णय लेने की कितनी आजादी है। मसलन, पंचायती राज व्यवस्था को ही लें। वहां महिलाओं का अच्छा प्रतिनिधित्व देखने को मिलता है। लेकिन सिक्के का दूसरा पहलू यह है कि ज्यादातर मामलों में फैसले उनके पति लेते हैं। यह कैसी व्यवस्था है? जनता महिला उम्मीदवार को चुनती है, तो निर्णय लेने का अधिकार भी उनका ही होना चाहिए। अब जब 33 फीसदी आरक्षण के जरिए संसद और विधानसभाओं में महिलाओं की उपस्थिति बढ़ने जा रही है, तो राजनीतिक दलों के साथ खुद महिलाओं को सोचना होगा कि वे किस प्रकार से भारतीय गणतंत्र को सशक्त बना सकती हैं। a




हाल के सालों में भारतीय महिलाओं की भागीदारी हर क्षेत्र में बढ़ी है। केवल राजनीति ही नहीं प्रशासन, विज्ञान, प्रौद्योगिकी, खेल, अर्थव्यवस्था और देश की आंतरिक-वाह्य सुरक्षा में भी अग्रणी भूमिका निभा रही हैं।

# गणतंत्र का मजबूत पहिया हैं भारतीय महिलाएं



नए कीर्तिमान / वीना गौतम

आजादी के बाद संविधान निर्मित 'भारतीय गणतंत्र' में महिलाओं का अतुलनीय योगदान रहा है। राजनीति, शिक्षा, देश की आंतरिक-वाह्य सुरक्षा, मेडिकल, व्यवसाय, खेल, एयरोस्पेस और प्रौद्योगिकी से लेकर उद्यमिता, सामाजिक सक्रियता और कला-संस्कृति तक कोई भी ऐसा क्षेत्र नहीं है, जहां महिलाएं अग्रिम मोर्चे पर अपनी भूमिकाएं ना निभा रही हों।

## राजनीति-शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान

हाल के सालों में भारत की राजनीति में महिलाओं की भागीदारी बढ़ी है, वे देश की निर्णय लेने की प्रक्रिया पर महत्वपूर्ण प्रभाव डाल रही हैं। आज वो प्रमुख पदों पर हैं, जिनमें राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और केंद्रीय मंत्री जैसे सर्वोच्च पद भी शामिल हैं। महिलाओं ने शिक्षा के क्षेत्र में भी हाल के दशकों में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। आज भारतीय महिलाएं कॉलेजों और विश्वविद्यालयों की ही नहीं, टेक्निकल इंस्टीट्यूट और महत्वपूर्ण प्रतिस्पर्धाओं में भी शानदार उपस्थिति दर्शा रही हैं।

## खेल में बढ़ा रही हैं देश का गौरव

महिलाओं ने खेल के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया है। वे एथलीट, प्रशिक्षकों और प्रशासकों के रूप में प्रमुख पदों पर आसीन हुई हैं। उड़न परी पीटी उषा, साइना नेहवाल, कर्णम मल्लेश्वरी, सायना मिर्जा, पीवी सिंधु और मैरी कॉम तक अनगिनत लड़कियों ने विश्व में भारत का गौरव बढ़ाकर भारतीय खेलों को नई ऊंचाई दी है।

### देश की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान

व्यापार के क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी बढ़ी है, वे देश की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। महिलाएं विभिन्न बहुराष्ट्रीय कंपनियों में नेतृत्व पदों पर कार्यरत हैं और भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि और विकास में योगदान दे रही हैं।

## एयरोस्पेस के क्षेत्र में अतुलनीय योगदान

भारतीय महिलाओं ने एयरोस्पेस के क्षेत्र में भी नई लकीर खींची है। वे वैज्ञानिकों, इंजीनियरों और प्रशासकों के रूप में प्रमुख पदों पर आसीन हुई हैं। इसरो में महिलाओं ने एयरोस्पेस के क्षेत्र में पुरुष वैज्ञानिकों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर जो काम किया है, वह अतुलनीय है।

## भारतीय गणतंत्र में अमिट छाप

देखा जाए तो महिलाओं ने आजादी के बाद के पिछले कई दशकों में अपने सभी तरह के अधिकारों, सामाजिक न्याय जैसे मुद्दों के बारे में भी हाल के सालों में जागरुकता बढ़ाने के लिए सभी संभव प्लेटफॉर्मों का उपयोग किया है। हर कार्यक्षेत्र में उन्होंने उल्लेखनीय सफलताएं हासिल की ही हैं, अपनी लगन और जिजीविषा से महिलाओं ने भारतीय गणतंत्र में अपनी एक अमिट छाप भी छोड़ी है। a







अप्रतिनिधित्व क्षेत्रों में डीलरशिप एवं ASM या SR हेतु संपर्क करें
Mobile: 92851 63700, Email: gdc.indore@gmail.com

# राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह की तारीख को खिलाड़ियों ने कहा-ऐतिहासिक

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

*22 जनवरी का दिन रामभक्तों के लिए काफी ऐतिहासिक है। सोमवार ही के दिन अयोध्या में राम मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा समारोह हुआ। इस कार्यक्रम की शुरुआत दोपहर 12.20 बजे से हुई। मगर इससे पहले ही देशभर से रामभक्त अयोध्या पहुंच चुके थे। मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर प्राण प्रतिष्ठा समारोह शामिल हुए। टीम इंडिया के ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा की तस्वीर वायरल हो रही है। टीम इंडिया के पूर्व कप्तान अनिल कुंबले भी पहले ही अयोध्या पहुंच गए थे। उनका भी लखनऊ पहुंचने का वीडियो पहले ही वायरल हो गया था। भारत के पूर्व तेज गेंदबाज वेंकटेश प्रसाद पहले से ही अयोध्या में थे। वेंकटेश प्रसाद वहां से तस्वीरें और वीडियो पोस्ट कर रहे हैं। प्रसाद का एक वीडियो काफी वायरल हो रहा है। वेंकटेश वीडियो में कह रहे हैं, 'एक ही नारा एक ही नाम जय श्रीराम।'*



### बस राममय हूं



*सहवाग ने एक्स पर लिखा, 'भावुक हूं, आनंदित हूं। मर्यादित हूं, शरणागत हूं। सन्तुष्ट हूं, निःशब्द हूं। बस राममय हूं। सियावर रामचंद्र जी की जय। राम लला आ गए। सभी जिन्होंने इसको सम्भव किया, बलिदान दिया, उनका कृतज्ञ। जय श्री राम।'*

*- वीरेन्द्र सहवाग*

### जय श्री राम



*'खुशी के आंसू और दिल भक्ति और खुशी से भरे हुए। सियावर रामचन्द्र जी की जय। जय श्री राम।'*

*- वीवीएस लक्ष्मण*

### यह एक अद्भुत अवसर

'यह एक अद्भुत अवसर है, एक बहुत ही दिव्य अवसर। इसका हिस्सा बनकर धन्य हूं। यह ऐतिहासिक है। राम लला से आशीर्वाद लेने के लिए उत्सुक हूं।'

- अनिल कुंबले




## राम मंदिर से शांति और आध्यात्मिक ज्ञान बढ़ेगा

*जोहानिसबर्ग। दक्षिण अफ्रीका के स्पिनर केशव महाराज ने अयोध्या में राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह की सराहना करते हुए उम्मीद जतायी कि यह पूरी मानवता के लिए शांति और सद्भाव लाएगा। महाराज जब क्रिकेट के मैदान पर उतरते हैं तब आम तौर पर स्टेडियम में 'राम सिया राम' की धुन बजने लगती है। इस 33 साल के वामहस्त स्पिनर ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आयोजित 'प्राण प्रतिष्ठा' समारोह की सराहना करते हुए अपने सोशल मीडिया पेज पर एक वीडियो साझा किया।इस वीडियो संदेश में उन्होंने कहा, 'मैं महेश कुमार (जोहानिसबर्ग में भारत के महावाणिज्य दूत) और दक्षिण अफ्रीका में पूरे भारतीय समुदाय को अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन के लिए शुभकामनाएं देना चाहता हूं। यह सभी के लिए शांति, सद्भाव और आध्यात्मिक ज्ञान लाए।' केशव महाराज के परिवार का ताल्लुक मूल रूप से उत्तर प्रदेश ये है। उन्होंने हाल ही में एक साक्षात्कार में भगवान राम के प्रति अपनी भक्ति के बारे में बात की थी। उन्होंने कहा कि इस धुन से वह सहज महसूस करते हैं।*



## खबर संक्षेप



### रोहित उदाहरण पेश करने वाले कप्तान

**नई दिल्ली।** भारत के बाएं हाथ के पूर्व तेज गेंदबाज जहीर खान ने रोहित शर्मा को 'जिम्मेदारी लेने वाला कप्तान' बताते हुए शुक्रवार को कहा कि वह इंग्लैंड के खिलाफ आगामी पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला में एक कप्तान और बल्लेबाज दोनों के रूप में अच्छा योगदान देंगे। जहीर ने 'जियो सिनेमा' पर कहा, 'हर कोई जानता है कि रोहित ने पूरी टीम पर कैसा प्रभाव डाला है।' जहीर ने कहा कि रोहित की कप्तानी की पहचान उनकी अच्छी तरह से संवाद करने की क्षमता है।

### भारतीय डेविस कप टीम ने शुरू की तैयारी

**नई दिल्ली।** भारतीय डेविस कप टीम ने पाकिस्तान के खिलाफ ग्रास कोर्ट पर खेले जाने वाले आगामी डेविस कप मुकाबले के लिए यहां कड़ाके की ठंड में आयोजित शिविर में तैयारी शुरू कर दी है। इस तैयारी शिविर में टीम का ध्यान अभ्यास के साथ दूसरे एकल मुकाबले को खेलने वाले खिलाड़ी को तय करने पर होगा। रामकुमार रामनाथन टीम में एकमात्र एकल विशेषज्ञ खिलाड़ी हैं। कप्तान रोहित राजपाल को दूसरा एकल खेलने के लिए युकी भांबरी और एन श्रीराम बालाजी में से किसी एक को चुनना होगा।



### क्वालीफाई न कर पाना निराशाजनक

**कराची।** पाकिस्तान की पुरुष हॉकी टीम ओमान में एफआईएच ओलंपिक क्वालीफायर के तीसरे स्थान के लिए खेले गए मैच में न्यूजीलैंड से 2-3 से हार कर पेरिस खेलों में जगह बनाने की दौड़ से बाहर हो गई। अतीत में हॉकी की सर्वश्रेष्ठ टीमों में शामिल रहे पाकिस्तान की इस हार को देश के पूर्व दिग्गज खिलाड़ियों ने निराशाजनक करार दिया। इस ओलंपिक क्वालीफायर से शीर्ष तीन टीमों को ओलंपिक की टिकट मिली। टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जर्मनी से 0-4 से हारने के बाद, पाकिस्तान रविवार को तीसरे स्थान के मैच में न्यूजीलैंड से हार गया।

## ऑस्ट्रेलियन ओपन : कूलहोफ और मेकटिक को 7-6 7-6 से हराया

# बोपन्ना-एब्डेन की शानदार जीत क्वार्टर फाइनल में बनाई जगह

एजेंसी ▶▶ मेलबर्न

भारत के रोहन बोपन्ना और ऑस्ट्रेलिया के उनके जोड़ीदार मैथ्यू एब्डेन ने सोमवार को यहां नीदरलैंड के वेस्ली कूलहोफ और क्रोएशिया के निकोला मेकटिक की जोड़ी को सीधे सेटों में हराकर ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष युगल क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। भारत और ऑस्ट्रेलिया की दूसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी ने कूलहोफ और मेकटिक की दुनिया की पूर्व नंबर एक जोड़ी के खिलाफ 7-6 7-6 से जीत दर्ज की। बोपन्ना और एब्डेन की जोड़ी ने दोनों सेट में शुरुआत में ही सर्विस गंवाई लेकिन 14वीं वरीय जोड़ी के खिलाफ वापसी करते हुए जीत दर्ज की। बोपन्ना और एब्डेन क्वार्टर फाइनल में मैक्सिमो गोंजालेज और आंद्रेस मोलटेनी की अर्जेन्टीना की छठी वरीय जोड़ी से भिड़ेंगे।



### प्री क्वार्टर फाइनल मैच का रोमांच

*बोपन्ना की सर्विस ने शुरुआत में उन्हें निराश किया। पहले सेट के दूसरे गेम में उनकी सर्विस तोड़कर विरोधी जोड़ी ने 15 मिनट के भीतर 3-0 की बढ़त बना ली। हाल में डेविस कप से संन्यास लेने वाले बोपन्ना ने हालांकि कुछ शानदार बैकहैंड के साथ वापसी करते हुए अंक जुटाए। पहले सेट के सातवें गेम में कूलहोफ और मेकटिक की जोड़ी ने कुछ सहज गलतियां की और भारत-ऑस्ट्रेलिया की जोड़ी को वापसी का मौका दिया। बोपन्ना ने इसके बाद नेट पर शानदार खेल दिखाया और ढेरो अंक बटोरे। दूसरे सेट की शुरुआत में भी बोपन्ना ने सर्विस गंवाई जिससे नीदरलैंड-क्रोएशिया की जोड़ी 4-2 से आगे हो गई। आठवें गेम में बोपन्ना और एब्डेन ने एक बार फिर विरोधी जोड़ी की सर्विस तोड़कर वापसी की। टाईब्रेकर में बोपन्ना-एब्डेन की जोड़ी ने 3-0 की बढ़त बनाई और फिर सेट और मैच जीत लिया।*

### मेदवेदेव ने दर्ज की जीत

दानिल मेदवेदेव ने सोमवार को यहां ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। मेदवेदेव ने सोमवार को यहां नुनो बोर्गेस को 6-3 7-6 5-7 6-1 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

### डायना की धमाकेदार जीत

डायना यास्त्रेमस्का और लिंडा नोसकोवा भी पहली बार किसी ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट के महिला एकल के अंतिम आठ में पहुंचने में सफल रहे। यास्त्रेमस्का ने महिला एकल में दो बार की चैंपियन विक्टोरिया अजारेंका को सीधे सेट में 7-6 6-4 से हराया जबकि 18वें नंबर की एलिना स्वितोलिना जब नोसकोवा से 0-3 से पीछे चल रहीं थी तो उन्होंने पीठ की चोट के कारण मुकाबले से हटने का फैसला किया।

# दीपक और निशांत भारतीय मुक्केबाजी टीम में शामिल



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता दीपक भोरिया और निशांत देव को भारत की नौ सदस्यीय मुक्केबाजी टीम में जगह मिली है। दोनों 29 फरवरी से 12 मार्च तक इटली के बुस्तो अरसिजियो में होने वाले पहले क्वालीफिकेशन टूर्नामेंट के साथ पेरिस ओलंपिक कोटा हासिल करने की कोशिश करेंगे। छह बार के एशियाई चैंपियनशिप के पदक विजेता शिव थापा (63.5 किग्रा) और 2022 राष्ट्रमंडल खेलों की कांस्य पदक विजेता जैस्मिन लंबोरिया (60 किग्रा) को भी भारतीय मुक्केबाजी महासंघ द्वारा सोमवार को घोषित भारतीय टीम में जगह मिली है। दीपक (51 किग्रा) ने बीएफआई की मूल्यांकन प्रक्रिया के तहत 2019 विश्व चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता अमित पंघाल को पछाड़कर टीम में जगह बनाई। दीपक और निशांत (71 किग्रा) के अलावा 2022 विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता मोहम्मद हुसामुद्दीन (57 किग्रा) भी टीम में वापसी हुई है। युवा महिला विश्व चैंपियन अंकुशिता बोरो (66 किग्रा), गत राष्ट्रीय चैंपियन लक्ष्य चाहर (80 किग्रा), संजीत कुमार (92 किग्रा), हांगझोउ एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता नरेंद्र बेरवाल (92 किग्रा से अधिक) को भी टीम में जगह दी गई है।

### भारतीय टीम

**महिला:** जैस्मिन लंबोरिया (60 किग्रा), अंकुशिता बोरो (66 किग्रा)।
पुरुषः दीपक भोरिया (51 किग्रा), मोहम्मद हुसामुद्दीन (57 किग्रा), शिव थापा (63.5 किग्रा), निशांत देव (71 किग्रा), लक्ष्य चाहर (80 किग्रा), संजीत (92 किग्रा) और नरेंद्र (92 किग्रा से अधिक)।

**इंडोनेशियन मास्टर्स : युगल जोड़ी ने दिया काम के बोझ का हवाला**

# सात्विक-चिराग हटे, भारत की अगुवाई करेंगे प्रणय

एजेंसी ▶▶ जकार्ता




स्टार एकल खिलाड़ी एचएस प्रणय मंगलवार से यहां शुरू हो रहे इंडोनेशिया मास्टर्स सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगे क्योंकि सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की दुनिया की दूसरे नंबर की पुरुष युगल जोड़ी टूर्नामेंट से हट गई है। सात्विक और चिराग की जोड़ी ने व्यस्त कार्यक्रम को देखते हुए काम के बोझ को कम करने के लिए टूर्नामेंट से हटने का फैसला किया।

भारतीय जोड़ी के हटने से टूर्नामेंट की चमक कुछ कम होगी लेकिन दुनिया के नौवें नंबर के खिलाड़ी प्रणय अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखते हुए भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगे। पुरुष एकल में 32 खिलाड़ियों में ड्रॉ में सातवीं वरीयता के साथ प्रणय एकमात्र वरीयता प्राप्त भारतीय खिलाड़ी हैं। वह अपने अभियान की शुरुआत सिंगापुर के लोह कीन यीयु के खिलाफ करेंगे जिनके खिलाफ उनकी जीत-हार का रिकॉर्ड 4-1 है। महिला युगल और मिश्रित युगल में भारत की कोई जोड़ी नहीं उतरेगी।

### एंडरसन की रन-अप में बदलाव की सराहना

लंदन। इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर डेरेन गॉफ ने जेम्स एंडरसन की खेल के प्रति अटूट प्रतिबद्धता की प्रशंसा की है क्योंकि इस 41 वर्षीय तेज गेंदबाज ने भारत में पांच टेस्ट मैचों की कठिन श्रृंखला से पहले अपने रन-अप में बदलाव किया है। लगभग तीन दशकों में इंग्लैंड के लिए किसी विदेशी टेस्ट में खेलने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बनने जा रहे एंडरसन ने एक साक्षात्कार में कहा था कि वह गति और लय हासिल करने के लिए बेहतर रन-अप के साथ आ रहे हैं।


**कार्यालय, नगरपालिका परिषद् रतनपुर, जिला- बिलासपुर (छ.ग.)**
ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना

क्र./2125/न.पा./लो.नि./2024 — रतनपुर दिनांक 19.01.2024

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| सिस्टम टेंडर. नं. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रु.लाख में) | Bid Due Date | Physical Documen Sub. |
|---|---|---|---|---|
| 151911 | खण्डोबा मंदिर होते हुये महामाया चौक स्ट्रीट लाईट विद्युतिकरण कार्य | Rs. 199.55 | 12/02/24 | 13/02/24 |
| 151923 | वार्ड क्र. 06 बुढामहादेव मंदिर होते हुये रामटेकरी मंदिर स्ट्रीट लाईट विद्युतिकरण कार्य | | 12/02/24 | 13/02/24 |
| | वार्ड क्र. 15 मेनरोड होते हुये मुशेशाह दरगाह तक स्ट्रीट लाईट विद्युतिकरण कार्य | Rs. 30.17 | | |
| | वार्ड क्र. 03 से मेनरोड से होते हुये बैरागबन मंदिर तक स्ट्रीट लाईट विद्युतिकरण कार्य | | | |
| | वार्ड क्र. मेनरोड से होते हुये महामाया मंदिर तक स्ट्रीट लाईट विद्युतिकरण कार्य | Rs. 66.69 | | |
| | वार्ड क्र. 03 चपोरा से मेनरोड से महामाया मंदिर तक स्ट्रीट लाईट विद्युतिकरण कार्य | | | |
| | वार्ड क्र. 07 मेनरोड होते हुये गिरजाबंद मंदिर तक स्ट्रीट लाईट विद्युतिकरण कार्य | Rs. 57.66 | | |
| | कुल योग | Rs.154.52 | | |

उपरोक्त निर्माण कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

Green City, Clean City, Dream City.

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद् रतनपुर



**पश्चिम मध्य रेल**
**विद्युत विभाग (कर्षण-वितरण शाखा) जबलपुर, ई- निविदा सूचना**
**एन.आई.टी नं. टीआरडी-जबल-2x25kv-2023-T-02 दिनांक 18.01.2024**

वरि मंडल विद्युत इंजीनियर/कर्षण-वितरण/पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर भारत संघ के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य करने के लिए अनुभवी ठेकेदारों से मुहरबन्द निविदायें आमंत्रित करते हैं। ठेकेदारों के पास राज्य सरकार द्वारा जारी विद्युतीय लायसेन्स (फर्म के नाम से या फर्म के किसी पार्टनर के नाम से या स्वयं के नाम में यदि सोल प्रोपराइटर हों) आई.ई.नियम 1956 के अनुसार होना चाहिए। **कार्य का नाम-1x25** केवी से **2x25** केवी ट्रैक्शन सिस्टम के अपग्रेडेशन कार्य के डिजाइन/संशोधन, आपूर्ति, निर्माण, परीक्षण और कमीशनिंग, जिसमें अप और डाउन ट्रैक के साथ एल्युमीनियम फीडर तार और मुख्य अप और डाउन ट्रैक के साथ ए.ई.सी. और बी.ई.सी. अर्थिंग शामिल है। वी.एस.टी. (छोड़कर)से एम.डब्ल्यू.जे. (छोड़कर) (किमीः 1163/1,2 से 1238/37,38) तक 3000 मीट्रिक टन लोडिंग लक्ष्य को पूरा करने के लिए जबलपुर डिवीजन डब्ल्यूसी रेलवे के कटनी-सिंगरौली सेक्शन के बीच डायवर्जन भाग बी.ई.एच.आर.-जोबा को छोड़कर। **कार्य स्थल**-जबलपुर मंडल, **कार्य की अवधि**-18 माह, **कार्य की कीमत (टेंडर वेल्यू)**-रुपये 34,65,61,889.78/-(रुपये चौंतीस करोड़ पैंसठ लाख इकसठ हजार आठ सौ नवासी एवं अठहत्तर पैसे मात्र), **बयाना राशि**-रुपए 18,82,800.00/-, **निविदा जमा करने / खुलने की अंतिम तिथि एवं समय**-26.02.2024 को 15:00 बजे /26.02.2024 को 15:30 बजे। **निविदा सूचना की पूर्ण जानकारी रेल्वे वेबसाईट**-https://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदाकर्ता अपनी निविदाऐं आईआरईपीएस के माध्यम से https://www.ireps.gov.in पर ऑन लाइन निविदा करें। निविदाकर्ताओं से अनुरोध है कि वे समय समय पर बदलाव व शुद्धि पत्रों हेतु IREPS, की वेबसाईट https://www.ireps.gov.in देखते रहें। न्यूनतम पात्रता मान दण्ड टेण्डर फार्म अनुसार और ज्वाइन्ट वेन्चर व साझेदारी इस निविदा के लिए लागू होगा।

मंडल विद्युत इंजीनियर, कर्षण-वितरण
कृते वरि.मं.वि.इंजी./क.वि./जबल
पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान, एक कदम स्वच्छता की ओर



**कार्यालय कार्यपालन यंत्री,लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड मण्डला (म.प्र.)**
दूरभाष - 07642-252443 ई-मेल - eephedmal@mp.nic.in फेक्स-07642-253622

निविदा क. 166 से 174 / 2023-24 / नि.शाखा / लो.स्वा.यॉ. / 2024 — मण्डला, दिनॉक 15.01.2024

**निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्नानुसार कार्य हेतु ऑनलाईन वेबसाईट http://mptenders.gov.in/nicgep/app पर निविदा आमंत्रित किये जाते है। ऑन लाईन निविदा प्रस्तुत किये जाने की अंतिम तिथि 27/01/2024 सायं 17.30 बजे तथा निविदा खुलने का दिनांक 29/01/2024 सायं 12.00 बजे के पश्चात है। निविदा से सम्बंधित कोई भी संशोधन ई-टेण्डरिंग पोर्टल पर प्रदर्शित है। विस्तृत निविदा एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाईट http://mptenders.gov.in/nicgep/app पर देखा जा सकता है।

**Name of Work :- Conducting Yield Test for 24 hrs of 50 nos Tubewells in Different Block of District Mandla.**

| S.N. | NIT No. | Tender ID No. | Name of Block | No of Survey | Tender Amount | EMD | Tender Fee | Time |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | | 5 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 166/ 23-24 | 2024_PHED_326442_1 | Mandla | 50 Nos | 12.24 | 24480 | 2000 | 06 Months |
| 2 | 167/ 23-24 | 2024_PHED_326448_1 | Mohgaon | 50 Nos | 12.24 | 24480 | 2000 | |
| 3 | 168/ 23-24 | 2024_PHED_326451_1 | Nainpur | 50 Nos | 12.24 | 24480 | 2000 | |
| 4 | 169/ 23-24 | 2024_PHED_326460_1 | Bichhiya | 50 Nos | 12.24 | 24480 | 2000 | |
| 5 | 170/ 23-24 | 2024_PHED_326461_1 | Mawai | 50 Nos | 12.24 | 24480 | 2000 | |
| 6 | 171/ 23-24 | 2024_PHED_326463_1 | Ghughari | 50 Nos | 12.24 | 24480 | 2000 | |
| 7 | 172/ 23-24 | 2024_PHED_326466_1 | Narayanganj | 50 Nos | 12.24 | 24480 | 2000 | |
| 8 | 173/ 23-24 | 2024_PHED_326472_1 | Bijadandi | 50 Nos | 12.24 | 24480 | 2000 | |
| 9 | 174/ 23-24 | 2024_PHED_326486_1 | Niwas | 50 Nos | 12.24 | 24480 | 2000 | |

नोट :- निविदा प्रपत्र उपरोक्त वेबसाईट पर केश कार्ड, ए.टी.एम. कम डेबिट कार्ड या इंटरनेट बैंकिंग एकाउण्ट के माध्यम से ऑनलाईन भुगतान पर क्रय किया जा सकता है।

G-23245/23 — कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यात्रिकी खण्ड मण्डला (म.प्र.)



**कार्यालय नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा (म.प्र.)**
शुक्ला ग्राउण्ड के पास वार्ड नं. 39 छिन्दवाड़ा 480001
दूरभाष एवं फैक्स नंबरः- 07162-222346
ई-मेलः- commissionerchhindwara@mpurban.gov.in
commissioner.chhindwara.mpurban.@gmail.com
वेबसाईट :- chhindwaranagarnigam.com

क्रमांक/642/लो.नि.वि./नपानि/2024 — **// निविदा सूचना //** — छिन्दवाड़ा दिनांक 22/1/24

शासकीय विभागों के उपयुक्त तथा सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 2024_UAD_327109_1 Date- 19/01/2024 | Construction of Three Aspirational Toilet in Chhindwara Municipal Corporation at seoni road, Nagpur road and Medical college | 2 माह 6500136 | 10,000.00 48800.00 | 19/02/2024 |

नोट:- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाईट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**कार्यपालन यंत्री नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा**

Divisa
आँखों को दीजिए कुदरती आई मंत्रा
100% Ayurvedic
Helps in :
• Eye Strain • Eye Dryness
• Eye Tiredness • Eye Freshness
• Eye Cleanliness
असर पहले दिन से


Dr. Juneja's EYE Mantra®
प्रयोग विधि : 2 से 3 ड्रॉप्स दिन में तीन बार या चिकित्सकीय परामर्शानुसार इस्तेमाल करें।
12 गुणकारी आयुर्वेदिक औषधियों जैसे गुलाब, तुलसी, आंवला, नीम, पुदीना, शहद इत्यादि के योग से बनी 'आई मंत्रा' आयुर्वेदिक आई ड्रॉप्स आँखों में होने वाली समस्याओं जैसे आँखों की थकान, आँखों का सूखापन, आँखों पर दबाव कम कर उन्हें स्वस्थ व शीतल रखने में सहायक है। आयुर्वेदिक होने के कारण यह सुरक्षित है एवं इसका आँखों पर कोई दुष्प्रभाव भी नहीं पड़ता।
24x7 Helpline: 8196822222 • www.eyemantra.com

## बिजली कंपनियों को पुनः याचिका दायर करना पड़ेगा

# टीओडी प्रस्ताव से विद्युत दर निर्धारण पर प्रश्नचिन्ह

**जबलपुर।** बिजली कंपनियों ने टाईम ऑफ डे (टीओडी) टैरिफ का प्रस्ताव विद्युत नियामक आयोग को अनुमोदन हेतु प्रस्तुत किया है, लेकिन इस प्रस्ताव के साथ वार्षिक राजस्व आवश्यकता में होने वालें बदलाव की विस्तृत जानकारियां प्रस्तुत नहीं हैं, अतः यदि टीओडी टैरिफ का अनुमोदन होगा तो बिजली कंपनियों को पुनः संशोधित याचिका प्रस्तुत करना पड़ेगा, तदानुसार नियामक आयोग को भी निर्देश देना होगा।

इसे मद्देनजर नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच ने वर्तमान में जारी दर निर्धारण प्रक्रिया पर प्रश्नचिन्ह लगाया है तथा आपत्ति आयोग को प्रस्तुत किया है। डॉ.पीजी नाजपांडे ने बताया कि सस्ती सौर तथा वायु ऊर्जा के ज्यादा से ज्यादा उपयोग से बिजली खरीदी लागत घटाने के उद्देश्य से यह टीओडी टैरिफ प्रस्तातिव किया गया है। अतः ऐसी सस्ती बिजली खरीदी से याचिका में दर्शायी गई वर्तमान विद्युत क्रय लागत 41491 करोड़ में बदलाव आयेगा, जिसके फलस्वरुप वित्तीय वर्ष 2024-25 के प्रस्तावित राजस्व अंतर 2046 करोड़ में भी बदलाव आएगा। वर्तमान में बिजली सप्लाई रेट 7.16 रुपए प्रति यूनिट से बिजली खरीदी रेट 40 प्रतिशत से भी ज्यादा है। टीओडी टैरिफ के लिए आवश्यक सस्ती सौर तथा वायु ऊर्जा खरीदी से बिजली खरीदी रेट तथा बिजली सप्लाई रेट में भी बदलाव होगा।



### 22 जनवरी आपत्तियों की अंतिम तारीख

मंच के रजत भार्गव, एड.वेदप्रकाश अधौलिया ने बताया कि बिजली कंपनियों के याचिका पर आपत्तियां दायर करने की अंतिम तारीख 22 जनवरी है, अतः इमेल से ज्यादा से ज्यादा संख्या में आपत्तियां दायर करें।

## सामान पाकर खुश हुआ यात्री, रेल प्रशासन का दिल से किया शुक्रिया

# यात्री का नोटों से भरा पर्स ट्रेन में छूटा रेलवे ने वापस पहुंचाया

**जबलपुर।** मथुरा शहर में धार्मिक विधान करके मथुरा के सुप्रसिद्ध पेड़े लेकर खुशी-खुशी घर लौट संजीव कुमार ने स्टेशन पहुंचे ही अपना सारा सामान समेटा और ट्रेन से उतरकर घर पहुंच गए । घर में अचानक उन्होंने देखा कि उनका नोटों और जरूरी कागजों, एटीएम से भरा पर्स तो ट्रेन की बर्थ पर ही छूट गया है। सीनियर डी.सी.एम. विश्व रंजन ने बताया कि रेलवे कंट्रोल रूम को सूचना मिली कि एक यात्री संजीव कुमार गुप्ता ने 12122 संपर्प क्रांति एक्सप्रेस से मथुरा से कटनी तक यात्रा करके उतर गए और उनका पर्स ट्रेन की सीट मे ही छूट गया और यात्री अपने घर पहुंच गया। घर पहुंचने पर जब उसने सामान की जांच की तो पता चला कि वह अपना पर्स जिसमें 10 हजार रुपये और कीमती डॉक्यूमेंट रखे थे वह तो ट्रेन मे ही छूट गया है। इतना देखते ही वह यात्री घबराते हुये तुरंत अपने निजी वाहन से कटनी रेलवे स्टेशन पहुंचा यहां पर उसने उप-स्टेशन अधीक्षक वाणिज्य के कार्यालय में पहुंच कर बताया कि वह संपर्प क्रांति एक्सप्रेस के बी 5 कोच की 21/22 नंबर सीट पर मथुरा से कटनी आ रहा था तथा कटनी मुंडवारा स्टेशन पर सुबह-सुबह उतर गया। घर पहुंचने की इस आपाधापी में उसका एक पर्स कोच में ही छूट गया है । यात्री की इस सूचना पर मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री नीतेश कुमार सोने ने संपर्प क्रांति के कंडक्टर को पर्स की जानकारी हेतु निर्देशित किया जिसपर कंडेक्टर श्री केशव बेरवा ने बर्थ पर जाकर देखा और पर्स वर्थ में मिलना बताया। जिस पर कटनी के उप स्टेशन अधीक्षक राजेन्द्र मीणा ने यात्री को बताया गया कि आपका पर्स जबलपुर में उतार लिया गया है। इस सूचना के बाद रेलवे ने जबलपुर से गाड़ी संख्या 19051 के कंडक्टर यशवंत द्वारा जबलपुर से कटनी वापस भेजा जिसे कटनी स्टेशन पर यात्री को लौटाया गया। यात्री अपने पर्स में बहुत कीमती डॉक्यूमेंट राशी दस हजार तीन सौ रुपए आदि पाकर बहुत खुश हुआ और रेल प्रशासन को तहे दिल से शुक्रिया अदा किया।

## गणतंत्र दिवस पर तीन नये कानूनों पर केंद्रित प्रदर्शनी लगाने के निर्देश

**जबलपुर।** राज्य शासन ने 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के जिला स्तर पर में आयोजित किये जा रहे कार्यक्रमों में आयोजन स्थल पर भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023, भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 एवं महिला सुरक्षा पर आधारित प्रदर्शनी लगाने के निर्देश दिये हैं। इस सबंध में राज्य शासन के गृह (पुलिस) विभाग ने सभी जिला कलेक्टरों को निर्देश जारी किये हैं। विदित हो कि संसद द्वारा हाल ही में पारित इन तीनों कानूनों का मुख्य उद्देश्य नागरिकों के मानवाधिकारों तथा महिलाओं एवं बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करना, पीड़ित केनद्रित न्याय तंत्र स्थापित करना, जटिल प्रकियाओं के सरलीकरण से आपराधिक न्याय प्रणाली को और सुगम तथा सुलभ बनाना है।

# इस सीजन का सबसे ठंडा दिन रहा सोमवार



**जबलपुर।** सर्द हवाओं की रफ्तार के आगे पारा धराशायी हो गया। इस सीजन में पहली बार पारा लुढ़ककर 6 डिग्री पर आ गया जो अब तक का इस सीजन में सबसे कम तापमान रहा। उत्तरी सर्द हवाओं के कारण औंधे मुंह नीचे गिरे पारे ने ठिठुरन बढ़ा दी है। दिन और रात का तापमान सामान्य से नीचे खिसक गया। ठण्ड ने एक बार फिर जमकर जोर मारा है, लेकिन शहर में अलाव की व्यवस्था नदारत है। मौसम विभाग के मुताबिक पारा अभी 1 डिग्री और नीचे आयेगा।

### ठण्ड में ठिठुरा शहर, पारा 6 डिग्री पर

एक हफ्ते तक पश्चिमी विक्षोप का प्रभाव हावी होने से पारा इतरा रहा था। जम्मू काश्मीर और हिमाचल में हुई भारी वर्षा और ओलावृष्टि के कारण उत्तरी सर्द हवाओं का फिर से आगमन हो गया, जिससे ठण्ड अपना असर दिखाने लगी है। तापमान में गिरावट का दौर शुरू हुआ। मौसम के अचानक तीखे मिजाज ने जनजीवन को प्रभावित कर रखा है। चारों तरफ से सर्द हवाओं का हमला हो रहा है। उत्तरी हवाओं ने तापमान की अकड़ ढीली कर दी। पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 23.08 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 1 डिग्री कम दर्ज किया गया, वहीं न्यूनतम तापमान 6.08 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 4 डिग्री कम दर्ज किया गया। हवा में नमी प्रातकाल 84 प्रतिशत और सायंकाल 47 प्रतिशत दर्ज की गई। सूर्येदय सुबह 6.53 बजे और सूर्यास्त शाम 5.51 बजे हुआ। उत्तरी पश्चिमी हवायें 4 से 5 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलीं। प्रदेश में सबसे ठण्डा जिला बिजारव (छत्तरपुर) में रहा जहां न्यूनतम तापमान 2.1 डिग्री पर पहुंच गया। अगले 24 घंटे के दौरान शीतलहर चलने व मौसम शुष्क रहने और तापमान में गिरावट आने की संभावना है। गत वर्ष आज के दिन अधिकतम तापमान 27.09 डिग्री और न्यूनतम तापमान 14.09 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था।

## शांत रहा शहर, लेकिन जाम ने किया परेशान

# सुरक्षा एक नम्बर, यातायात में विफल



**जबलपुर।** सोमवार को पूरे जिले में उत्साह का माहौल रहा। कहीं से किसी तरह के विवाद या अप्रीय घटना की खबर नहीं आए। सर्वधर्म एकता के नजारों के साथ पूरे जबलपुर में आयोजन हुये। पुलिस प्रशासन तीन दिन पहले से अलर्ट मोड पर रहा, जिससे असामाजिक तत्व दुबके रहे, वहीं शहरवासियों ने उत्साह के साथ श्री राम प्राण प्रतिष्ठा का जश्न मनाया। 24 लाख की आबादी वाले जिल में मामूली विवाद की घटना भी सामने न आना जहां पुलिस के लिये तारीफ की बात रही है। वहीं यातायात व्यवस्था बना पाने में पुलिस प्रशासन पूरी तरह विफल रहा। शहर के हर प्रमुख गली चौराहे पूरा दिन जाम की स्थिति से जूझता रहा। कहीं आयोजनकर्ताओं ने आधी सड़क तो कहीं पूरा चौराहा घेर लिया। जिससे राहगीर पूरे दिन परेशान रहे। सबसे खराब स्थिति मछली मार्केट से कमानिया और कमानिया से करमचंद और मालवीय चौक के मार्ग की रही। पुलिस ने पहले से कोई यातायात प्लान नहीं बनाया। जिससे यह मार्ग और इसके सहायक मार्ग पूरी तरह जाम हो गये। पूरा दिन यहां ट्रैफिक रेंगते नजर आया जिससे शहरवासियों के उत्साह फीका हुआ। कई जगह स्थिति यह बन गई कि आम व्यापारी और राहगीर ही ट्रैफिक पुलिस का काम करते नजर आए, क्योंकि पुलिस बल नदारद था। कुल मिलाकर सुरक्षा के लिहाज से व्यवस्था एक नम्बर थी, लेकिन टैफिक मेनेजमेंट में पुलिस पूरी तरह विफल थी।


### संवेदनशील क्षेत्रों में बनी अस्थाई चौकियां

शहर के सभी संदेवनशील क्षेत्रों में अस्थाई चौकियां बनाई गईं। वहीं सभी प्रमुख चौराहों पर पुलिस बल तैनात रहा। इसके अलावा पुलिस की गाड़ियां अहतियात के तौर पर संवेदनशील क्षेत्रों में गश्त करती नजर आईं। एसपी, एएसपी, सीएसपी, टीआई अपने अपने क्षेत्रों में पूरे दिन मैदान में नजर आए।

### नगर निगम की रही चाक-चौबंद व्यवस्था

प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर पूरे शहर में जगह-जगह धार्मिक अनुष्ठान एवं कार्यक्रम का सीधा प्रसारण संबंधी कार्यक्रम आयोजित किये गए। इसके अलावा जगह-जगह भगवान श्रीराम जी की पूजन अर्चन और भंडारे का आयोजन भी बड़े पैमाने पर शहर में आयोजन समिति के सदस्यों द्वारा किये गए। जहॉं पर नगर निगम प्रशासन की सभी व्यवस्थाएँ चाक चौबंद रही। निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव के निर्देशों का पालन करते हुए सभी निगम के अधिकारीगण भी अलर्ट मोड में नजर आए और शहर की साफ-सफाई व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था से लेकर अन्य सभी व्यवस्थाओं पर सतत रूप से निगरानी रखी जिसके कारण शहर भर में आयोजित सभी कार्यक्रम अच्छे से सम्पन्न होने पर आयोजन समिति के सदस्यगणों ने निगम प्रशासन द्वारा प्रदत्त सुविधाओं की सराहना की है। निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने प्राण प्रतिष्ठा के ऐतिहासिक क्षण की साक्षी बनने और निगम प्रशासन की व्यवस्थाओं में साकारात्मक सहयोग प्रदान करने के लिए आभार प्रगट करते हुए सभी सम्माननीय जनों को शुभकामनाएँ एवं बधाईयॉं दी हैं।




जोड़ों के दर्द के लिए नए-नए प्रयोग छोड़ो सबसे विश्वसनीय डा. ऑर्थो तेल से नाता जोड़ो
Dr. Juneja's डा.ऑर्थो®
Ayurvedic Oil, Capsules, Spray & Ointment
क्या आप जानते हैं? बेहतर परिणाम के लिए डा. ऑर्थो तेल को जानू बस्ती थेरेपी में इस्तेमाल करने का तरीका
जानू बस्ती थेरेपी क्या है
वैसे तो घुटनों में दर्द के उपचार के लिए अनेकों प्रकार की दवाइयां, थेरेपी एवं सर्जरी के विकल्प मौजूद हैं, लेकिन इन्हीं में से एक है जानू बस्ती थेरेपी, जोकि ख़ासतौर पर घुटनों में होने वाले दर्द की समस्या को ठीक करने में सहायता करती है।
जानू बस्ती थेरेपी कैसे करनी चाहिये
इस थेरेपी को करने के लिए रोगी को सीधा लेटाया जाता है। फिर बेसन या चने के आटे को पर्याप्त मात्रा में पानी के साथ गूँथ लें, घुटनों के चारों ओर गुंथे हुए आटे की मोटी दीवार बनाएं। इसके बाद डा. ऑर्थो आयुर्वेदिक तेल को अच्छी मात्रा में इसमें भरें। रोगी स्थिर रहें एवं 15 से 20 मिनट तक डा. ऑर्थो तेल ऐसे ही भरा रहने दें। बेहतर परिणाम के लिए इस तेल को दोबारा प्रयोग में न लाएं एवं नए तेल का प्रयोग करें।
जानू बस्ती थेरेपी कैसे काम करती है
आयुर्वेद में तेल को वात दोष शांत करने के लिए सबसे महत्वपूर्ण घटक माना जाता है। यह वात दोष के कारण पैदा होने वाली जोड़ों की तकलीफों को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस पद्धति में डा. ऑर्थो आयुर्वेदिक तेल को अच्छी मात्रा में घुटनों पर स्थिर रखा जाता है और इस तुलना में यह घुटनों के ऊतकों में प्रवेश कर गतिशीलता बढ़ाने में सहायता करता है। बार-बार ऐसा करने पर जोड़ों के ऊतकों को बल मिलता है। यह प्रक्रिया हर सप्ताह एक से दो बार की जा सकती है।


24x7 Helpline: 78769 77777 | www.drorthooil.com
Available at all medical & general stores

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240